दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 6 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, बुधवार, 18 फरवरी 2026 कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 300 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पाकिस्तान हमेशा भारत को यह कहकर चुनौती देता रहा है कि अब मारा तो मारा, अब मार के देख। भारत फिर मारता है और उसे उसकी दो कौड़ी की औक़ात दिखाता है। फिर वह चाहे जंग का मैदान हो या खेल का मैदान। टी ट्वंटी वर्ल्ड कप के तथाकथित महा मुकाबले में भारत ने पिद्दी पाकिस्तान के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज कर यह साबित कर दिया कि बाप आखिर बाप होता है। पाकिस्तानी क्रिकेटर अब सोच रहे होंगे कि भारत के हाथों इतनी बुरी तरह से मार खाने से तो यही बेहतर होता कि वे इस मुकाबले का बहिष्कार ही कर देते।

फ्रांस के राष्ट्रपति को मुंबई बहुत पसंद आई, समुद्र किनारे मरीन ड्राइव पर अलग अंदाज में दिखे मैक्रों

डील से पहले मिले दिल

- पीएम मोदी ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की फोटो शेयर की
- मुंबई में अपने दोस्त, राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर बहुत खुशी हुई: मोदी
- भारत दौरे में मैक्रों दिल्ली के एआई इम्पैक्ट समिट में भी होंगे शामिल

मुंबई(ए.)। तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले तो मुंबई की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'अपने दोस्त' संग मुलाकात की एक तस्वीर के साथ लिखा, मुंबई में अपने दोस्त, राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर बहुत खुशी हुई! उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें यह शहर बहुत पसंद है और आज सुबह उन्होंने अपनी दौड़ (जॉगिंग) का भी आनंद लिया! मैक्रों मंगलवार तड़के आर्थिक राजधानी पहुंचने के कुछ देर बाद ही मैक्रों समुद्र किनारे मरीन ड्राइव पर अलग अंदाज में दिखे। उनके साथ फर्स्ट लेडी ब्रिगिट मैक्रों भी थीं। मुंबई में अपने दोस्त, राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर बहुत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फिल्म कलाकरों से मुलाकात

महाराष्ट्र के गवर्नर आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई एयरपोर्ट पर मैक्रों का सुबह स्वागत किया था। बाद में फर्स्ट लेडी के साथ राष्ट्रपति मैक्रों ने मुंबई टेरर अटैक के पीड़ितों को ताज में श्रद्धांजलि भी दी। इसके बाद वो मुंबई में कई बॉलीवुड स्टार्स से भी मिले। इनमें मनोज बाजपेयी, अनिल कपूर, शबाना आजमी, जोया अख्तर और ऋचा चड्ढा जैसे कलाकार शामिल थे।

राष्ट्रपति मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा

दोनों नेता शाम को भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर 2026 का उद्घाटन करेंगे। मोदी और मैक्रों उद्योगपतियों, स्टार्टअप फाउंडर्स, रिसर्च एक्सपर्ट्स, और इनोवेशन से जुड़े लोगों को संबोधित भी करेंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान मैक्रों दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट में भी शामिल होंगे। यह राष्ट्रपति मैक्रों का भारत का चौथा दौरा है और मुंबई में उनका पहला आधिकारिक दौरा है। इससे पहले वो मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। फिर वो सितंबर 2023 में जी20 सम्मेलन के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है, और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

एनवीडिया भारत की कई कंपनियों के साथ मिलकर एआई ढांचा और सॉफ्टवेयर में कर रहा बड़ा निवेश

देश में एआई में दो सालों में आएगा 200 अरब डॉलर का निवेश : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि आने वाले दो वर्षों में भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की पांचों परतों में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश आने की उम्मीद है। जोखिम पूंजी कंपनियां गहन तकनीक स्टार्टअप्स, बड़े समाधान और अनुप्रयोगों, अत्याधुनिक मॉडल्स पर शोध और बुनियादी ढांचा और ऊर्जा परतों में निवेश कर रही हैं। इस मौके पर केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे।

एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनसन हुआंग के सम्मेलन में शामिल न होने पर वैष्णव ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से आने में असमर्थता जताई, लेकिन अपनी वरिष्ठ टीम को भेजा है। एनवीडिया भारत की कई कंपनियों के साथ मिलकर एआई ढांचा और सॉफ्टवेयर के बड़े निवेश कर रहा है।

भारत अपने मजबूत आईटी सेक्टर में कर रहा

तकनीकी बदलाव: केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत अपने मजबूत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनेगा भारत

केंद्रीय मंत्री ने यहां भारत मंडपम में एक सत्र में कहा कि भारत की एक बड़ी ताकत यह है कि देश की 51 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह संभव हुआ है। एआई के लिए ऊर्जा परत में निवेश का यह बड़ा लाभ भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

एआई का इस्तेमाल अच्छे कार्यों के लिए

उन्होंने एआई के संभावित खतरों को बताते हुए कहा कि वैश्विक नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बन रही है कि एआई का इस्तेमाल अच्छे कार्यों के लिए होना चाहिए और इसके हानिकारक प्रभावों को रोकना जरूरी है। इसके लिए केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि तकनीकी और कानूनी दृष्टिकोण अपनाना होगा। भारत का कृत्रिम बुद्धिमत्ता सुरक्षा संस्थान कई शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर ऐसे तकनीकी समाधान तैयार कर रहा है, जो एआई के दुष्प्रभावों को रोक सकें।

एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी रफ्तार भारत में जुड़ेंगे 20,000 नए जीपीयू

■ डीपफेक पर कड़े रेगुलेशन और पार्लियामेंट में आम सहमति बनाने की जरूरत

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत में 20,000 और जीपीयू जुड़ने की उम्मीद है, जिससे कुल उपलब्ध कैपेसिटी मौजूदा 38,000 जीपीयूसे ज़्यादा हो जाएगी, जिसका मकसद देश के एआई कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करना है। एक जीपीयूया ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट एक पावरफुल कंप्यूटर चिप है जो मशीनों को तेज़ी से सोचने, इमेज प्रोसेस करने, एआई प्रोग्राम चलाने और मुश्किल कामों को रेगुलर प्रोसेसर की तुलना में ज़्यादा अच्छे से संभालने में मदद करती है।

38,000 से ज़्यादा हाई-एंड जीपीयू शामिल: इंडिया एआई मिशन के तहत, 38,000 से ज़्यादा हाई-एंड जीपीयू शामिल किए गए हैं और ये ■ शेष पृष्ठ 8 पर

तारिक रहमान ने बांग्लादेश के पीएम पद की ली शपथ

■ 25 मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को नई कैबिनेट में मिली जगह

ढाका/ए.। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। बांग्लादेश को कई वर्षों के बाद पुरुष पीएम मिला है। तारिक रहमान की कैबिनेट में 25 मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को जगह मिली है।

कैबिनेट में डॉ. खलीलुर रहमान को विदेश मंत्री, शमा ओबैद को विदेश राज्य मंत्री, अमीर खसरू महमूद को वित्त और योजना मंत्री, सलाउद्दीन अहमद को गृह मंत्री, अब्दुल अवल मिंटू को पर्यावरण और वानिकी मंत्री और खंडुकर अब्दुल मुक्तदिर को वाणिज्य मंत्री के तौर पर शामिल किया गया है। नेशनल पार्लियामेंट के साउथ प्लाजा में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नई सरकार के कैबिनट में शामिल होने वाले मंत्री

बांग्लादेश की नई सरकार के कैबिनट में शामिल होने वाले 25 मंत्रियों की लिस्ट में मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर, अमीर खसरू महमूद चौधरी, सलाहुद्दीन अहमद, इकबाल हसन महमूद टुकू, हाफिज उद्दीन अहमद बीर बिक्रम, अबू जफर एमडी जाहिद हुसैन, अब्दुल अवल मिंटू, काजी शाह मोफज्जल हुसैन कैकोबाद, मिजानुर रहमान मीनू, निताई रॉय चौधरी, खंडाकर अब्दुल मुक्तदिर, अरिफुल हक चौधरी, जहीर उद्दीन स्वपन, अफरोजा खानम रीटा, एमडी शाहिद उद्दीन चौधरी एनी, असदुल हबीब दुलु, एमडी असदुज्जमान, जकारिया ताहिर, दीपेन दीवान, एएनएम एहसानुल हक मिलन, सरदार एमडी सकावत हुसैन, फकीर महबूब अनम, शेख रोबिउल आलम, मोहम्मद अमीन उर रशीद, और खलीलुर रहमान का नाम शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

वैश्विक सम्मेलन में कुप्रबंधन सरकार की अक्षमता : खरगे

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है। श्री खरगे ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत की डिजिटल और एआई क्षमताओं को प्रदर्शित करने का यह एक शानदार अवसर था।

आज भारत आएंगे ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा

नई दिल्ली (वार्ता)। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा बुधवार को भारत की पांच यात्रा पर यहां पहुंच रहे हैं और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक समझौते करेंगे। श्री दा सिल्वा भारत की सरकारी यात्रा पर आएंगे और वह भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए वार्ता करेंगे।

सिंगल फेज में हो सकता है असम विधानसभा चुनाव

गुवाहाटी/नई दिल्ली(ए.)। असम विधानसभा के चुनाव अप्रैल के पहले हफ्ते में हो सकते हैं। चुनाव आयोग इसका ऐलान अगले महीने 4 से 8 मार्च के बीच कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सभी 126 सीटों के लिए एक या अधिकतम दो फेज में वोटिंग होने की संभावना है। मंगलवार को भाजपा, कांग्रेस सहित राज्य की छोटी-बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव आयोग के साथ बैठक में इसकी मांग रखी है।

'द रामेश्वरम कैफे' की फ्रेंचाइजी दिलाने कारोबारी से 56.26 लाख रुपये की ठगी

■ कंपनी प्रतिनिधी बनकर 11 किश्तों में ट्रांसफर कराए पैसे, फोन बंद कर फरार, एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में 'द रामेश्वरम कैफे' की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर एक कारोबारी से 56.26 लाख रुपए की ठगी की गई है। पीड़ित कारोबारी की शिकायत पर गंज पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताकर अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कराया और मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस ने आरोपी राघवेन्द्र राव, सह संस्थापक दिव्या राघवेन्द्र राव, हेड ऑफ डिपार्ट सौरभ अग्रवाल और पब्लिक रिलेशन मैनेजर डी राजकुमार तिवारी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गंज पुलिस के अनुसार, साईं नगर जेल रोड निवासी व्यवसायी आशीष तिवारी ने शिकायत में बताया कि, 3 जनवरी 2026 को मोबाइल नंबर 9583972865 और 9556434211 से कॉल कर आरोपी ने खुद को द रामेश्वरम कैफे की मालिक कंपनी अल्ट्रन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधि बताया। आरोपियों ने रायपुर में फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर कई मदों के नाम पर अलग-अलग तिथियों में रकम जमा कराई। 15 जनवरी को लोकेशन लॉक करने के नाम पर 1.65 लाख, 21 जनवरी को फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट के नाम पर 3.75 लाख, 22 जनवरी को एनओसी के लिए 2.25 लाख, 23 जनवरी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ शासन ने बात करने और अपना पक्ष रखने मांगा समय, एनएचएआई को मिला वक्त

14 साल बाद किसानों को सुप्रीम कोर्ट से मिली उम्मीद

■ एनएचएआई ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

रायपुर/बिलासपुर। वर्ष 2012 से बिलासपुर-रायपुर फोरलेन और सिक्स लेन प्रोजेक्ट के कारण अपनी कीमती जमीन गंवाने वाले किसानों को 14 साल के लंबे कानूनी संघर्ष के बाद अब न्याय की उम्मीद जगी है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपंकर दत्ता और जस्टिस सतीश शर्मा की खंडपीठ के समक्ष हुई सुनवाई में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्वीकार किया कि मुआवजा वितरण में कुछ विसंगतियां हैं और उनमें सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार से भी इस संबंध में बात करने और अपना पक्ष रखने के लिए समय मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी दलील को स्वीकार करते हुए समय प्रदान किया।

किसानों को कम मुआवजा देना अनुचित: 12 साल से चल रहा कानूनी संघर्ष यह मामला 2012 से लगातार न्यायालय में विचाराधीन है। इस दौरान दो बार मध्यस्थ (आर्बिट्रेटर), दो बार जिला जज और एक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मामला पिछले 12 वर्षों से लंबित

लंबित मामलों पर याचिकाकर्ताओं की दलीलें याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता प्रणव सचदेवा और सुदीप श्रीवास्तव ने न्यायालय को अवगत कराया कि यह मामला पिछले 12 वर्षों से लंबित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नए मार्गदर्शिका

सिद्धांत केवल नए मामलों पर लागू होंगे, पुराने मामलों पर नहीं। अन्य याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने भी मामले के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई और छत्तीसगढ़ सरकार के अधिवक्ताओं के कथनों पर विचार करने के लिए समय देने का निर्णय लिया।

क्रिकेट जगत: पूर्व 14 अंतर्राष्ट्रीय कप्तानों ने पाकिस्तान शहबाज सरकार को लिखा पत्र, इनमें कोई पाकिस्तानी नहीं

दुनियाभर के दिग्गजों की पाक सरकार से अपील- इमरान का हो इलाज

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और 1992 विश्व कप विजेता कप्तान इमरान खान को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में चिंता बढ़ गई है। 73 वर्षीय इमरान की बिगड़ती सेहत की खबरों के बीच दुनिया के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार को एक संयुक्त पत्र लिखकर उन्हें तत्काल और उचित चिकित्सा सुविधा देने की मांग की है। हालांकि, आश्चर्य की बात तो यह है कि इस लिस्ट में एक भी पाकिस्तानी कप्तान नहीं है।

इन 14 पूर्व कप्तानों में भारत के महान सुनील गावस्कर और कपिल देव भी शामिल हैं। इन सभी 14 दिग्गज कप्तानों ने इमरान की बिगड़ती सेहत पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ■ शेष पृष्ठ 8 पर

किन-किन दिग्गजों ने किए हस्ताक्षर?

इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में भारत के सुनील गावस्कर और कपिल देव के अलावा ग्रेग चैपल, बेलिंडा क्लार्क, माइकल एथरटन, नासिर हुसैन, इयान चैपल, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रियरले, डेविड गावर, किम ह्यूज, क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ और जॉन राइट शामिल हैं। गौर करने वाली बात यह है कि इस सूची में किसी भी पूर्व पाकिस्तानी कप्तान का नाम नहीं है।

पत्र में क्या कहा गया?

पत्र में पूर्व कप्तानों ने लिखा है, 'हम, अपने-अपने देशों की राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के पूर्व कप्तान, इमरान खान की हिरासत और उनके साथ हो रहे व्यवहार को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। इमरान खान विश्व क्रिकेट के महानतम ऑलराउंडरों और कप्तान में से एक रहे हैं। उन्होंने 1992 विश्व कप में पाकिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिलाई, जो खेल भावना और नेतृत्व का प्रतीक थी।' आगे कहा गया, 'हालिया रिपोर्टों में उनकी सेहत, खासकर दृष्टि कमजोर होने की खबरें बेहद चिंताजनक हैं। हम पाकिस्तान सरकार से आग्रह करते हैं कि उन्हें तत्काल, पर्याप्त और विशेषज्ञ चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, हिरासत की स्थिति मानवीय और गरिमापूर्ण होनी चाहिए।'

राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस रद्द

बेंगलुरु(ए.)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को रद्द कर दिया। यह मामला 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले '40% कमीशन' वाले कांग्रेस के विज्ञापनों को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था। 'करप्शन रेट कार्ड' वाले इस विज्ञापन को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद भाजपा नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान विज्ञापनों में तत्कालीन मुख्यमंत्री समेत भाजपा नेताओं पर कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया।

अमेरिका में पकड़ा गया भारतीय चाइल्ड रेपिस्ट, 13 साल के बच्चे का यौन शोषण

■ आरोपी की पहचान वोदेला यशस्वी कोट्टापल्ली के रूप में हुई

वाशिंगटन/ए.। अमेरिका में एक भारतीय व्यक्ति को 13 साल से भी कम उम्र के बच्चे के साथ कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट ने बताया कि आरोपी की पहचान वोदेला यशस्वी कोट्टापल्ली के रूप में हुई है। आईसीई के अनुसार, कोट्टापल्ली अमेरिका में अवैध रूप से रह रहा था और उसके खिलाफ अमेरिकी इमिग्रेशन कानून के तहत देश से बाहर निकालने की कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं

उस पर दुकान से चोरी (शॉपलिफ्टिंग) और सार्वजनिक अव्यवस्था फैलाने के आरोप भी हैं। आईसीई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा, भारत का आपराधिक अवैध प्रवासी वोदेला यशस्वी कोट्टापल्ली न्यू जर्सी में यौन उत्पीड़न और चोरी के मामलों का सामना कर रहा है। निर्वासन (देश से निकालना) की प्रक्रिया पूरी होने तक उसे हिरासत में रखा जाएगा।

संक्षिप्त खबर

दसवीं के छात्र छात्राओं को दी गई विदाई

काँकेर/नवप्रदेश। शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा प्रैक्टिसिंग में कक्षा दसवीं के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं मांझापारा महादेव वार्ड के नगरिक गण उपस्थित रहे। प्राचार्य पीके विश्वास, मुख्य अतिथि गोपाल जैन प्रार्चाय तारसगांव एवं श्रीमती पूनम सिंह संतानु कलिहारी तुफैल अहमद रिजवी के उपस्थिति में 10वीं के विद्यार्थियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया और पूरे वर्ष की गतिविधियों के आधार पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। बच्चों ने विद्यालय को स्मृति चिन्ह भेंट किया और सभी से आशीर्वाद लिया। विदाई कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित हुए।

अल्पदृष्टि बाधित बच्चे अब पढ़ सकेंगे पुस्तक, 442 बच्चों को दिए चश्मे

काँकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न शालाओं में अध्ययनरत 442 अल्पदृष्टि बाधित बच्चों को चश्मा वितरण किया गया। इन सभी बच्चों को समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर कार्यरत बी.आर.पी. व स्पेशल एजुकेटर के सहयोग से आंकलन शिविर के माध्यम से बच्चों का ऑखों का जांच कराकर बच्चों को चश्मा वितरण किया गया। अब ये दिव्यांग बच्चे भी आसानी से पुस्तक पढ़ व लिख सकेंगे तथा अपना दैनिक जीवन के क्रियाकलाप आसानी से कर सकेंगें। चश्मा वितरण हेतु बच्चों के चयन के लिए जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय में आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों का चिन्हांकन कर विशेषज्ञ डाक्टरों के द्वारा आंखो की जांच किया जाकर चश्मा का नम्बर लिया गया। ऐसे बच्चे जिनके आंखों की जांच नहीं हो पाया, ऐसे अल्पदृष्टि बच्चों का जिला चिकित्सालय में जांच कराया गया तथा सभी पात्र बच्चों के लिए जिला प्रशासन व समग्र शिक्षा के माध्यम से चश्मा उपलब्ध कराया गया। चश्मा पाकर खुशी जाहिर करते हुए भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्रा कु.सोनिका भण्डारी ने बताया कि मुझे पुस्तक पढ़ने-लिखने में बहुत परेशानी होती थी अब चश्मा मिलने पर मैं आसानी से पुस्तक पढ़ व आसानी से लिख सकती हूँ अभी बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने में कोई परेशानी नहीं होगी।

लतीफ ने किया अपना 31वाँ रक्तदान

काँकेर/नवप्रदेश। रमजान शुरू होने से पहले शहर के लतीफ़मेमन ने जिला अस्पताल में भर्ती मरीज़ को एबी पोजिटिव रक्त दान कर अपना 31वाँ रक्तदान किया। लतीफ़मेमन विगत 12 वर्षों से रक्तदान जैसे पुण्य कार्य कर स्वास्थ्य सेवा करते आ रहे हैं। 31वाँ रक्तदान कर चुके मेमन ने बताया कि जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से मुझे मरीज़ विनोद जैन उम्र 55 वर्ष ग्राम सिदेसर मरीज़ को रक्तदान की खबर मिली मैने तत्काल स्वेच्छा से आकर मरीज़ को रक्तदान कर दिया। क्योंकि कल से मुस्लिम समाज का पवित्र महीना रमजान शुरू हो रहा है। उपवास के दौरान हम रक्तदान नहीं कर सकते हैं। इसलिए पवित्र महीना रमजान के उपलक्ष्य में रक्तदान से शुरुआत करना मेरे लिए खुशनसीबी है।

'अब आंदोलन तय' - कस्तूरबा गांधी छात्रावास मामले में आम आदमी पार्टी की अंतिम चेतावनी

नारायणपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी युवा विंग के जिलाध्यक्ष किशोर पोयाम ने अबूझमाड़ मुख्यालय ओरछा स्थित कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास में पूर्व अधीक्षिका श्रीमती शांति उसेंडी की पुनः पदस्थापना को लेकर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा है कि अब आंदोलन तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में गंभीर शिकायतों, छात्रावास में अनियमितता, बालिकाओं के साथ दुर्व्यवहार तथा राशन गड़बड़ी के मामलों के बाद प्रशासन द्वारा हटाई गई अधीक्षिका को पुनः उसी छात्रावास में पदस्थ करना प्रशासनिक निर्णय पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बालिकाओं की सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ है। किशोर पोयाम ने कहा कि आम आदमी पार्टी लगातार प्रशासन को शिकायत एवं ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराती रही है, लेकिन यदि अब भी आदेश निरस्त नहीं किया गया तो पार्टी चुप नहीं बैठेगी।

25 साल से फरार 3 वारंटी को महाराष्ट्र से पकड़कर लाई पुलिस

- **गढ़चिरौली में रह रहे थे तीनों फरार आरोपी**
- **हत्या लूट आगजनी के मामले में थे फरार**

काँकेर/नवप्रदेश। थाना पखांजूर पुलिस ने 25 वर्षो से फरार स्थायी वारंटी को थाना पखांजूर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। फरार वारंटीयो के खिलाफहत्या लूट और आगजनी के मामले थाना पंखाजूर पुलिस में दर्ज हैं।थाना पखांजूर के अपराध क्रमांक 53/2002, 124/2007, 10/2005, 125/2007 के अपराध क्रमांक 53/2000, 124/2024 शामिल है।

पुलिस ने बताया कि पुलिस कप्तान निखिल अशोक राखेचा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर राकेश कुर्रे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर के मार्गदर्शन में रवि कुजूर अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पखांजूर एवं थाना पखांजूर द्वारा फरार वारंटियो की पता तलाश के लिए टीम गठित कर पता तलाश किया जा रहा था कि 15 फ़रवरी 2026 को मुखबीर सूचना के आधार पर फरार वारंटी के घर आने की सूचना पर घेराबंदी कर महदू राम उर्फ महादेव पिता कुले राम पद्दा उम्र 37 वर्ष ग्राम रूपेनकट्टा थाना धनोरा जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र, शंकर लाल गुमराह पिता सीताराम उम्र 47 वर्ष ग्राम बोटेहुर थाना धनोरा जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र, सुकदेव उर्फ सुकचरण उर्फ सुंगदेर टेकाम पिता गान्डकु टेकाम उम्र 46 वर्ष बोटेहूर थाना धनोरा जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र को अभिरक्षा में लेकर माननीय न्यायिक मजिस्टेट भानुप्रतापपुर कांकेर में पेश किया गया, माननीय न्यायालय के आदेश पर तीनो फरार आरोपीगणों को जिला जेल कांकेर दाखिल किया गया। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक लक्ष्मण केवट थाना प्रभारी पखांजूर उनि.विजय कुलदीप महिला प्रधान आरक्षक ज्योति साहू, विश्वनाथ नाग, प्रवीण मण्डावी, नोहर सिन्हा अभिषेक साहू की भूमिका अहम थी।

सौंदर्यीकरण के दावों के बीच दम तोड़ता कुआं

कोरिया /नवप्रदेश। एक ओर बैकुंठपुर नगर पालिका शहर के विभिन्न स्थानों पर कुओं का सौंदर्यीकरण कर लाखों रुपए खर्च कर रही है जहा चल रहे कार्यो में मॉनिटरिंग के अभाव में गुडवत्ता की अनदेखी हैं वहीं दूसरी ओर मानस भवन के पास स्थित एक पुराना कुआं बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। कभी इस कुएं से आसपास के लोगों को पानी मिलता था, लेकिन आज यह कुआं मलबे और कचरे से पूरी तरह पाट दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदारों की नजर इस ओर अब तक नहीं पड़ी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार मानस भवन के पास स्थित यह कुआं कभी इलाके का प्रमुख जलस्रोत था। गर्मी के दिनों में भी यहां पानी उपलब्ध रहता था। लेकिन धीरे-धीरे इसकी अनदेखी होती गई और अब हालत यह है कि कुएं में

मलबे और कचरे में पटा जलस्रोत!

पानी की जगह मलबा, प्लास्टिक और घरेलू कचरा भरा हुआ है।

नगर पालिका द्वारा शहर के अन्य कुओं का सौंदर्यीकरण कर उन्हें आकर्षक रूप दिया जा रहा है, लेकिन इस कुएं की सफाई और संरक्षण को लेकर कोई पहल नजर नहीं आ रही। सवाल उठता है कि क्या सौंदर्यीकरण सिर्फ दिखावे के लिए है ! स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इस कुएं की सफाई कर पुनर्जीवित किया जाए तो यह जल संकट के समय एक उपयोगी स्रोत बन सकता है। साथ ही खुले पड़े मलबे से बदबू भी आती है।

अब देखना होगा कि बैकुंठपुर नगर पालिका इस उपेक्षित कुएं की ओर कब ध्यान देती है। और कब इसके सौंदर्यीकरण का काम शुरू हो पाता है और क्या यह कुआं भी कभी फिर से जलस्रोत के रूप में जीवित हो पाएगा या यूं ही मलबे में दबा रह जाएगा – यह आने वाला समय ही बताएगा।

नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र से लोगों को मिल रहा नया जीवन

बलरामपुर/नवप्रदेश। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र नशे की लत से ग्रस्त लोगों को नई दिशा दे रहा है, साथ ही उनके जीवन को सकारात्मक रूप से बदलने का सशक्त माध्यम भी बन रहा है।

कई लोग गलत संगति के कारण शराब, गांजा, भांग, बीड़ी-सिगरेट, गुटखा एवं तंबाकू जैसे अनेक नशीले पदार्थों की लत में फँस जाते हैं। नशे की वजह से उनका पारिवारिक और सामाजिक जीवन बुरी तरह प्रभावित होता है। साथ ही मानसिक रूप से आर्थिक तंगी और सामाजिक तानों का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र ने कई परिवारों के जीवन को नई दिशा दी है। नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और युवाओं को पुनः मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नशा मुक्ति केंद्र में निर्धारित दिनचर्या अनुसार गतिविधियां कराई जाती है। केंद्र में समय-समय पर विशेष स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। चिकित्सकों की टीम द्वारा उपचाराधीन लोगों का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण और उन्हें बेहतर जीवन जीने हेतु परामर्श भी दिया जाता है। चिकित्सकों द्वारा समझाईश दी जाती है कि नशा से पाचन तंत्र, हृदय और लिवर पर सर्वाधिक असर पड़ता है।

मांगों को लेकर प्लेसमेंट कर्मचारियों ने की सीएमओ से मुलाकात

- **पालिका के इतिहास में पहली बार होगी त्रिपक्षीय बैठक**

काँकेर/नवप्रदेश। नगर पालिका कांकेर के प्लेसमेंट कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने आज अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नगर पालिका कांकेर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष से मुलाकात कर अपनी मांगों को अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया।

आज जारी एक प्रेस बयान में छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन के कांकेर इकाई के अध्यक्ष राकेश बिछिया और महासचिव दिलीप साहू ने उक्त आशय की जानकारी दी।

यूनियन नेताओं का प्रमुख मांग था कि सीएमओ की उपस्थिति में कर्मचारियों के साथ नियोक्ता की बैठक आयोजित कराया जाय, क्योंकि नियोक्ता या उसके कोई भी प्रतिनिधि मौके पर उपलब्ध नहीं रहते है जिसके कारण कर्मचारियों को अपनी समस्या से नियोक्ता को कभी भी अवगत नहीं करा पाते है और ठेकेदार अपनी मन मर्ज़ी करते रहते है।यूनियन नेताओं का आरोप था कि ठेकेदार प्लेसमेंट कर्मचारियों को गुलाम समझते है।ठेकेदार को सिर्फ हम कर्मचारियों के वेतन का कमीशन से मतलब रखते है उनकी कर्मचारियों के प्रति जो जिम्मेदारी है उसे वे पूरा नहीं करते है।

उन्होंने कहा कि यूनियन के शिकायत के बाद ठेकेदार ने कर्मचारियों को ई एसआई कार्ड वितरित किया था जो त्रुटिपूर्ण था,जिसे ठेकेदार द्वारा 7 दिवस के भीतर सुधार कर कर्मचारियों को वितरित करना था।लेकिन 3 माह बाद भी उसमें कोई सुधार नहीं हुआ है।यह कर्मचारियों के प्रति ठेकेदार की लापरवाही को ही दिखाता है।

नेताओं ने सीएमओ और पालिका अध्यक्ष से कहा कि प्लेसमेंट कर्मचारियों के वेतन भुगतान अभी भी निश्चित तिथि पर नहीं किया जाता है।15 से 20 दिन बाद वेतन का भुगतान होने पर एक अनिश्चयरा की स्थिति कर्मचारियों में बनी रहती है और आर्थिक संकटों का भी सामना करना पड़ता है।

महाविद्यालय में सेमिनार का हुआ आयोजन

काँकेर/नवप्रदेश। शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय काँकेर में मनोविज्ञान विषय पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार उद्घाटन अवसर के मुख्य अतिथि काँकेर जिले के कलेक्टर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.पल्लवी क्षीरसागर तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ.ओ.पी.मिश्रा प्राचार्य शिक्षा महाविद्यालय कांकेर थे। सेमिनार में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ.चेतन पटेल प्राचार्य पीजी कॉलेज काँकेर एवं टी.आर.साहू, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी थे। तथा डॉ. पूर्वा शर्मा विषय प्रभारी थीं।कार्यक्रम का स्वागत डॉ.ओपी.मिश्रा प्राचार्य शिक्षा महाविद्यालय काँकेर द्वारा दिया गया। उन्होंने अवगत कराया कि इस महाविद्यालय में जो भी सुविधाएं प्राप्त हुई हैं वो ज़िला प्रशासन एवं कलेक्टर के द्वारा

प्राप्त हुई है। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षण से सम्बंधित कुछ आवश्यक सामग्रियों की आवश्यकता की ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट किया। कलेक्टर ने अपने सम्बोधन में महाविद्यालय में आयोजित सेमिनार की प्रशंसा करते हुए इस संस्था को आवश्यक सामग्री पूर्ति का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिले में कुछ फंड होते हैं जिसे शिक्षा एवं स्वास्थ्य के आवश्यक कार्यों में खर्च किया जाता है। विशिष्ट अतिथि डॉ.पल्लवी क्षीरसागर ने पूरे कार्यक्रम की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। विषय प्रभारी डॉ.पूर्वा शर्मा, सहायक प्राध्यापक ने मनोविज्ञान विषय पर सेमिनार के महत्व को रेखांकित करते हुए ,तनाव, आत्म-हत्या, लैंगिक उत्पीड़न जैसे संवेदनशील तथ्यों को विस्तार से रेखांकित किया।

योजना का लाभ लेकर सीमा बनी बिजली उपभोक्ता से ऊर्जादाता

- **सब्सिडी से सोलर पैनल लगवाना हुआ आसान**

बलरामपुर/नवप्रदेश। शासन की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेकर लोग बिजली बिल के बोझ से मुक्त होने के साथ बिजली बेचकर ऊर्जादाता के रूप में नई पहचान भी बना रहे हैं। बलरामपुर जिले अंतर्गत ग्राम नवकी निवासी श्रीमती सीमा द्विवेदी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेकर अपने घर की छत पर 3

किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया है, जिससे उनको बिजली बिल से मुक्ति मिली है।

उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मिली सब्सिडी से सोलर पैनल लगवाना काफी आसान हो गया है। 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सोलर प्लांट पर केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार रुपये तथा राज्य सरकार से 30 हजार रुपये कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस सब्सिडी के कारण आम नागरिक भी आसानी से सौर ऊर्जा को अपना पा रहे हैं। श्रीमती सीमा बताती हैं कि सोलर पैनल लगवाने से पहले उनका मासिक बिजली बिल हजारों रुपए के बीच आता था। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। वे कहती हैं कि पहल हम बिजली के उपभोक्ता थे, लेकिन अब योजना का लाभ लेकर ऊर्जादाता बन गए हैं।

जिला पंचायत सीईओ नाहटा ने ग्राम पंचायत कौरगांव, तुमरी गुण्डा एवं चेरपाल का किया निरीक्षण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आज कौरगांव, तुमरी गुण्डा तथा चेरपाल ग्राम पंचायतों का जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस मौके पर उन्होने सबसे पहले निर्माणाधीन आवासों का अवलोकन कर कार्य की गुणवत्ता एवं गति का आकलन किया गया। तथा जिन हितग्राहियों के आवास अपूर्ण पाए गए, उन्हें शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं तकनीकी सहायकों को भी निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके पश्चात उन्होंने स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और बच्चों की सुविधाओं, कक्षाओं की स्थिति तथा निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने हेतु शिक्षकों को हिदायत दी। अपने इस निरीक्षण भ्रमण में सीईओ ने उपस्थितों से कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। इस क्रम में सीईओ ने ग्राम तुमरीगुण्डा में संचालित आधार पंजीयन शिविर का भी निरीक्षण किया गया और शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई तथा आधार पंजीयन प्रक्रिया को सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों को विकास कार्यों में लापरवाही न बरतने तथा शासन की योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया।

सात दिवसीय एनएसएस शिविर का कोकपुर में हुआ समापन

काँकेर/नवप्रदेश। भानुप्रताप देव शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज हेतु युवा ग्राम कोकपुर में सम्पन्न हुआ।

समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के धेय से आयोजित संयुक्त सात दिवसीय शिविर 10 फरवरी से16 फ़रवरी 2026 तक ग्राम कोकपुर में संचालित किया गया। शिविर की कार्यक्रम का समापन दोपहर 3:00 पीएम से किया गया। समापन सत्र में महेश जैन जिला अध्यक्ष भाजपा मख्य अतिथि रहा।अध्यक्षता डॉ.(प्रो.) अर्चना सिंह आइक्यूएसी प्रभारी अध्यक्ष भानुप्रताप देव पीजी कॉलेज कांकेर ने किया। श्रीमती निशा दुग्गा सरपंच ग्राम पंचायत कोकपुर चुनेश्वर जैन उपसरपंच टाकेश्वर शंकर जैन प्रदेश प्रवक्ता भाजपा छग देवकुमार जैन कोषाध्यक्ष डड़सेना कलार समाज बस्तर संजय जैन जिला महामंत्री भाजपा कांकेर, धनेंद्र सिंह ठाकुर महामंत्री कांकेर युवां मोर्चा, श्री पीयूष कुलेचा युवा मोर्चा शहर मंडल मंत्री कांकेर, प्रो सुमिता पाण्डे, डॉ.नेलशन खेस्स, प्रो.ऋचा सगने विशिष्ट अतिथि रहे। वही विशिष्ट

अतिथि मे हिरेश्वर मंडावी मोनू सोनकर श्रीमती तुलसी मंडावी प्राचार्य है स्कूल कोकपुर श्रीमती सरोज साहू प्राचार्य माध्यमिक स्कूल कोकपुर निरंजन ठाकुर हेड मास्टर प्राइमरी स्कूल एवं सभी पंचगण ग्राम पंचायत कोकपुर कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

इस शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो अलका केरकेट्टा (महिला इकाई) डॉ. आशीष नेताम (पुरुष इकाई) द्वारा किया जा रहा है। डॉ रामचंद साहू तथा देवेंद्र कुमार शिविर प्रभारी सहायक हैं।

समापन सत्र में टेकेश्वर शंकर जैन रासेयो स्वयं सेवार्थीयों को अपने आशीष वचन के रूप में बताया कि छात्र-छात्राएं अपने गांव-समाज की सेवा इस एनएसएस शिविर में आकर सीखते हैं, और अपने व्यक्तित्व का विकास करते हैं, यहां सीखे हुए अनुशासन वह जीवन पर्यंत याद रखता है। ग्राम में इन सेवार्थीयों ने बहुत सकारात्मक कार्यक्रम अपने परियोजना एवं बौध्दिक चर्चा के माध्यम से किये, अंत मे सभी सेवार्थीयों एवं कार्यक्रम अधिकारियों को बधाईया देते हुए उन्होंने अपनी वाणी को विराम दिया। ततपश्चात देवकुमार जैन ने रासेयो परिवार को इस सात दिवसीय शिविर के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद व आभार व्यक्त किया अपने उद्बोधन में उम्मीद व इच्छा व्यक्त किया कि इस सात दिवस के शिविर में सेवार्थीयो ने जो कार्य सहयोग व अनुशासन का पाठ हमारे ग्राम में हम ग्रामवासियों को दिए है, उसे बनाये रखने का प्रयास करेंगे।चुनेश्वर जैन ने सेवार्थीयो को उद्बोधन में आभार व्यक्त कर बताया कि ग्राम में जो जो परियोजना कार्य हुए है वह सभी सराहनीय व अनुकरणीय है।

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, बुधवार, 18 फरवरी 2026 | कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 300 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

थाना बना कोर्ट : कमिश्नरी प्रणाली में पुलिस अफसरों को मिली दंड की शक्तियां, अब बदमाशों को एसीपी सीधे भेज रहे जेल

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली के दूसरे चरण में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत सुनवाई करने का काम पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने सोमवार से शुरू कर दिया है। पहले दिन कोतवाली तथा सिविल लाइंस थाने के एसीपी ने सुनवाई की। कोतवाली एसीपी ने दो बदमाशों को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत जेल भेजने का फैसला सुनाया। इसके साथ ही पांच अलग-अलग प्रकरण में सहायक पुलिस आयुक्त ने 13 बदमाशों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए वारंट जारी किया। पुलिस कमिश्नरेट में मिले दंडाधिकारी अधिकारों का रायपुर सेंट्रल के दो सब डिवीजन के एसीपी ने अपनी दंडाधिकारी शक्तियों का उपयोग करते हुए सुनवाई की। फील्ड में जो पुलिस अधिकारी खाकी वर्दी में दिखाई देते थे, वही अधिकारी दंडाधिकारी की भूमिका में आने के बाद काले कोट में नजर आए। प्रतिबंधात्मक धाराओं में अभियोजन की ओर से वकील की जरूरत नहीं होती। अनावेदक पक्ष की ओर से बचाव के लिए वकील पैरवी करने थाना परिसर में बने कोर्ट पहुंचे।

इन धाराओं में की गई सुनवाई

कोतवाली एसीपी दीपक मिश्रा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 एवं 135 (3) के अंतर्गत एक प्रकरण में 02 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जेल वारंट तैयार किया। साथ ही दोनों अनावेदकों को कारण बताओ नोटिस तामिल कराए गए। इसके अतिरिक्त धारा 126 एवं 135(3) के अंतर्गत पांच प्रकरण में 13 अनावेदकों को कारण बताओ नोटिस एवं समन जारी किए गए, जिन्हें कमिश्नरी प्रणाली के तहत तत्काल तामिल कराया गया। सिविल लाइन एसीपी रमाकांत साहू ने भी लोक शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए धारा 126 एवं 135(3) के तहत छह अनावेदकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

नई भूमिका चुनौतीपूर्ण : दीपक मिश्रा

पहले दिन की मजिस्ट्रियल शक्तियों के प्रयोग करने को लेकर कोतवाली एसीपी दीपक मिश्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा बदमाशों को प्रतिबंधात्क धाराओं के तहत कार्रवाई करने के बाद पुलिस को पहले एडीएम, एसडीएम कोर्ट में जेल भेजने चालान पेश करना पड़ता था। अब वे खुद मजिस्ट्रेट की भूमिका में आए, तब उन्हें किसी के साथ अन्याय न हो, इस बात को देखते हुए निर्णय लेना पड़ा। जिन बदमाशों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करती है, आवेदक तथा अनावेदक के प्रति किसी तरह से अन्याय न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए कानून के दायरे में फैसला सुनाने का पुलिस अफसर के लिए यह पहला अनुभव था।

न्यूज गैलरी

बैडमिंटन खेलते-खेलते कारोबारी की हार्ट-अटैक से मौत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में बैडमिंटन खेलते-खेलते कारोबारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उसने शॉट मारा, और जब शटल कॉक गिर गई तो उसे उठाने गए। फिर, अचानक वह धड़ाम से नीचे गिर गए। इसका लाइव वीडियो भी सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।मृतक हार्टवेयर कारोबारी की पहचान ईदगाह भाठा निवासी अमृत बजाज (57) के रूप में हुई है। वो शुगर पेशेंट थे। घटना डीडी नगर थाना इलाके के अश्विनी नगर के सोनकर बाड़ी ग्राउंड की है।

छत्तीसगढ़ में होली के दिन भी मिलेगी शराब

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस साल होली पर शराब के शौकीनों शराब मिलेगी। राज्य सरकार की नई आबकारी नीति के तहत अब होली के दिन शराब की दुकानें बंद नहीं रहेंगी। यानी अब होली त्योहार पर जो चाहे वह सीधे दुकान से खरीद सकेगा।नई आबकारी नीति में पहले निर्धारित सात ड्राई डे में से तीन दिन समाप्त कर दिए गए हैं।

बिरनपुर हिंसा : साजा विधानसभा में हुई थी हिंसक घटना, तीन साल बाद आया जिला अदालत का फैसला

रहीम और ईदुल की हत्या के 17 आरोपी दोषमुक्त, कोर्ट ने कहा- सबूत नहीं मिले

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा के बिरनपुर हिंसा मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। 3 साल बाद जिला सत्र न्यायालय बेमेतरा ने हत्या के 17 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। हिन्दू संगठन के छत्तीसगढ़ बंद के दौरान आंदोलन हिंसक हो गया था। प्रदर्शन के बाद बकरी चरवाहा पिता- पुत्र रहीम मोहम्मद और ईदुल मोहहमद का कोरवाय गांव के खेत में शव मिला था। इस मामले में हत्या के आरोप में इन सभी को गिरफ्तार किया था। 3 साल बाद जिला सत्र न्यायालय बेमेतरा ने इन सभी को दोषमुक्त कर दिया है।

यह था पूरा मामला: बिरनपुर हिंसा मामला शुरू हुआ था दो बच्चों की मामूली लड़ाई से, जो देखते-देखते हिंदू-मुस्लिम समुदायों के बीच हिंसक झड़प में बदल गया। 8 अप्रैल 2023 को साजा विधायक ईश्वर साहू के 22 वर्षीय पुत्र भुनेश्वर साहू की

■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीबीआई ने चार्जशीट में किया था यह खुलासा

सीबीआई की 30 सितंबर 2025 को दाखिल चार्जशीट में बड़ा खुलासा हुआ था। सीबीआई ने स्पष्ट किया कि यह राजनीतिक साजिश नहीं थी, जैसा कि विपक्ष दावा करता रहा है। चार्जशीट में पूर्व विधायक अंजोर यदु का नाम भी नहीं है, जबकि ईश्वर साहू लगातार उनकी भूमिका पर सवाल उठाते रहे। अप्रैल 2024 में सीबीआई टीम ने बिरनपुर का दौरा कर नई जांच शुरू की थी।

इस मामले में जमकर हुई थी सियासत

बीजेपी ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया, तो कांग्रेस ने इसे भाजपा की साजिश बताया। विधानसभा में उठे मुद्दे पर फरवरी 2024 में डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने सीबीआई जांच की घोषणा की। ईश्वर साहू ने सदन में बेटे की हत्या का दर्द बयां किया था। जिसके बाद बीजेपी ने उन्हें टिकट दिया और वे अब साजा के विधायक हैं। इस मामले को लेकर भाजपा-कांग्रेस में काफी जुबानी जंग हुई थी।

क्या था बिरनपुर हिंसा मामला?

बिरनपुर हिंसा मामला शुरू हुआ था दो बच्चों की मामूली लड़ाई से जो देखते-देखते हिंदू-मुस्लिम समुदायों के बीच हिंसक झड़प में बदल गया। 8 अप्रैल 2023 को ईश्वर साहू के 22 वर्षीय पुत्र भुनेश्वर साहू की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद तनाव इतना बढ़ा कि 10 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद ने छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया। गांव में आगजनी हुई और मुस्लिम समुदाय के रहीम (55) व उनके पुत्र ईदुल मोहम्मद (35) की भी हत्या हो गई। प्रशासन ने धारा 144 लागू किया, जो करीब दो सप्ताह तक जारी रहा। पुलिस ने शुरुआत में 12 लोगों को आरोपी बनाया था, लेकिन सीबीआई ने अपनी जांच में 6 नए आरोपियों का उल्लेख किया है।

संरक्षण में हो रहा था अवैध खनन, कांग्रेस ने बनाई टीम

नवप्रदेश/लगातार

- ग्रामीण बोले- अधिकारी के संरक्षण में हो रहा था अवैध-खनन
- कांग्रेस ने बनाई जांच कमेटी, पुलिस ने एसडीएम समेत 4 आरोपियों को भेजा जेल

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर जिले के हंसपुर गांव में कुसमी एसडीएम और नायब तहसीलदार पर तीन ग्रामीणों के साथ मारपीट का आरोप लगा है। इस घटना में घायल एक ग्रामीण की इलाज के दौरान कुसमी अस्पताल में मौत हो गई, जबकि 2 अन्य घायल हैं। आज शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

घटना के विरोध में आज सर्व आदिवासी समाज और कांग्रेस ने नगर बंद कराया है। दोपहर 1 बजे तक दुकानें बंद रहीं। इसके बाद छिटपुट दुकानें खुलने लगी हैं। बस स्टैंड के पास धरना जारी है। प्रदर्शनकारियों ने एक करोड़ रुपये मुआवजा और एक परिजन को नौकरी की मांग की है।

धरने में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत और राज्य अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह भी पहुंचे। वहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने 10 सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है। इस कमेटी में अमरजीत भगत संयोजक बनाए गए हैं। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, परास नाथ राजवाड़े, भानू प्रताप सिंह और पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की भी शामिल हैं। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सोमवार को भी 4 घंटे तक चक्काजाम किया था। पुलिस ने स्ठरू समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

लाल आतंक का अंत करीब : सुकमा में 22 नक्सलियों ने डाले हथियार

■ सुरक्षाबलों के दबाव में बैकफुट पर माओवादी संगठन

सुकमा (नव प्रदेश)। नक्सल मुक्त भारत अभियान के तहत सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुकमा जिले में 22 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इसमें एक महिला नक्सली भी शामिल है। इस घटना को नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

सरकार की नीतियों का असर: आत्मसमर्पण की यह प्रक्रिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस बड़ी सफलता में जिला रिजर्व गार्ड, जिला पुलिस बल, क्षेत्रीय फील्ड टीम, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और कोबरा बटालियन की सराहनीय भूमिका रही। सुरक्षाबलों द्वारा लंबे समय से चलाए जा रहे सघन तलाशी व घेराबंदी अभियानों के कारण नक्सली

■ शेष पृष्ठ 8 पर

---

13 राज्यों में वांटेड 3 साइबर ठग गिरफ्तार, रायपुर पुलिस ने पकड़ा

■ वर्क-फ्राम-होम जॉब दिलाने का झांसा देकर करते थे ठगी,

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेंज की साइबर टीम ने 13 राज्यों में वांटेड और साइबर ठगी करने वाले सिंडिकेट के 3 ठगों को गिरफ्तार किया है। वर्क-फ्रॉम-होम जॉब के नाम पर लाखों रुपए की ऑनलाइन ठगी कर चुके हैं। पुलिस ने उन्हें राजस्थान से पकड़कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में राजस्थान निवासी भवानी सिंह, उत्पल पंचारिया और महाराष्ट्र निवासी साहित संतोष बताए जा रहे हैं। फिलहाल, पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

दरअसल, राखी निवासी पारस कुमार धीवर और धरसीवां निवासी ललित साहू ने शिकायत की थी। पारस कुमार ने बताया कि, आरोपियों ने वर्कफ्रॉम होम नौकरी देने का झांसा देकर 24 लाख की ठगी कर ली। इसी तरह से धरसीवां निवासी ललित साहू ने पुलिस को बताया कि, आरोपियों ने उससे 34 लाख की ठगी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर साइबर रेंज की टीम ने जांच शुरू की और तकनीकी जांच के

■ शेष पृष्ठ 8 पर

नर्मदा कोल्ड्रिंक्स पर आईटी की रेड

बिलासपुर समेत पांच शहरों में एक साथ छापेमारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र स्थित नर्मदा ड्रिंक्स प्राइवेट लिमिटेड में आयकर विभाग (आईटी) की टीम ने छापेमार कार्रवाई की है। छह सदस्यीय टीम ने फैक्ट्री परिसर में पहुंचकर दस्तावेजों, वित्तीय रिकॉर्ड और लेन-देन से जुड़े कागजातों की गहन जांच शुरू की। कार्रवाई की सूचना मिलते ही औद्योगिक हलकों में चर्चा तेज हो गई। टीम सुबह 5 बजे फैक्ट्री पहुंची और अंदर मौजूद रिकॉर्ड-दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी। यह कंपनी कोको कोला कोल्डड्रिंक ब्रांड के प्रोडक्ट बनाती है। सिरगिट्टी स्थित फैक्ट्री से कई अन्य जगह सप्लाई की

■ शेष पृष्ठ 8 पर

वित्तीय अनियमितताओं की चल रही जांच

सिरगिट्टी स्थित नर्मदा कोल्ड ड्रिंक कंपनी के प्रदीप अग्रवाल प्रमुख संचालक हैं, जबकि बिलासपुर इकाई का संचालन नवनीत अग्रवाल देख रहे हैं। आयकर विभाग की टीम दस्तावेजों के मिलान, कर विवरणियों और संभावित वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही है, जिसमें उत्पादन और आय व्यय की जानकारी जुटाई जा रही है। हालांकि विभाग की ओर से आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। फैक्ट्री परिसर में आने जाने वालों को रोक दिया गया है और अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारी एसआईआर (सर्वे/इंस्पेक्शन रिपोर्ट) की सर्वे टीम बनकर कार्रवाई की। टीम की गाड़ियों में एसआईआर के स्टीकर भी लगे हुए थे।

गरमा-गरम

मतदाता सूची : एसआईआर के तहत 5.21 लाख लोगों को दिए गए थे नोटिस, 21 फरवरी को होगा अंतिम प्रकाशन

रायपुर जिले में मतदाता सूची से 4.9 लाख नाम कटे

■ दस्तावेज नहीं देने वालों पर और चलेगी कैंची

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) की प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में है। रायपुर जिले की सात विधानसभा सीटों पर चले इस अभियान के तहत मतदाता सूची में बड़े उलटफेर के संकेत मिल रहे हैं। जिले में अब तक 4.9 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काटे जा चुके हैं, और अंतिम प्रकाशन तक यह संख्या और बढ़ सकती है।

नोटिसों की सुनवाई पूरी, अब छंटनी की बारी

निर्वाचन आयोग ने जिले के 5,21,761 मतदाताओं को विभिन्न कारणों से नोटिस जारी किए थे। इसके अलावा 1.33 लाख ऐसे मतदाता थे जिनकी 'मैपिंग' नहीं हो पाई थी। 14 फरवरी तक चली सुनवाई और सत्यापन की अवधि समाप्त हो चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि जिन्होंने नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं दिया या दस्तावेज पेश नहीं किए, उनके नाम सूची से हटा दिए जाएंगे।

23,953 ने किया आवेदन, 1631 हुए रिजेक्ट

जिले की सात सीटों पर नाम जुड़वाने के लिए कुल 23,953 आवेदन (फार्म-6) प्राप्त हुए थे। गहन सत्यापन और सुनवाई के बाद निर्वाचन कार्यालय ने इनमें से 22,320 आवेदनों को पात्र मानते हुए स्वीकार कर लिया है, जबकि 1631 आवेदनों को जरूरी दस्तावेज न होने के कारण निरस्त कर दिया गया है।

कांग्रेस जिला अध्यक्षों को दिखाना होगा परफॉर्मेंस, अब इसी से रैंकिंग

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस जिला अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं कि अब जिला संगठनों का काम पुराने पैटर्न पर नहीं चलेगा। छत्तीसगढ़ में संगठन सृजन के तहत नियुक्त नए जिला कांग्रेस अध्यक्षों के प्रदेश में ही एआईसीसी के स्तर पर ट्रेनिंग दी जाएगी। पीसीसी को कम से कम दस दिनों का आवासीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशिक्षण के बाद संगठनात्मक गतिविधियों और परफॉर्मेंस का आकलन शुरू होगा। वहीं प्रत्येक छह माह में जिला अध्यक्षों के कामकाज की रैंकिंग भी होगी। इसके आधार

पर संबंधित जिला संगठन को लेकर एआईसीसी आगामी निर्णय करेगी। दिल्ली में नए जिला अध्यक्षों के अभिमुखीकरण कार्यक्रम के दौरान इस मामले में आलाकमान ने स्पष्ट संकेत भी दे दिए हैं।

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस संगठन में निचले स्तर की कमेटियों

■ शेष पृष्ठ 8 पर

संयुक्त खाते की भूमि पर अवैध निर्माण, नींव खनन के प्रारंभिक चरण से की जा रही शिकायत

■ **अब लेंटर भी हो गया, आवेदिका परेशान**

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। संयुक्त खाते की भूमि पर चल रहे अवैध निर्माण को लेकर नगर पालिका परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। आवेदिका ने पालिका कर्मियों पर भर्राशाही, भ्रष्टाचार में लिप्तता और प्रताड़ित किये जाने के गंभीर आरोप लगाये है। पूरे मामले के सम्बंध में दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम जबड़ापारा तहसील सरकंडा जिला बिलासपुर निवासी आवेदिका सुनिधि गुप्ते पिता सुधीर गुप्ते ने गरियाबंद नगर पालिका की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाये है। सुनिधि के अनुसार गरियाबंद के वार्ड नं 01 में उसके संयुक्त खाते की भूमि खसरा नं 55/1 रकबा 0.1640 हेक्टेयर है। जिस पर सहखातेदार जितेंद्र उपाध्याय पिता स्व.मनोहर राव द्वारा बिना उसकी स्वीकृति व भवन अनुज्ञा के भवन निर्माण किया जा रहा है। सुनिधि के द्वारा प्रारंभिक चरण से ही इस निर्माण का विरोध किया जा रहा है।

उक्त व्यपवर्तित भूमि पर नींव खनन के समय से आवेदिका द्वारा लिखित आपत्तियां दर्ज कराई गई, किन्तु आज लेंटर होने तक उक्त विवादित स्थल पर निर्माण कार्य रोकने की कार्यवाही नही की गई जो अपने आप सिस्टम में उलझा हुआ सवाल है। 28 अक्टूबर 2025 के पटवारी प्रतिवेदन तथा पंचनामे के आधार पर 19 जनवरी 2026 को तहसीलदार गरियाबंद द्वारा स्थगन आदेश जारी किया जाता है, तब तक निर्माण कार्य निर्बाध रूप से जारी रहता है, हालांकि इस स्थगन आदेश और न.पा. परिषद के नोटिस-नोटिस खेल का कोई असर नही हुआ। अगला पक्ष अपनी मनमानी करता रहा।

आरटीआई की जानकारी और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिये किया प्रताड़ित

पटवारी प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम गरियाबंद स्थित भूमि खसरा नं 55/1 रकबा 0.1640 हेक्ट संयुक्त खाते की व्यपवर्तित भूमि है जिस पर खातेदार जितेंद्र उपाध्याय, माधुरी उपधध्याय, सुनिधि गुप्ते, साक्षी गुप्ते का नाम दर्ज है। इधर सुनिधि गुप्ते के अनुसार उसे, उसकी ही संयुक्त खाते की भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य के सम्बंध में भवन-अनुज्ञा सम्बंधित साधारण जानकारी नगर पालिका कर्मियों द्वारा काफी अनुनय-विनय के बाद भी नहीं दी गई। इस जानकारी के लिये उसे सूचना का अधिकार के तहत आवेदन करना पड़ा। नाना मनोहर राव उपाध्याय का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये उसे हाई कोर्ट जाना पड़ा। हाई कोर्ट के नोटिस के बाद भी उसे प्रमाण पत्र के लिये घंटो तक खड़ा रखा गया, और लिखित शर्तो के बाद उसे डेथ सर्टिफिकेट दिया गया। आवेदिका ने मुखरित स्वरों में पालिका में व्याप्त भर्राशाही को उजागर करते इसकी शिकायत उच्च स्तर पर किये जाने की बात कही है। सुनिधि ने बताया कि उक्त भूमि का मामला माननीय तहसील न्यायालय गरियाबंद से लेकर माननीय व्यवहार न्यायालय गरियाबंद तक विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन है। उसके बावजूद संयुक्त खातेदारों द्वारा एक तरफा मनमानी करते हुये निर्माण कार्य किया जा रहा है।

इस मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी गरियाबंद संध्या वर्मा द्वारा राजिम मेले की व्यस्तता का हवाला देते हुये बताया कि संबंधितों को तीन नोटिस जारी किया गया है इस सप्ताह चौथा नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

संक्षिप्त खबरें

कुम्हारी में मंडल की प्रथम बैठक संपन्न

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। कुम्हारी स्थित निषाद समाज भवन में गुमा मंडल कांग्रेस कमेटी की प्रथम बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में उद्धव राम वर्मा (पूर्व जिला रायपुर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने जोर दिया कि जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा ने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए मंडल स्तर पर बूथ सशक्तिकरण एवं जनसंपर्क अभियान को और तेज करने का आह्वान किया। गुमा मंडल अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए आगामी रणनीति प्रस्तुत की और मंडल को सक्रिय एवं मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

क्रिकेटर गाजी शूजाउद्दीन को मिला खेल प्रतिभा रत्न सम्मान

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। धरसीवा सिलतारा में आदर्श परिवार समिति द्वारा आयोजित किया गया था डीजे डांस कार्यक्रम जिसमें नेशनल क्रिकेट खिलाड़ी गाजी शूजाउद्दीन को खेल प्रतिभा रत्न 2026 देकर सम्मानित किया गया। क्योंकि पिछले 16 साल से क्रिकेटर गाजी ने भारत के 18 राज्य में प्रतिनिधित्व करते हुए नजर आए इसके अलावा 2013-14, 2016 एवं 2018 में नेपाल में भी टी-20 सीरीज में भी खेल का प्रतिभा देखाकर घरशिवा सिलतरा का नाम रोशन किया है। टी - 20 करियर में एक बल्लेबाजी के तौर पर अभी तक 229 मैच खेलते हुए 31.23 की औसत से 7,152 रन बना चुके हैं जिसमें बेहतरीन 41 अर्धशतक और एक शतक शामिल है इसके अलावा गेंदबाजी करते हुए 354 विकेट भी हासिल कर चुके हैं। इसके अलावा 19 वनडे मैच भी खेल चुके हैं जिसमें 36.05 की औसत से 685 रन बनाएं जिसमें बेहतरीन चार अर्धशतक शामिल है, इसके अलावा गेंदबाजी करते हुए 38 विकेट भी लिए हैं।

मारागांव में गोंड समाज का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

नगरी/नवप्रदेश। ध्रुव गोंड समाज मारागांव परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन को ग्राम मारागांव में संपन्न हुआ सर्वप्रथम अतिथियों ने देवठाना में प्रकृति शक्ति की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष नगरी एवं जिला गोंड़ समाज के अध्यक्ष माधव ठाकुर, अध्यक्षता भानूराम नेताम, विशेष अतिथि संरक्षक दिनेश्वरी नेताम ,जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र नेताम एवं मुड़ा के पदाधिकारी मंचस्थ थे। अतिथियों का पारंपरिक रूप से पीला चांवल एवं पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया । उद्बोधन में माधव ठाकुर, दिनेश्वरी नेताम व महेन्द्र नेताम ने समाज में युवा और महिलाओं की भूमिका को आवश्यक बताया तथा अधिक से अधिक युवा व महिलाओं को समाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में जागरूक होकर आगे आने को कहा । अभी कुछ अधर्मी लोग आदिवासी समाज को बरगलाकर मतान्तरण करा रहे है। समाज को सचेत रहना होगा। समाज में रोजगार, शिक्षा पर लक्ष्य साधकर काम करते हुए नशापान व मतान्तरण की चुनौतियों से लड़ना होगा।

भ्रष्टाचार के आकण्ड में डूबे लोगों को भाजपा को जरूरत नहीं: सिन्हा

छुरा /नवप्रदेश। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के उस ब्यान का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि यह एक शिगूफा है और पूर्व मुख्यमंत्री का सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए दिया गया ब्यान है, उन्होंने कहा कि यह कोरी कल्पना बात है । श्री सिन्हा ने बताया कि सन 2018 में छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस की सरकार धोखे से बन गई थी और अपने पांच साल के कार्यकाल में पाताल से लेकर आकाश तक भ्रष्टाचार में भूपेश सरकार डूबी थी, पांच साल के कार्यकाल में सत्ता से जाते ही अधिकांश कांग्रेसी नेता या तो जेल में है या बेल है, मौका का नजाकत देखते हुए अधिकारियों ने भी बहती गंगा में हाथ धो लिये जिसमें से कुछ जेल में है अथवा वो भी बेल (जमानत) पर है, यहां तक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के सुपुत्र ने भी लपेटना नहीं छोड़ा जो अभी जमानत में है और कोर्ट कचहरी का परिक्रमा करना पड़ रहा है । पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सचिवालय में रही राज्य प्रशासनिक अधिकारी सौम्या चौरसिया ने अकूत संपत्ति अर्जित कर ली थी जो भूपेश सरकार जाते ही घोटाला का उजागर हुआ और जेल की हवा खाने से बच नहीं पाई, जांच एजेंसियां आय से अधिक अर्जित संपत्ति को अटैच कर ली हैं । भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि भाजपा में नीयत, नेता और नेतृत्व कमी नहीं है।

झूठे फॉर्म-7 से 50 मुस्लिम मतदाताओं के नाम काटने की साजिश!

छुरा में भड़की कांग्रेस, दोषियों पर एफआईआर की मांग

छुरा /नवप्रदेश। लोकतंत्र की बुनियाद मानी जाने वाली मतदाता सूची से कथित रूप से 50 मुस्लिम मतदाताओं के नाम झूठा एवं फर्जी फॉर्म-07 प्रस्तुत कर हटवाने की कोशिश का मामला सामने आते ही छुरा की राजनीति गरमा गई है। इस गंभीर प्रकरण को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुकचंद बेसरा के नेतृत्व में तहसील कार्यालय और थाना पहुंचे तथा तहसीलदार छुरा व थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की। मामले के अनुसार, संबंधित मतदाताओं के विरुद्ध एसआईआर प्रक्रिया में आपत्ति दर्ज कराई गई थी। सुनवाई के लिए सोमवार को तहसीलदार द्वारा आवेदक एवं अनावेदक को पेश होने के निर्देश दिए गए। लेकिन सुनवाई के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ-जिन व्यक्तियों के नाम से आपत्ति आवेदन प्रस्तुत किया गया था, उन्होंने स्वयं ही आवेदन पर किए गए हस्ताक्षर को अपना मानने से इंकार कर दिया। इससे पूरा आवेदन फर्जी और सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होने लगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुकचंद बेसरा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है और सीधे तौर पर लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से नाम कटवाने का यह प्रयास सुनियोजित षड्यंत्र है, जो प्रशासनिक निष्पक्षता और कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, यदि इस मामले में किसी अधिकारी, कर्मचारी या जनप्रतिनिधि की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। दोषियों को किसी भी हाल में संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। कानून सबके लिए समान है और पीड़ितों को न्याय मिलना ही चाहिए।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र और ठोस कार्रवाई नहीं की तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि जनता के मताधिकार के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस घटनाक्रम ने नगर में राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। अब सबकी निगाहें प्रशासनिक जांच और संभावित कार्रवाई पर टिकी हैं। लोकतंत्र की रक्षा और मतदाताओं के अधिकारों की बहाली को लेकर छुरा में माहौल गरमाता जा रहा है। इस मौके पर सुखचंद बेसरा, अब्दुल समद खान, लोकेन्द्र कोमर्रा,नीलकंठ ठाकुर, रमेश शर्मा, पार्षद सलीम मेमन, हरीश यादव, देवसीह नेताम, पंच राम टंडन, शांतनु देवांगन, आकाश दीक्षित शैलेन्द्र दीक्षित, अखिल चौबे,सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे

मंदिर चौक मुख्य मार्ग पर इंटरलॉकिंग पेवर टाइल्स कार्य का हुआ भूमि पूजन

सरसीवां/नवप्रदेश। नगर पंचायत सरसींवा के वार्ड क्रमांक 5 स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के सामने बस्ती के मुख्य मार्ग पर इंटरलॉकिंग पेवर टाइल्स बिछाने के प्रस्तावित कार्य का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। लाखों रुपये की लागत से होने वाला यह निर्माण कार्य क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे मार्ग की मजबूती बढ़ने के साथ-साथ आम लोगों के आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी। इंटरलॉकिंग पेवर टाइल्स लगाए जाने से न केवल सड़क मजबूत और टिकाऊ बनेगी, बल्कि नगर की स्वच्छता और सौंदर्य में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल को जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताते हुए नगर पंचायत की सक्रियता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। इसी क्रम में नगर पंचायत द्वारा वार्ड क्रमांक 5 में बच्चों के लिए मंगल भवन के सामने झूला भी लगवाया गया है, जिससे बच्चों को सुरक्षित वातावरण में खेलने की सुविधा मिल रही है। इस कार्य से वार्ड में खुशियों का माहौल देखा जा रहा है और अभिभावकों ने भी इस पहल का स्वागत किया है।

भूमि पूजन कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि सुमेश बंजारे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नारायण साहू, वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद लालू शर्मा तथा वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद गोलू बंजारे की उपस्थिति रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने इस विकास कार्य को क्षेत्र के लिए लाभकारी बताते हुए नगर पंचायत के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि इसी तरह आगे भी नगर में जनहित के कार्य निरंतर होते रहेंगे।

बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने के बाद भी डीजे पर प्रतिबंध नहीं

■ **परीक्षार्थियों के साथ बीमार और बुजुर्गो की बढ़ी परेशानी**

खैरागढ़/नवप्रदेश स्कूलो मे परीक्षाओं का संचालन शुरू होने के बाद भी शहर की सडक़ो पर डीजे और साऊंड सिस्टम पर रोक नही लगने से परीक्षार्थी परेशान है । शहर के स्कूलो मे सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी है । जबकि माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं सोमवार से प्रारंभ हो रही है । शहर मे जगह जगह आयोजनों मे प्रतिबंध के बाद भी डीजे और साऊंड सिस्टमों का नियम विरूद्ध दुरपयोग किए जाने से परीक्षार्थी और पालक भी परेशान है । सोमवार से माशिमं की 12वीं बोर्ड की परीक्षा है । ऐसे मे विभिन्न धार्मिक आयोजनो से लेकर निजी आयोजनो मे डीजे का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है । प्रशासनिक कार्यवाही नही होने पालक चिंतित है । और कार्यवाही की मांग कर रहे है ।

छोटे बड़े आयोजनो मे डीजे का उपयोग

शहर सहित इलाको मे हर छोटे बड़े आयोजनो मे प्रतिबंध के बाद भी डीजे का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है । इसका खामियाजा परीक्षार्थियों के साथ बीमार और बुजूर्ग लोगो को उठाना पड़ रहा है । अर्से पहले मामले मे स्थानीय प्रशासन ने कार्यवाही भी शुरू की थी । लेकिन लंबे समय से कार्यवाही नही होने से इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है । विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों, विवाह सहित अन्य आयोजनों मे डीजे और साऊंड सिस्टम से परेशानी बढ़ गई है । सामने कई पर्व और त्योहार के चलते छात्र संगठनो से बोर्ड परीक्षाओं के संचालन तक डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है । मामले मे एसडीएम टंकेश्वर साहू ने कहा कि पुलिस सहित प्रशासन डीजे के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है ।

सिंह वाहिनी मंदिर में महादेव की प्राण प्रतिष्ठा

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नवापारा क्षेत्र (वार्ड 14 एवं 15) के दो प्रमुख दुर्गा मंदिरों में भगवान शिव के विभिन्न रूपों की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा ने स्थानीय स्तर पर भक्ति और सामुदायिक एकजुटता का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया। स्थानीय निवासियों के सहयोग से आयोजित इन भव्य धार्मिक आयोजनों ने पूरे मोहल्ले में उत्साह और आस्था की लहर फैला दी।

देर रात सिविल अस्पताल पहुँचे कांग्रेसी

समय से पहले बंद मिला जनऔषधि केंद्र, 24 घंटे सेवा की मांग

खैरागढ़/नवप्रदेश शहर के सिविल अस्पताल का सोमवार रात शहर कांग्रेस अध्यक्ष डा अरूण भारद्वाज की अगुवाई मे कांग्रेसियों ने निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं, मरीजों को मिल रही सुविधाओं और चिकित्सकीय संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया । निरीक्षण के समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जन औषधि केंद्र के नियमानुसार रात 10 बजे से पहले ही बंद पाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसे मरीजों के हितों के विपरीत बताते हुए जन औषधि केंद्र को 24 घंटे संचालित करने की मांग उठाई, ताकि आपात स्थिति में मरीजों और उनके परिजनों को दवाओं के लिए भटकना न पड़े। मरीज वार्ड में पहुंचे कांग्रेसियों ने इलाज के लिए भर्ती मरीजों से सीधी बातचीत कर उनके इलाज, दवाइयों की उपलब्धता और साफ-सफाई की स्थिति की जानकारी ली। चिकित्सकों के रोस्टर चार्ट की भी जांच की । और ड्रेसिंग वार्ड का निरीक्षण कर दुर्घटना में घायल मरीजों के इलाज हेतु आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता का मुआयना किया । निरीक्षण के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक बिसेन एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज वैष्णव भी मौजूद रहे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज ने चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन को मरीजों के उचित उपचार, समय पर सेवाएं और स्वच्छता पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने की हिदायत दी।

संस्कृति और विरासत ही हमारी असली पहचान: विधायक यशोदा

खैरागढ़/नवप्रदेश विधानसभा के विभिन्न गांवो मे आयोजित मानसगान और आध्यात्मिक कार्यक्रमों मे शिरकत करते विधायक यशोदा वर्मा ने इसे प्रदेश की संस्कृति और विरासत की पहचान बताया । विधायक वर्मा ग्राम खमतराई, दिलीपपुर और सण्डी (नर्मदा) में आयोजित मानस गान एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में पहुंचकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। खमतराई में आयोजित मानस गान सम्मेलन में उन्होंने रामायण की चौपाइयों के माध्यम से जीवन में मर्यादा और सत्य के महत्व को साझा किया। दिलीपपुर में मानस गायन एवं टीका शैली सम्मेलन में शिरकत क रते विधायक यशोदा ने टीका शैली की पारंपरिक कला की सराहना करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और विरासत ही हमारी असली पहचान है। सण्डी में आयोजित मानस गान सम्मेलन में पहुँचकर उन्होंने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और उपस्थित जनसमूह के साथ प्रभु श्री राम की आराधना की। वर्मा ने कहा, मानस गान केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। ऐसे आयोजन न केवल हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारा और सकारात्मकता का संचार भी करते हैं। और भक्ति मार्ग और सामाजिक एकता पर बल दिया।

शिक्षा गुणवत्ता में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया सम्मानित

सरसींवा/नवप्रदेश। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और नवाचारपूर्ण पहल करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री जे.आर. डहरिया को कलेक्टर डॉ. संजय कुमार कन्नौजे द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समय-सीमा बैठक के दौरान दिया गया, जहां शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पित कार्यों और सकारात्मक प्रयासों की सराहना की गई। कलेक्टर डॉ. संजय कुमार कन्नौजे ने श्री डहरिया के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में लगातार बेहतर पहल की जा रही है। उन्होंने उन्हें आगे भी अधिक ऊर्जा, समर्पण और सेवाभाव के साथ शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए उत्साहित किया।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री जे.आर. डहरिया द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने और शिक्षकों के मार्गदर्शन के लिए किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव पूरे जिले में देखा जा रहा है। उनके नेतृत्व में स्कूलों में अनुशासन, पढ़ाई के स्तर और शैक्षणिक गतिविधियों में निरंतर सुधार हो रहा है, जो जिले के लिए गर्व का विषय बन गया है।

यह सम्मान न केवल श्री डहरिया के लिए बल्कि पूरे जिले के शिक्षा विभाग के लिए हर्ष और प्रेरणा का विषय है। उनके कार्यों से शिक्षा जगत में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और यह उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में जिले की शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं उत्कृष्ट बनेगी।

चिकित्सकों की सतर्कता से बची प्रसूता की जान, पेरिपार्टम कार्डियक अरेस्ट के बाद सफल इलाज

रायपुर/नवप्रदेश। स्व. लखीराम अगव्राल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ के चिकित्सकों की तत्परता, उच्चस्तरीय चिकित्सा प्रबंधन और समन्वित टीमवर्क के चलते एक 23 वर्षीय प्रथम गर्भ प्रसूता को पेरिपार्टम कार्डियक अरेस्ट जैसी अत्यंत गंभीर स्थिति से सफलतापूर्वक बचा लिया गया। मरीज 23 वर्षीय महिला जो पहली बार गर्भवती थीं, को प्री-एक्लेम्पसिया (गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप) की शिकायत थी। जो अत्यधिक गंभीर स्थिति में निजी अस्पताल से मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन विभाग में 02 फरवरी 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे अत्यधिक उच्च रक्तचाप और सांस लेने में गंभीर तकलीफ के साथ लाया गया । चिकित्सक द्वारा जांच में पल्मोनरी एडीमा (फेफड़ों में पानी भरना) की पुष्टि हुई, जो जानलेवा स्थिति होती है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आपातकालीन सिजेरियन सेक्शन का निर्णय लिया गया। ईलाज के दौरान मरीज को अचानक पेरिपार्टम कार्डियक अरेस्ट (हृदय गति रुकना) हो गया । डॉ . ए.एम. लकड़ा (विभागाध्यक्ष

एनेस्थीसिया) ने बताया कि हमारी चिकित्सकीय टीम ने तुरंत स्थिति की पहचान कर उच्च गुणवत्ता वाली सीपीआर प्रारंभ की। त्वरित और समन्वित प्रयासों से मरीज की हृदयगति पुनः स्थापित की गई। इसके बाद मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट पर आईसीयू में रखा गया, जहां गहन निगरानी एवं व्यवस्थित पोस्ट-कार्डियक अरेस्ट केयर प्रदान की गई। लगभग तीन दिनों तक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रहने के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हुआ। विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में धीरे-धीरे वेंटिलेटर हटाया गया और अंततः 12 फरवरी 2026 को मरीज को आईसीयू से वार्ड में शिफ्ट किया गया ।आज मरीज को सफलतापूर्वक ईलाज कर डिस्चार्ज किया गया । इस जटिल और जीवनरक्षक प्रक्रिया का संचालन एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद मसीह लकड़ा के साथ स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. टी.के. साहू एवम डॉ. चंद्रभानु पैंकरा, डॉ. अशोक सिंह सिदार, डा. लेश पटेल , डॉ. अनीश ,डॉ. लक्ष्मी यादव, डॉ. अमित भोई, डॉ. सुभाष राज तथा ऑपरेशन थिएटर स्टाफ ने इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में उत्कृष्ट सहयोग रहा ।

न्यूज गैलरी

शासन के आदेश और नियमावली के अनुसार होगी हैंडओवर की कार्यवाही

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के आदेश व नियमावली के अनुसार नगर निगम द्वारा आरडीए और हाउसिंग बोर्ड के कॉलोनियों के हैंडओवर की कार्यवाही की जाएगी। राज्य शासन द्वारा रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) और छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की 9 आवासीय कॉलोनियों को नगर निगम को सौंपने का निर्णय लिया गया है। इस पर आगे की प्रक्रिया और कार्यवाही के लिए शासन स्तर से जारी होने वाली विस्तृत नियमावली का इंतजार है। इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी होने पर तीनों एजेंसियां संयुक्त सर्वे कर वास्तविक स्थिति का आंकलन करेंगी। रायपुर नगर निगम के नगर निवेशक ने बताया कि सर्वे में पेयजल आपूर्ति तंत्र, सीवरेज नेटवर्क, आंतरिक सड़कों, स्ट्रीट लाइट, उद्यानों और सफाई व्यवस्था की मौजूदा हालत का तकनीकी परीक्षण किया जाएगा। कई कालोनियों में 15 से 20 वर्ष पुरानी पाइपलाइन, जर्जर नालियां और खराब सड़कें हैं। हैंडओवर लेने के पहले इनका सही आंकलन जरूरी है। हैंडओवर से पहले वित्तीय भार, अतिरिक्त स्टॉफ और रखरखाव की रूपरेखा तय करना निगम के लिए अत्यावश्यक है। अधिकांश कालोनियों में जलापूर्ति की पाइपलाइन डेढ़ दशक से अधिक पुरानी है, जिनकी उपयोग अवधि लगभग समाप्ति पर है।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना (मुख्यतः

छत्तीसगढ़ में सक्रिय) युवाओं और श्रमिकों को विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने की राज्य स्तरीय पहल है। यह योजना 18-50 वर्ष के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों, ग्रामीण युवाओं और दिव्यांगजनों को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण, प्लेसमेंट सहायता और प्रमाण-पत्र देती है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं तथा उन्हें रोजगार से जोड़कर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ के राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा निवासी श्री हर्ष साहू ने डोमेस्टिक डाटा एण्ट्री ऑपरेटर का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण उपरांत उन्हें निजी संस्था टेक्नोटास्क में रोजगार प्राप्त हुआ। श्री साहू ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त तकनीकी ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता के कारण उन्हें रोजगार हासिल करने में सफलता मिली। वर्तमान में वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जिला कौशल विकास प्राधिकरण, राजनांदगांव द्वारा जिले के युवाओं को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

सरगुजा जिले में पीएम आवास निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जिले में स्वीकृत कुल 1,02,210 आवासों में से 80,296 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, जो 50 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि को दर्शाता है। इस माह 1,781 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। निर्माण कार्यों को गति देने के लिए हितग्राहियों को किश्तों की राशि आधार आधारित डीबीटी प्रणाली के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में समय-सीमा के भीतर अंतरित की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-26 में स्वीकृत 36,306 आवासों में से 18,782 आवास पूर्ण हो चुके हैं। योजना के तहत प्रत्येक हितग्राही को 1.20 लाख रुपये की राशि स्वीकृति, प्लिंथ एवं पूर्णता चरण में जियो-टैग आधारित सत्यापन के पश्चात प्रदान की जाती है। अब तक 35,125 हितग्राहियों को प्रथम किश्त (40,000 रुपये), 23,419 को द्वितीय किश्त (55,000 रुपये) तथा 10,367 हितग्राहियों को तृतीय किश्त (25,000 रुपये) जारी की जा चुकी है। विगत एक माह में 1,634 आवास पूर्ण करते हुए 1,349.05 लाख रुपये की राशि जारी की गई। साथ ही कुल मिलाकर 1,628.60 लाख रुपये हितग्राहियों के खातों में अंतरित किए गए। इसके अतिरिक्त मनरेगा के अंतर्गत 90 मानव-दिवस का मजदूरी भुगतान तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण उपरांत 12,000 रुपये की अतिरिक्त सहायता भी प्रदान की जा रही है।

ड्रोन कैमरों से खदानों की निगरानी करने 14 कंपनियों ने डाला टेंडर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए अब ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। इसके लिए अब छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम (सीएमडीसी) ने टेंडर निकाल दिया है। जानकारी के अनुसार अब तक 14 एजेंसियों ने आवेदन किए है। बताया जा रहा है कि यह सारी एजेंसियां डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) अंतर्गत संचालित है। टेंडर के लिए आवेदन भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से मंगाए गए है। इनमें से टेंडर में भाग लेने वाली कंपनियों के आवेदनों की जांच के बाद 18 फरवरी को फाइनल किया जाएगा। कि इस ऑक्शन में कौन-कौन से कंपनियां शामिल होंगी। इसके बाद 2 मार्च को फाइनल ऑक्शन होगा।

उच्च शिक्षण संस्थानों को उभरते अवसरों के अनुरूप खुद को तैयार करना होगा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा और कौशल विकास के भविष्य पर केंद्रित फ्लैगशिप कार्यक्रम 'शिक्षा संवाद 2026' का आज रायपुर के कोर्टयार्ड मैरियट में भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने किया। इस आयोजन का संचालन उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया गया, जिसमें एलिट्स टेक्नोमीडिया सहयोगी संस्था के रूप में जुड़ा रहा।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने शासन के शिक्षा सुधारों, संस्थागत सशक्तीकरण और नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि नीति के समुचित कार्यान्वयन, डिजिटल एकीकरण और परिणाम आधारित दृष्टिकोण से राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर एलिट्स टेक्नोमीडिया के सीईओ एवं एडिटर-इन-चीफ डॉ. रवि गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नीति, अकादमिक और उद्योग जगत के बीच सतत संवाद मंच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वहीं, उच्च शिक्षा आयुक्त डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने आगे बढ़कर ठोस कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया, जिससे शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास का समेकित मॉडल विकसित हो सके।' कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन और 'स्वयं प्लस - आईआईटी मद्रास' के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर रहा। इस समझौते के तहत उच्च गुणवत्ता वाले ऑनलाइन और ब्लेंडेड कोर्स, उद्योग-प्रासंगिक प्रमाणपत्र तथा क्रेडिट-लिंक्ड कार्यक्रमों का विस्तार किया जाएगा। इससे राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में 'अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट' के अंतर्गत क्रेडिट ट्रांसफर को बढ़ावा मिलेगा तथा विद्यार्थियों को उन्नत कौशल आधारित मॉड्यूल्स का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, उच्च शिक्षा विभाग ने मलेशिया के लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज के साथ भी एमओयू किया। इस सहयोग का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी, छात्र एवं संकाय विनिमय, संयुक्त शोध पहल और वैश्विक एक्सपोजर को बढ़ावा देना है। शिक्षा संवाद 2026 में दिनभर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन, प्रशासनिक सुधार, डिजिटल नवाचार, उद्योग-अकादमिक सहयोग, शोध और उद्यमिता जैसे विषयों पर विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे।

शिक्षा संवाद 2026' का भव्य शुभारंभ

'विकसित छत्तीसगढ़ के लिए शिक्षा, कौशल और रोजगार का सेतु' थीम पर आधारित उद्घाटन सत्र में उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने, उद्योग की जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रमों के समायोजन और क्षेत्रीय विकास प्राथमिकताओं पर विशेष चर्चा हुई। उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा राज्य की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों को उभरते अवसरों के अनुरूप खुद को तैयार करना होगा। मंत्री ने संस्थागत क्षमता सुदृढ़ करने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और पाठ्यक्रमों को उद्योग की मांग के अनुरूप ढालने पर बल दिया। साथ ही विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और उद्योग जगत के बीच संरचित समन्वय की आवश्यकता बताई, ताकि विद्यार्थियों को व्यावहारिक दक्षता और रोजगारपरक कौशल प्राप्त हो सके। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म और नीतिगत सुधारों को भी गुणवत्ता सुधार का अहम माध्यम बताया गया।

अभियान चलाकार पीड़ित परिवारों को लाभ दे रहा श्रम विभाग

■ **मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों के बेहतरी के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। इसी क्रम में श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत ÷मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना÷ तहत पंजीकृत श्रमिक के मृत्यु उपरांत उनके वैध उत्तराधिकारी, नामिनी को योजनांतर्गत देय हितलाभ एक लाख रुपये का लाभ दिया जा रहा है।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में विभाग द्वारा एक सतत अभियान चलाकर इस योजना के अंतर्गत पीड़ित परिवारों के घर पहुच जाँच कर उनको लाभ दिलाया जा रहा है। निर्माण श्रमिक, असंगठित कर्मकार एवं उनके परिवार को दुःख की घड़ी में आर्थिक सहायता प्रदान करना इस योजना का उद्देश्य है। अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम सोनसायटोला के पंजीकृत श्रमिक स्व. शम्भू राम के मृत्यु उपरांत यह राशि उनके उत्तराधिकारी फिरतिन बाई को उनके खाते में हस्तांतरित की गयी। योजना अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक की सामान्य मृत्यु पर 1 लाख रूपए, कार्यस्थल पर दुर्घटना से मृत्यु होने पर 5 लाख रूपए कार्यस्थल पर दुर्घटना से स्थायी दिव्यंगता होने पर 2 लाख 50 हजार रूपए एवं अपंजीकृत निर्माण श्रमिक की कार्यस्थल पर दुर्घटना से मृत्यु होने पर 1 लाख रूपए की अनुदान राशि प्रदान किया जाता है।

योजना अंतर्गत निर्माण श्रमिक का हिताधिकारी के रूप में भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार न्यूनतम 90 दिवस पूर्व का पंजीयन होना अनिवार्य है। आवेदन के स्वीकृति उपरांत योजना की राशि डी.बी.टी के माध्यम से नामिनी, वैध उत्तराधिकारी के खाते में स्थानांतरित की जाती है। इस योजना का लाभ लेने हेतु योजना के तहत् ऑनलाईन आवेदन करते समय पंजीयन प्रमाण पत्र की स्कैन कॉपी, आधार कार्ड की प्रति, बैंक पासबुक, पंजीकृत श्रमिक एवं नामिनी का आधार कार्ड एवं पूर्ण स्थायी पता के संबंध में प्रमाण पत्र, मोबाईल नंबर, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा स्थायी दिव्यांगता होने पर डॉक्टर द्वारा जारी स्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र इत्यादि मंडल द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशानुसार अपलोड करना अनिवार्य होगा।

बलौदाबाजार जिला अस्पताल की बढ़ी क्षमता

रायपुर/नवप्रदेश। जिला अस्पताल बलौदा बाज़ार में नए जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ क़ादिर बेग की पदस्थापना से अस्पताल की क्षमताओं में इज़ाफ़ा हुआ है । अस्पताल में अब हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, फिमोसिस, सेलुलाइटिसब्रेस्ट एबिस, फाइब्रोडेमा, लिम्फोमा, सिबेशियस सिस्ट जैसी गंभीर बीमारियों का सफलतापूर्वक उपचार किया जा रहा है ।जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश

अवस्थी के अनुसार उक्त ऑपरेशन निःशुल्क किये जा रहे हैं साथ ही आवश्यकता पड़ने पर आयुष्मान कार्ड का भी उपयोग किया जाता है । भर्ती मरीज को भोजन नाश्ता भी दिया जाता है। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि,उक्त ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थित अनुसार कुछ दिन भर्ती किया जाता है बाद में छुट्टी हो जाती है।

सर्जन की पदस्थापना से अब तक 16 ऐसे ऑपरेशन किये जा चुके हैं। सेलुलाइटिस का उपचार करा चुके भाटापारा निवासी 45 वर्षीय अनिता के परिजनों ने बताया कि,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया था।

तात्यापारा हनुमान मंदिर में 30 जोड़ों ने किया सामूहिक लघु रुद्राभिषेक, भक्तिमय हुआ माहौल

रायपुर/नवप्रदेश। 1100 वर्ष प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर तात्यापारा में महाशिवरात्रि पर्व पर 'सामूहिक लघु रुद्राभिषेक' में 30 जोड़ों ने एक साथ भगवान शिव का अभिषेक किया। मुख्य पुजारी संदीप देशपांडे के साथ शशांक देशपांडे, महेश वैष्णव, दीपक तिवारी, प्रवीण, शैलेश चिंचोलकर, विवेक अमीन, राजा भट्ट निखिल

पांडेय, चारु दत्त जोशी, उदय रावले ने अनुष्ठान का सुचारू संचालन किया। मंदिर समिति की कार्यकारिणी ने भी आयोजन में अपनी अद्वितीय प्रतिबद्धता निभाई। सामूहिक रुद्राभिषेक मंदिर समिति के अध्यक्ष संदीप राजिमवाले, उपाध्यक्ष दीपक किरवईवाले, सचिव अनिल गनोदवाले, सह-सचिव सौरभ देव, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत मोहदीवाले, प्रमुख सलाहकार मिलिंद शेष, महिला प्रमुख सुरेखा हिशीकर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सुदूर अंचलों के श्रद्धालुओं को मिला अयोध्या धाम का सौभाग्य

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कोरिया प्रवास के दौरान झुमका जलाशय परिसर में ' रामलला दर्शन योजना' के तहत अयोध्या धाम की पावन यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं से आत्मीय भेंट की। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं का हाल-चाल जाना और उनके आध्यात्मिक एवं भक्तिमय अनुभवों को बड़े ध्यानपूर्वक सुना। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से उन्हें निःशुल्क अयोध्या धाम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सम्मानपूर्वक यात्रा की समुचित व्यवस्था किए जाने से यह यात्रा उनके लिए अत्यंत सहज और अविस्मरणीय बन गई।

श्रद्धालुओं ने बताया कि अपने सुदूर गांवों से अयोध्या तक पहुँचना उनके लिए पहले कठिन था, किंतु सरकार की पहल ने इसे संभव कर दिया। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री साय को 'हमारे राम' तैलचित्र भेंट कर आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रभु राम छत्तीसगढ़ के भांचा हैं और प्रदेशवासियों को उनके दर्शन कराना शासन के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि सुदूर अंचलों में रहने वाले लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना ही जनसेवा की वास्तविक संतुष्टि है, और सरकार इसी भावना के साथ कार्य कर रही है।

दृष्टि दिव्यांगता पर संकल्प की जीत मिसाल बने अभिनंदन

रायपुर/नवप्रदेश। दृढ़ इच्छाशक्ति, अटूट आत्मविश्वास और संगीत के प्रति समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया है कि शारीरिक सीमाएं सफलता की राह में अवरोध नहीं बनतीं। दृष्टि दिव्यांगता को चुनौती देते हुए अभिनंदन नशीने ने आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की ऐसी प्रेरक कहानी रची है, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित रायपुर मठपुरैना स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में वर्ष 2006 में कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले अभिनंदन ने वर्ष 2019 में बारहवीं कक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालयीन शिक्षा के दौरान वे विद्यालय के ऑर्केस्ट्रा ग्रुप ÷रोशनी÷ के सक्रिय सदस्य रहे और अपनी मधुर आवाज से अनेक मंचों पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। संगीत के प्रति गहरी लगन ने उन्हें उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर किया।

गौरव यात्रा : तात्यापारा चौक पर शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष गौरव रथ के साथ प्रतिमा पर भी माल्यार्पण

नासिक से निकली शिवाजी गौरव यात्रा का रायपुर में भव्य स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। शिवाजी महाराज के भव्य रथ वाले राष्ट्रीय गौरव यात्रा का रायपुर आगमन सोमवार शाम चार बजे होगा। यात्रा का टाटीबंध चौक में जोशीला स्वागत करने के बाद करीब सौ वाहनों को टाटीबंध से रिंग रोड नंबर एक से सीधे वीआईपी चौक होते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी) के सभागृह के लिए रवाना किया जाएगा। जबकि छत्रपति शिवाजी के रथ के साथ गौरव यात्रा के पांच अन्य वाहनों को टाटीबंध से सीधे तात्यापारा चौक लाया जाएगा। यहां शिवाजी महाराज व रथ पर प्रतिष्ठित शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा और गौरव यात्रा का

आत्मीय स्वागत किया जाएगा।

इस आशय का निर्णय रविवार को महाराष्ट्र मंडल में हुई सर्वसमाज की बैठक में लिया गया। बैठक के संयोजक अजय काले ने बताया कि हम शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु रखना चाहते हैं इसलिए वाहनों का काफिला रिंग रोड से सीधे आईजीकेवी सभागृह में लाया जाएगा। इसी तरह तात्यापारा चौक पर शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम भी चंद मिनटों का ही होगा। सभी समाजों के प्रमुखों से चर्चा करने के बाद मंच पर होने वाले कार्यक्रमों को भी सूचीबद्ध किया गया।

काले के अनुसार मंच पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सिंधखेड से गौरव यात्रा के साथ चल रहे शिवाजी महाराज की माता जिजाऊ बाई के वंशज शिवाजी राजे जाधव विशेष रूप सभा को संबोधित भी करेंगे।

बाल कलाकार पार्थ शेष बाल शिवाजी के रूप में अपने सशक्त प्रस्तुति देंगे। मंच का संचालन दीपक हटवार करेंगे। मंच पर सभी समाजों के प्रमुखों के अलावा सांसदद्वय बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, महापौर मीनल चौबे, विधायक पुरंदर मिश्रा, राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू भी मंचस्थ रहेंगे।

बैठक में महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, कार्यकारिणी सदस्य प्रसन्न निमोणकर, परितोष डोनगांवकर, निरंजन पंडित, सुकृत गनोदवाले, शुभम् पुराणिक, गणेशा जाधव, अभय भागवतकर, प्रवीण रसागर, पराग दलाल सहित अनेक पदाधिकारियों व सभासदों को जिम्मेदारियां दी गईं।

मानिकपुर और अमेरी जलाशय के लिए 6.40 करोड़ स्वीकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़-शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के विकासखण्ड बरमकेला के अंतर्गत दो सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 6 करोड़ 40 लाख 27 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों में अमेरी जलाशय के जीर्णोद्धार तथा पिचींग एवं नहरों के सीसी लाईनिंग कार्य के लिए 3 करोड़ 25 लाख 90 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण हो जाने पर योजना का रूपाकिंत सिंचाई क्षेत्र 91 हेक्टेयर में 72 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति तथा 46 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई सहित कुल 137 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा हो जाएगी।

सुविचार

दूसरों की खुशी में अपनी खुशी देखना एक हुनर है और जिसे ये हुनर आता है वह कभी दुखी नही रहता।

राइट टू रिकॉल समय की मांग

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चढ्ढा ने बजट सत्र के दौरान शून्य काल में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया हालांकि उनकी यह बात संसद में लगातार जारी रहे हंगामें के बीच कहीं घूम होकर रह गई। राघव चढ्ढा ने मांग की थी कि जब भारतीय लोकतंत्र में सांसद और विधायक के रूप में अपना जनप्रतिनिधि चुनने का जनता को अधिकार है तो उन्हें ऐसे जनप्रतिनिधियों को जिनका परफामेन्स खराब रहता है उन्हें वापस बुलाने का भी अधिकार मिलना ही चाहिए। अमेरिका और स्वीटरलैंड सहित बीस से ज्यादा लोकतांत्रिक देशों में लोगों को यह अधिकार मिला हुआ है लेकिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के मतदाता इस अधिकार से वंचित है। इसलिए राइट टू-रिकॉल का अधिकार लोगों को मिलना ही चाहिए। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चढ्ढा की यह मांग वाकई वक्त का तकाजा है और इसके लिए सरकार को त्वरित पहल करनी ही चाहिए। प्रसिद्ध समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि जिंदा कौमें पांच साल तक इंतेजार नहीं करती। वर्तमान में स्थिति यह है यदि निर्वाचित विधायक और सांसद जनअपेक्षा की कसौटी पर खरा नहीं उतरता तो भी उस क्षेत्र के मतदाताओं को उसे पांच साल तक झेलना ही पड़ता है क्योंकि जनता को ऐसे अयोग्य जनप्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार नहीं है। जबकि देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और यहां तक की हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को भी महाभियोग के जरिए उनके पद से समय पूर्व हटाने का प्रावधान है। यही नहीं बल्कि राज्यों की सरकारों और केन्द्र सरकार को भी अविश्वास प्रस्ताव के जरिए हटाने की संवैधानिक व्यवस्था लागू होगी। किन्तु सांसदों और विधायकों को समय पूर्व हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसा भी नहीं है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उनके निर्धारित पांच साल के कार्यकाल के पूर्व हटाने के लिए राइट टू-रिकॉल का प्रावधान किया नहीं जा सकता है। त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों में निवार्चित पंच सरपंचो पार्षदों और महापौर के खिलाफ भी राइट टू- रिकॉल के जरिए उन्हें समय से पूर्व हटाने का प्रावधान है हालांकि इसकी प्रतिक्रिया बहुत बेचीदी है उसके बावजूद पंचायतों और नगरीय निकायों के अयोग्य प्रतिनिधि राइट टू- रिकॉल के जरिए हटाये गये हैं। बस इस व्यवस्था को विधायकों और सांसदों पर लागू करने की जरूरत है लेकिन लाख टके का सवाल यह है कि बिल्ली के गले में घंटी बांधे कौन विधायक और सांसद ही प्रदेश व देश के लिए नियम कानून तय करते हैं ऐसे में वे भला अपने लिए राइट टू-रिकॉल की व्यवस्था लागू करके अपने हाथों अपने पैर पर भला क्यों कुल्हाड़ी मारेंगे। सरकार को इस मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए इससे लोकतंत्र और ज्यादा मजबूत होगा। विधायकों और सांसदों की जनता के प्रति जवाबदेही बढ़ेगी।

मणिशंकर अय्यर का कांग्रेस पर निशाना

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस जिसने देश पर सबसे लंबे समय तक शासल करने का कीर्तिमान बनाया है और इस समय भी वह देश में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है। वह इन दिनों संक्रमण काल से गुजर रही है। पार्टी में कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा है। कांग्रेस के नेता एक के बाद एक बागी होकर पार्टी से किनारा कर रहे हैं और जो पुराने व अनुभवी नेता अभी भी पार्टी से जुड़े हुए हैं। वे भी अब खुलकर पार्टी की मुखालफत कर रहे हैं। हाल ही में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अलवी ने कांग्रेस पार्टी को आईना दिखाया था और अब कांग्रेस के ही एक वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने कांग्रेस हाईकमान पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि वे गांधीवादी है, नेहरूवादी है। राजीववादी हैं लेकिन राहुलवादी नहीं है। पार्टी में चाटूकारों का बोलबाला है। खासतौर पर उन्होंने राहुल गांधी के खास समर्थक पवन खेड़ा को आड़े हाथों लिया है। मणिशंकर अय्यर ने यहां तक दावा कर दिया है कि आगामी केरल विधानसभा चुनाव में एक बार फिर वहां वामपंथी पार्टी की ही सरकार बनेगी। क्योंकि कांग्रेस में भयंकर अंतरकलह मची हुई है। उन्होंने कांग्रेस हाईकमान को सचेत भी किया है किन्तु पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मणिशंकर अय्यर की बातों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि यह सब मणिशंकर अय्यर का व्यक्तिगत विचार है और इससे पार्टी सहमत नहीं है। सवाल यह उठता है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आखिर क्यों बागी रूख अख्तियार करने पर बाध्य हो रहे हैं इस पर पार्टी हाईकमान को चिंतन करना चाहिए।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ किसी कामना के तहत भक्ति का अभ्यास जब हम करते हैं तो कामना पूर्ण हो गई तब भी भक्ति छोड़ देते हैं, अगर नहीं पूर्ण हुई तब भी छूट जाती है इसलिए भागवत कॉसलेस लव की बात करती है; अकारण, अहेतु, अप्रतिहत भक्ति।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1930 सौरमंडल के नौवे ग्रह रहे प्लूटो की खोज क्लाइड टॉमबामग ने किया। 1943 नाजी सेना ने व्हाइट रोज आन्दोलन के सदस्यों को गिरफ़्तार किया। 1945 द्वितीय विश्वयुद्ध में इवा जिमा के लिए लड़ाई शुरू हुई। 1946 बम्बई में रॉयल इंडियन नेवी का विद्रोह हुआ। 1952 यूनान और तुर्की उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन में शामिल हुए। 1954 पहले चर्च आफ़साइंटोलॉजी की स्थापना कैलिफ़ोर्निया में की गई। 1965 गाम्बिया देश को ब्रिटेन से स्वाधीनता मिली और आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया। 1970 फ़िलिपीन्स में युवकों ने अमेरिकी सैन्य अड्डों के विरोध में अमेरिकी दूतावास पर धावा बोला। 1971 भारत ने अरवी सैटेलाइट स्टेशन के जरिये ब्रिटेन के साथ पहला उपग्रह सम्पर्क कायम किया। 1977 ब्रिटिश साइंस फिक्शन कॉमिक 2000 एडी की शुरुआत, प्रोजे 1 के साथ 26 फरवरी को की गई। 1979 अमेरिका ने भारत को 1664 करोड़ रुपये का चेक दिया जो कि दुनिया में सबसे बड़ी रकम का चेक माना जाता है।

भारत को अपनी उपलब्धियों को बचाए रखने हेतु एआई के उपयोग की जरूरत

रुबल चिब

भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर चल रहा विमर्श अब परिपक्व होता जा रहा है। ध्यान अब अमूर्त क्षमता से हटकर व्यावहारिक प्रभाव पर केन्द्रित होता जा रहा है। चर्चा एआई की सैद्धांतिक क्षमता से हटकर व्यवहार में उसके द्वारा हल की जा सकने वाली समस्याओं पर टिकती जा रही है। खाद्य और कृषि जैसे कुछ ही क्षेत्र इस अंतर को इतनी स्पष्टता से दर्शा पा रहे हैं। ये वो क्षेत्र हैं जहां अक्षमताएं मामूली नहीं बल्कि प्रणालीगत हैं और प्रौद्योगिकी को जहां जलवायु, लॉजिस्टिक्स एवं बाजार से जुड़ी गहरी स्थानीय वास्तविकताओं के दायरे में काम करना चाहिए। खाद्य प्रणालियां इस समस्या को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं। भारत अपनी आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त से अधिक उत्पादन करता है, फिर भी अनुमानित 68 मिलियन टन भोजन हर साल बर्बाद हो जाता है।

इसमें अनियमित आपूर्ति, खराब गुणवत्ता मूल्यांकन और खंडित आपूर्ति श्रृंखलाओं के कारण कटाई के बाद 35-40 प्रतिशत फल एवं सब्जियां नष्ट हो जाती हैं। संकट उत्पादन का नहीं, बल्कि रोके जा सकने वाले नुकसान का है। यह नुकसान किल्लत का नहीं, बल्कि पैदावार एवं उपभोग और आंकड़ों एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया के बीच के असंतुलन का नतीजा है। सालों से, गुणवत्ता और समय से जुड़ी विश्वसनीय एवं वास्तविक जानकारियों का अभाव भारतीय किसानों तथा नियामकों के लिए एक चुनौती बना हुआ है। जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन किया जाता है, तो यह इस खाई को पाटने का एक रास्ता खोलती है। जैविक वास्तविकता और आर्थिक निर्णय लेने की प्रक्रिया के बीच की यह खाई ही वह क्षेत्र है जहां व्यावहारिक एआई का खासा कारगर हो सकता है। क्यूजेंस लैब्स में, हमारा काम एक साधारण अवलोकन से शुरू हुआ: अब जबकि भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे ने भुगतान, पहचान और सेवाओं की आपूर्ति को पूरी तरह बदल दिया है, गुणवत्ता का आकलन करने के तरीके के मामले में खाद्य अर्थव्यवस्था काफी हद तक एनालॉग ही बनी हुई है। 'क्यूस्कैन' नाम की जो एआई-संचालित संवेदन प्रणाली हमने विकसित की है, वह फलों और सब्जियों में आंतरिक गुणवत्ता संबंधी संकेतों को पकड़ने हेतु अवरक्त स्पेक्ट्रोस्कोपी तथा कृत्रिम सूंघने की क्षमता (आर्टिफीशियल ओल्फैक्शन) का उपयोग करती है और उन्हें निर्णय लेने के समय उपयोगी जानकारियों में परिवर्तित करती है। इरादा स्वचालन को सिर्फ दिखावे की मंशा से लागू करना भर नहीं, बल्कि कम लाभ पर काम करने वाले उपभोक्ताओं, किसानों और खुदरा विक्रेताओं के लिए अनिश्चितताओं को कम करना था। इस अनुभव से यह बात स्पष्ट हो गई है कि एआई की प्रभावशीलता मूल रूप से संदर्भ पर निर्भर करती है। विदेशी आंकड़े (डेटासेट) या मानकीकृत आपूर्ति श्रृंखलाओं पर प्रशिक्षित मॉडल भारत की उन विविधता भरी परिस्थितियों में विफल हो जाते हैं, जहां फसलों की किस्में, जलवायु, भंडारण की पद्धतियां और बाजार की संरचनाएं विभिन्न क्षेत्रों में बिल्कुल ही अलग-अलग होती हैं। खासकर खाद्य प्रणालियों में, सटीकता को स्थानीयता से अलग नहीं किया जा सकता। भारतीय उपज, भारतीय लॉजिस्टिक्स और भारतीय व्यवहारिक मानदंडों को न समझने वाली एआई के लिए न्यूनतम रूप से अप्रासंगिक और अधिकतम रूप से भ्रामक होने का जोखिम होता है।

इसीलिए संप्रभु एवं घरेलू जड़ों में निहित एआई पर

वर्तमान नीतिगत जोर सामयिक और जरूरी, दोनों है। 'इंडियाएआई मिशन' कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रति राज्य के दृष्टिकोण में एक स्पष्ट बदलाव का संकेत देता है - इसे रोजमर्रा की वास्तविकताओं से कटे एक अत्याधुनिक तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि विकासात्मक बुनियादी ढांचे के रूप में देखा जा रहा है। स्वदेशी एआई अनुप्रयोगों के लिए लक्षित वित्तपोषण, राष्ट्रीय कंप्यूटिंग क्षमता में निवेश, भारतीय डेटासेट के लिए समर्थन और क्षेत्र-विशिष्ट समाधानों को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों के जरिए, यह मिशन सक्रिय रूप से एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है जहां नवाचार स्थानीय जरूरतों पर आधारित है। स्वदेशी मॉडलों, स्टार्टअप और जनहित की परियोजनाओं का समर्थन करके, यह मिशन अन्य भौगोलिक क्षेत्रों से लिए गए एआई प्रणालियों के बजाय भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन की गई एआई प्रणालियों के लिए जगह बना रहा है। खाद्य और कृषि के उदाहरणों से साफ होता है कि यह क्यों महत्वपूर्ण है। फसल की कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने से किसानों की आय, खाद्य पदार्थों की कीमतों और पर्यावरण से जुड़े नतीजों पर सीधा असर पड़ता है। बचाई गई उपज की प्रत्येक इकाई भूमि, जल और ऊर्जा संसाधनों पर दबाव को कम करती है, जोकि जलवायु परिवर्तन और जिम्मेदार उपभोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप है। अक्सर व्यवहार में बदलाव या नए इनपुट की जरूरत वाले उपज बढ़ाने के उपायों के उलट, बेहतर गुणवत्ता मूल्यांकन समन्वय में सुधार करके बेहतर नतीजों को संभव बनाता है - जिससे प्रणाली सही समय पर कार्य करने में सक्षम होती है। समावेशन का प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक हित में एआई का सदुपयोग तभी संभव है जब यह सिर्फ बड़े उद्यमों के बजाय छोटे व्यवसायों के लिए भी सुलभ हो। भारत की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था में इसका आशय ऐसे उपकरणों से है जो अनौपचारिक बाजारों में काम करें, स्थानीय भाषाओं का समर्थन करें और मानवीय निर्णय को दरकिनार करने के बजाय उसका पूरक बनें। अस्पष्ट सुझाव थोपने वाली प्रौद्योगिकियां विश्वास अर्जित करने के लिए जूझेंगी। अदृश्य जानकारी को दृश्यमान बनाकर निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुगम बनाने वाली प्रौद्योगिकियों के स्वाभाविक रूप से व्यापक होने की संभावनाएं कहीं अधिक हैं। हमारे देश की राजधानी में 16 से 20 फरवरी 2026 के दौरान आयोजित होने वाला 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' ऐसे समय में हो रहा है जब ये अंतर और भी स्पष्ट होते जा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर, एआई से जुड़ी चर्चाएं शक्तियों के केन्द्रीकरण, डेटा संबंधी विषमताओं और पर्यावरण से जुड़ी कीमतों जैसे मुद्दों से जूझ रही हैं। भारत के लिए मौका एक अलग राह दिखाने में निहित है, एक एक ऐसी राह जहां बुद्धिमत्ता विकेन्द्रीकृत, संदर्भों के प्रति जागरूक और वास्तविक आर्थिक प्रणालियों में समाहित हो। कृषि, खाद्य संबंधी लॉजिस्टिक्स और जलवायु अनुकूलन एआई से जुड़ी कहानी में हाशिए पर नहीं, बल्कि इसके केन्द्र में हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एआई अपने आप ही प्रभाव उत्पन्न नहीं करता। इसके लिए विषय-वस्तु की गहरी समझ, जटिल नीतिगत वास्तविकताओं के प्रति धैर्य और सार्वजनिक संस्थानों के साथ घनिष्ठ समन्वय की जरूरत होती है। हालांकि, जब ये शर्तें पूरी की जाती हैं, तो एआई उन क्षेत्रों को चुपचाप बदल सकता है जिन्होंने लंबे समय से सुधार का विरोध किया है।

जी रामजी अधिनियम और लचीली एवं सतत आजीविकाओं की दिशा में भारत की यात्रा

डॉ. विभा धवन

इसके अतिरिक्त, टेरी ने ऐसे वित्तीय मॉडल और नियोजन दृष्टिकोणों का अध्ययन किया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक निवेश को अधिकतम करने में मदद कर सकते हैं – सामुदायिक परिसंपत्तियों को सुदृढ़ करना, दीर्घकालिक संवेदनशीलता को कम करना, और संसाधनों के उपयोग की दक्षता बढ़ाना। इस प्रकार के शोध-आधारित योगदान का उद्देश्य सरकारी पहलों का पूरक होना और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण का समर्थन करना होता है। जी राम जी अधिनियम का दृष्टिकोण ग्रामीण आजीविकाओं को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व को प्रमुखता देता है। जल सुरक्षा, कनेक्टिविटी, भंडारण और जलवायु-सहनशील अवसंरचना में निवेश प्रत?यक्ष रूप से कृषि, सहायक गतिविधियों और गैर-कृषि आजीविकाओं का समर्थन करता है।

पिछले लगभग दो दशकों से ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम भारत की सामाजिक सुरक्षा संरचना का केंद्रीय स्तंभ रहे हैं। वर्ष 2005 में अधिनियमित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम ने ग्रामीण परिवारों को आय सुरक्षा प्रदान की है, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी का विस्तार किया है तथा आवश्यक सामुदायिक परिसंपत्तियों के सृजन में योगदान दिया है। जैसे-जैसे ग्रामीण भारत तीव्र आर्थिक, प्रौद्योगिक और पर्यावरणीय परिवर्तनों से गुजर रहा है, उभरती चुनौतियों और अवसरों का प्रभावी ढंग से उत्तर देने के लिए इस ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने की तात्कालिक आवश्यकता है। विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी अधिनियम, 2025 इस क्रमिक विकास को प्रतिबिंबित करता है। ग्रामीण रोजगार गारंटी ढांचे में सुधार के माध्यम से यह अधिनियम इस तथ्य को मान्यता देता है कि सतत् ग्रामीण समृद्धि केवल रोजगार सृजन पर ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु जोखिमों के प्रति लचीलेपन तथा आजीविकाओं के संरक्षण पर भी आधारित होनी चाहिए। यह समेकित दृष्टिकोण ऐसे समय में अत्यंत प्रासंगिक है, जब ग्रामीण समुदाय जलवायु परिवर्तनशीलता, चरम मौसमीय घटनाओं और संसाधन दबाव के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता का सामना कर रहे हैं।

जी राम जी अधिनियम क्यों विशिष्ट है

जी राम जी अधिनियम की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें मजदूरी आधारित रोजगार को चार प्राथमिक क्षेत्रों के साथ संरेखित करने पर विशेष बल दिया गया है–जल सुरक्षा, मूल ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से संबंधित अवसंरचना तथा चरम मौसमीय घटनाओं के शमन से जुड़े कार्य। यह ग्रामीण रोजगार नीति के पर्यावरणीय और लचीलापन संबंधी आयामों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जल से संबंधित कार्य, मृदा एवं भूमि संरक्षण, जल निकासी प्रणालियाँ तथा जलवायु-अनुकूल अवसंरचना कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के साथ-साथ बाढ़, सूखा और भूमि

क्षरण के प्रति संवेदनशीलता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब ऐसी परिसंपत्तियां प्रभावी ढंग से नियोजित तथा कार्यान्वित की जाती हैं, तो वे कई लाभ उत्पन्न करती हैं–अल्पकालिक रोजगार सृजन, प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन तथा दीर्घकालिक आजीविका सुरक्षा। इन क्षेत्रों पर अधिनियम का विशेष बल इस तथ्य को रेखांकित करता है कि रोजगार कार्यक्रम एक साथ सामाजिक संरक्षण और जलवायु अनुकूलन के प्रभावी साधन के रूप में कार्य कर सकते हैं।

स्थानीय स्तर पर लचीलापन

अधिनियम की नियोजन पारिस्थितिकी–जिसका केंद्र विकसित ग्राम पंचायत योजनाएँ हैं तथा जिसमें परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक के अंतर्गत एकीकृत किया गया है–ग्रामीण विकास के लिए एक सुसंगत और भविष्य के लिए तैयार दृष्टिकोण को समर्थन प्रदान करती है। विकेन्द्रीकृत नियोजन के माध्यम से पंचायतों को स्थानीय प्राथमिकताओं की पहचान करने का अवसर मिलता है, जबकि राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ एकीकरण व्यापक अवसंरचना एवं विकास उद्देश्यों के साथ समन्वय सुनिश्चित करता है। कार्यान्वयन के दृष्टिकोण से यह ढांचा रोजगार गारंटी के अंतर्गत सृजित परिसंपत्तियों की गुणवत्ता, स?थायित?व और प्रासंगिकता में सुधार का अवसर प्रदान करता है। पर्याप्त तकनीकी सहयोग और क्षमता निर्माण के माध्यम से पंचायती राज संस्थान यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कि सार्वजनिक कार्य, संसाधन संरक्षण तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण में सार्थक योगदान दें। अधिनियम के अंतर्गत परिकल्पित पारदर्शिता तंत्र, डिजिटल निगरानी उपकरण और सामाजिक अंकेक्षण जवाबदेही को और सुदृढ़ करते हैं तथा सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करते हैं। सतत् विकास के प्रति वचनबद्ध एक शोध संस्थान के रूप में, टेरी ने यह समझने के लिए व्यापक रूप से कार्य किया है कि ग्रामीण समुदायों में लचीलापन विकसित करने के लिए सामाजिक संरक्षण तंत्रों को किस प्रकार सुदृढ़ किया जा सकता है। हमारे शोध से यह स्पष्ट हुआ है कि जब रोजगार कार्यक्रमों को पर्यावरणीय योजना और जोखिम-सूचित रूपरेखा के साथ जोड़ा जाता है, तो वे घरेलू तथा सामुदायिक–दोनों स्तरों पर अनुकूलन क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा सकते हैं। टेरी ने जलवायु लचीलापन, पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्स्थापन तथा आजीविका की निरन्तरता को सम्मिलित करने हेतु नीतिगत ढांचों के पुनरोद्धार और सुदृढ़ीकरण से संबंधित सरकारी प्रक्रियाओं में विश्लेषणात्मक योगदान प्रदान किया है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

पृथक हो मिथक हो अथक प्रयास से क्या हासिल नमक हो गरल हो स र ल प्रयास से क्या हासिल करना है तो करना ऐसा जो सोच समझ से परे का हो बीते सच्चे झूठे किस्सों जैसा काम नहीं जीने का हो जब हो प्रयास समन्वन का कुछ रेतीले से बंधन का मन तब करना ध्रुवतारे सा शामिल होना उन रत्नों में जिनका अब तक कोई नाम नहीं स्तम्भ की कुछ पहचान नहीं ....।

– मधुलिका शुक्ला

मुझ पे हैं सैकड़ों इल्ज़ाम मेरे साथ न चल । तू भी हो जाएगा बदनाम मेरे साथ न चल ।। तू नई सुबह की सूरज की है उजली सी किरन । मैं हूँ इक धूल भरी शाम मेरे साथ न चल ।। अपनी खुशियाँ मुझ पर कमल कुर्बान न कर । मुझ से मत माँग मेरा नाम मेरे साथ न चल ।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो – **कमलकांत डोंगरे**

भारत माँ के वीर सपूतों को शत् शत् नमन तिथि थी चौदह फरवरी, सन् था वो उन्नीस। वार हुआ था पीठ पर, सदा रहेगी टीस। नमन उन्हें कर लीजिए, तनिक झुका लो शीश कुल के दीपक बुझ गये, एक साथ चालीस। **– सुमन ओमानिया**

मिटा देगा ज़माना प्यार को यारो, चलो दीवार नफ़रत की गिराएँ हम। अँधेरा नफ़रतों का जिनके है दिल में, वहाँ इक प्यार का दीया जलाएँ हम।

– 'ऐनुल' बरौलवी

प्रीत बिसारे कब बिसरी दिन प्रतिदिन बस निखरी... धवल चाँदनी सी शीतल बहती गंगा सी निर्मल ... ना जबरन थोपी ना रोके से रुकी ... क्या जाने कब आ बैठी चुपके..सब से छुपके... बिन चौखट दरवाजे खटकाये बिन पूंछे बिन बताये .. न छुपाने की मजबूरी न जताना ही जरूरी ... ना कुछ मांगूं ना कुछ पाऊं मुस्काऊं और रीत निभाऊं ना होम,धूप ना ही अगियारी महके मन मंदिर में फिर भी देखो कैसी प्रीत तुम्हारी...कैसी यह प्रीत हमारी...।

– प्रियंवदा अवस्थी

क्या जज्बा था जोश का,जिसका मुल्क मुरीद। पुलवामा मे जो हुए, ...माँ के वीर शहीद.।। बच्चे से बूढे सभी,... है कृतज्ञ ये देश। नतमस्तक है आपके, सम्मुख सभी रमेश ।। जाया जायेगा नही,...इनका ये बलिदान । मंदबुद्धि कुछ कर रहे, बेजा ही अपमान ।। दिन वो आयेगा नही, होगें वीर शहीद । करें सभी ये वंदना , रखे देश उम्मीद ।।

– रमेश शर्मा वशिष्ट

रंगा मन तुझमें मनमोहन मनमोहन की सूरतिया में, अंतस सम्मोहन। अंतस सम्मोहन से जीतो, मोहन मेरा मन। मन मेरा चहु ओर ढूंढता, है प्यारा मधुबन। मधुबन में फिर नृत्य करूं मैं, रूप धार जोगन । जोगन बन के चूम रहूँ मैं, कण कण वृन्दावन। वृंदावन में की रज़ रजनी को , देती अपनापन। अपनेपन में पगा हुआ ये, है प्यारा बंधन।। – **रजनी रामदेव**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन भी सामान्य से अच्छा रहेगा। दिनचार्य थोड़ी अस्त-व्यस्त रहेगी फिर भी आवश्यकताओं की पूर्ति ले देकर हो ही जाएगी। कार्य व्यवसाय में आज दिमागी मेहनत ज्यादा रहेगी पर्तिस्पर्धा आज अधिक रहेगी।

वृषः आज के दिन कार्यो में सफलता की संभावना अधिक रहेगी महत्त्वपूर्ण कार्य संध्या से पहले करने का प्रयास करें इसके बाद कार्य विलंब से पूर्ण होंगे। घर का वातावरण सामान्य रहेगा।

मिथुनः आज आप अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नही रख सकेंगे मन की बात हर किसी को बताने से बाद में परेशानी हो सकती है। कार्य व्यवसाय निर्बाध्य रूप से चलेंगे।

कर्कः आज के दिन आप किसी के कहे में ना आये भ्रामक बातो पर जल्द विश्वास करने से हानि हो सकती है। व्यवहार शून्यता भी आज संबंधों में कड़वाहट बनाएगी।

सिंहः आज के दिन आपके घरेलू सुखों में वृद्धि होगी। व्यापार नौकरी से भी आशाजनक लाभ की प्राप्ति कर सकेंगे नौकरी पेशा जातको को उच्चाधिकारियों की निकटता का लाभ मिलेगा थोड़ी चापलूसी भी करनी पड़े तो संकोच ना करें भविष्य में उन्नति का कारण बनेगी।

कन्याः आज के दिन आपके लिए सुख शांति वाला रहेगा। कार्य क्षेत्र और परिवार के बीच तालमेल बैठाने में थोड़ी असुविधा होगी फिर भी दिन आनंद दायक रहेगा। घरेलू वातावरण शांत रहेगा।

तुलाः आज के दिन आप जो भी कार्य करेंगे उसका फल निकट भविष्य में शीघ्र ही देखने को मिलेगा। परिश्रम आज अधिक करना पड़ेगा परन्तु फल मिलने में थोड़ा विलंब हो सकता है।

वृश्चिकः आज का दिन स्त्री वर्ग से सावधानी से बिताएं। घर मे अथवा किसी अन्य महिला के कारण कलह क्लेश हो सकता है।

धनुः आपका आज का दिन आर्थिक रूप से उतना लाभदायी नही रहेगा जितना व्यावहारिक में वृद्धि कराएगा। प्रातः काल से ही कार्यो में जुटने से लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी साथ ही थकान भी ज्यादा अनुभव करेंगे।

मकरः आज का दिन आलस्य के चलते आवश्यक कार्यो में विलंब होगा। आज आप जल्दी से किसी कार्य को करने के लिए तैयार नही होंगे लेकिन एक बार आरम्भ करने के बाद पूरा करके ही दम लेंगे।

कुंभः आज के दिन भावनाओ में बह कर आप स्वयं ही अपना नुकसान कर लेंगे मनोरंजन की ओर ध्यान ज्यादा रहने से जरूरी कार्य बिगड़ सकते है।

मीनः आज दिन का अधिकांश समय प्रतिकूल ही रहेगा। विशेष कर आज धन संबंधित उलझने बढ़ सकती है।

QUIZ TIME

1) पश्तून जातीय समूह मुख्य रूप से किन देशों में पाया जाता है?

2) व्हेन-लिस्टेड प्लेटफॉर्म किस संस्थान की पहल है?

3) हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य की पहली डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किस शहर में किया?

4) लीडरशिप समिट 2024 की मेज़बानी किस संस्थान ने की?

5) लैटिन अमेरिका में किस देश ने कानून बनाकर इच्छामृत्यु को वैध करने वाला पहला देश बन गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अफगानिस्तान और पाकिस्तान (2) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (3) हमीरपुर (4) आईआईएम [illegible] (5) उरुग्वे

पहेली

शब्द सामर्थ्य -319

[illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 318 का हल

बिजली की नई दरों के निर्धारण के लिए याचिकाओं पर हुई जनसुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सीएसईआरसी) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2029-30 के लिए बिजली दरों (टैरिफ) के निर्धारण और राजस्व आवश्यकताओं से संबंधित याचिकाओं पर आज बिलासपुर क्षेत्र के (बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा एवं जीपीएम जिले) के उपभोक्ताओं के लिए जन-सुनवाई आयोजित की गई थी। सीएसईआरसी द्वारा पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य के दूर-दराज क्षेत्रों के विभिन्न उपभोक्ताओं को उक्त जनसुनवाई की प्रक्रिया में हिस्सा लेने हेतु क्षेत्रवार ऑनलाईन की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

सुझाव भी दे सकते हैं उपभोक्ता

बिलासपुर क्षेत्र के सभी इच्छुक सम्मानीय उपभोक्ता और विभिन्न संगठन इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का हिस्सा बनकर अपने सुझाव दे सकते हैं। इस अवसर पर बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए.के. अम्बस्थ, अतिरिक्त मुख्य अभियंता डी.के. भोजक, अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगड़े, पी.आर. साहू तथा विद्युत शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष सी.एम. बाजपेयी उपस्थित थे।

उपभोक्ता हो सकते हैं उपस्थित

यदि कोई उपभोक्ता रायपुर आयोग कार्यालय के जनसुनवाई में उपस्थित होना चाहता है, ऐसे उपभोक्ता 19 फरवरी को दोपहर 12 से 01:30 बजे तक कृषि एवं कृषि संबंधी कार्य, दोपहर 2:30 से 04 बजे तक घरेलू उपभोक्ता एवं सायं 4 से 05:30 बजे तक गैर-घरेलू उपभोक्ता उपस्थित होकर अपनी आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्री कंपनी लिमिटेड, नगर संभाग - एक पूर्व बिलासपुर अंतर्गत बसंत विहार जोन में 17 फरवरी को राजकिशोर नगर व्यावसायिक परिसर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया गया। बसंत विहार जोन अंतर्गत 24452 उपभोक्ताओं में से 19992 उपभोक्ताओं का स्मार्ट मीटर लगा दिया गया है, जो कि नगर वृत्त बिलासपुर में सबसे ज्यादा लगाया गया है। विद्युत विभाग का स्मार्ट मीटर पखवाड़ा अभियान में, स्मार्ट मीटर से पारदर्शी बिजली बिलिंग को ओर सराहनीय कदम ' मोर बिजली ऐप' से दूर हो रही हैं, स्मार्ट मीटर पखवाड़ा में वार्ड क्रमांक 50 के पार्षद जय वाधवानी, सहायक अभियंता वर्षा सोनी, कनिष्ठ अभियंता जे आर तामले, दीपिका भगत, जीनस कंपनी के ओर से सरफराज हुसैन, आशीष महंत, आशुतोष सिंह, सोलर कि ओर से मनीष अलगमकर ज्योति सोमावर, मनीष शर्मा, समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

सूरज भाजयुमो बिलासपुर ग्रामीण के जिला मंत्री बने

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय , भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया के मार्गदर्शन एवं जिला प्रभारी के निर्देशानुसार व भाजपा जिला बिलासपुर ग्रामीण कोर ग्रुप के निर्णयानुसार, भाजपा बिलासपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल की अनुसंशा से भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी ने भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला पदाधिकारियों की घोषणा की। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बिलासपुर ग्रामीण सूरज साहू को जिला मंत्री बनाया गया है, वहीं पूर्व में आईटी सेल के कोटा विधानसभा प्रभारी रहे।

गोंदिया-पटना के मध्य एक फेरे के लिए होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी होली त्यौहार के दौरान यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 1,410 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की योजना बनाई गई है, जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से भी 15 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इसी कड़ी में रेलवे द्वारा होली के अवसर पर मार्ग गोंदिया-दरभंगा मार्ग की गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन गोंदिया एवं पटना के मध्य एक फेरे के लिये की जा रही है।

जिपं सदस्य अनिता शुक्ला ने किया शिव रुद्राभिषेक

बिलासपुर/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जगह - जगह शिवालयो मे सुबह से लेकर मध्य रात्रि तक शिवभक्तो का ताँता लगा रहा व शिवालय हर हर महादेव, नमः शिवाये से गुंजामान रहा, इसी कड़ी ने बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत 4 की सदस्य अनिता शुक्ला व कांग्रेस नेता राजेन्द्र शुक्ला ने मोहभठ्ठा (बिल्हा) स्थित प्रसिद्ध स्वयं - भू भुवनेश्वर महादेव का दर्शन लाभ लेकर मदकुद्वीप मे शिव रुद्राभिषेक, श्रृंगार, पूजन कर उपस्थित समस्त जन सहित क्षेत्रवासियो को बाबा भोलेनाथ के महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए खुशहाली की कामना किये।

देवताओं पर अभद्र टिप्पणी आरोपी गिरफ्तार

तखतपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगोई निवासी सूरज भारती को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर देवी-देवताओं, विशेषकर भगवान श्रीराम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए आपत्तिजनक और अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया।

राशन दुकानों के खुलने और बंद करने का कोई समय नहीं

सरकारी राशन दुकानों के सामने बोरी, थैले की लाइन, हितग्राही कर रहे हैं खुलने का इंतजार

खाद्य विभाग के अधिकारियों का दुकान संचालकों पर लगाम नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकार द्वारा गरीबों को समय पर और सुरक्षित तरीके से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन दुकानों से मुफ्त अनाज देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से महीने के सभी दिन सुबह 9 से शाम 5 बजे तक दुकानें खुला रखने का निर्देश जारी हुआ था। समय पर दुकानें नहीं खुलने के कारण सुबह 6 बजे से लोग बोरी, थैला रखकर लाइन लगाते हैं और अपनी बारी का इंतजार करते हैं। वहीं सभी पीडीएस दुकानों में गडबड़ी रोकने कैमरा भी लगाया जाना था, लेकिन जिले के अधिकांश दुकानों में कैमरा अब तक नहीं लगाया गया है, जिससे गड़बड़ी की पूरी आशंका रहती है।

इस समय बिलासपुर जिले में करीब सात सौ पीडीएस दुकानें संचालित हैं, लेकिन आज भी सभी दुकानें नियमित अपने समय पर नहीं खुलती है और लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। अधिकांश दुकानें सहकारी समितियां, स्व-सहायता समूहों एवं पंचायतों के माध्यम से संचालित की जा रही है।

सरकार की सख्त निर्देश के बाद भी दुकानें समय पर नहीं खुल पा रही है। समय पर दुकान नहीं खुलने के कारण बोरी, थैला से हितग्राही लाइन लगा रहे हैं और संचालक अपनी मनमानी तरीके से दुकानें संचालित कर रहे हैं। जबकि महीने में कम से कम 21 दिन या फिर जब तक राशन वितरण नहीं हो जाता तब तक सुबह 9 से 5 बजे तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के दुकानों को खुला रखना है। खाद्य विभाग के स्थानीय अधिकारियों के द्वारा दुकान का लगातार निगरानी नहीं की जाती है, जिसके कारण संचालक मनमानी करते हैं और खामियाजा हितग्राहियों को भुगतना पड़ता है।

अधिकांश दुकानों में कैमरा नहीं

जिले में संचालित अधिकांश दुकानों में सरकार के आदेश के बाद भी कैमरा नहीं लग पाया है, जिससे आए दिन दुकानों में चोरी की घटनाएं होती रहती है। साथ ही वितरण में पारदर्शिता भी नहीं आती है। कैमरा लगने से असली और नकली हितग्राही की पहचान आसानी से की जा सकती है। जिले के करीब सात सौ दुकानों में से कई दुकानें बिना कैमरा के निगरानी की संचालित की जा रही है।

जेवनार मेला में लोगों ने समझा पोषण और स्वास्थ्य का संबंध

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा जनपद पंचायत के आदिवासी बाहुल्य ग्राम मानपुर में जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था, गनियारी द्वारा जेवनार मेले का आयोजन किया गया। मेले में पारंपरिक खाद्य एवं पाक विधि -परंपरा के पुनरुत्थान, संरक्षण, संवर्धन के उद्देश्य के साथ जन समुदाय की जागरूकता के लिए प्रयोग प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक आदिवासी नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। इस आयोजन में मुंगेली जिला के लोरमी ब्लॉक तथा बिलासपुर जिला के विभिन्न आदिवासी बाहुल्य ग्रामों से आए 2000 से अधिक महिला-पुरुषों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनी में 'गरिमा मंच के उत्पाद' एवं जैविक कृषि उत्पादों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। पारंपरिक खाद्य प्रणालियों, स्वदेशी पाक-विधियों एवं स्थानीय व्यंजनों के पोषण गुणों को विस्तार से प्रदर्शित किया गया। साथ ही बाहरी संस्थाओं एवं संगठनों के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों ने भी सहभागिता कर कार्यक्रम की सराहना की। विशेष सत्रों में संतुलित एवं पारंपरिक आहार के महत्व, रोग-प्रतिरोधक क्षमता में उनकी भूमिका तथा तले-भुने एवं फास्ट फूड के दुष्प्रभावों पर जानकारी दी गई। बताया गया कि असंतुलित खान-पान का मधुमेह (शुगर), उच्च रक्तचाप (बीपी), कैंसर एवं अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियों से सीधा संबंध है, जबकि स्थानीय, मौसमी एवं प्राकृतिक खाद्य पदार्थ स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। आयोजकों ने इसे सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, पोषण जागरूकता और सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

आयोजन: दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के मोतीबाग में नवनिर्मित रेलवे इंस्टिट्यूट का उद्घाटन

रेल कर्मियों को खेल व मनोरंजन की सुविधाएं उपलब्ध कराना उद्देश्य

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत मोतीबाग स्थित नवनिर्मित रेलवे इंस्टिट्यूट का उद्घाटन 16 फरवरी को मुख्य अतिथि दीपक कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक एवं अध्यक्ष रेलवे इंस्टिट्यूट द्वारा विधिवत किया गया। उद्घाटन समारोह उत्साह एवं वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें गायन, रंगोली प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता प्रमुख रहे। कार्यक्रम में रेलकर्मियों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए आकर्षक पारितोषिक प्रदान किए गए। रेलवे इंस्टिट्यूट का मुख्य उद्देश्य रेल

कर्मचारियों एवं उनके पारिवारिक सदस्यों को खेल, साहित्य एवं मनोरंजन की समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस आधुनिक इंस्टिट्यूट में पुस्तकालय, टेबल टेनिस, शतरंज तथा बैडमिंटन कोर्ट जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं, जो कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास एवं स्वस्थ मनोरंजन को बढ़ावा देंगी।

तुमसर रोड रेलवे यार्ड में ट्रैक्शन तारों के ऊर्जीकृत करने सूचना

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत तुमसर रोड रेलवे यार्ड में 25,000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन प्रणाली के अंतर्गत विभिन्न रेल खंडों का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 23 फरवरी से या उसके पश्चात इन खंडों में विद्युत प्रवाह प्रारंभ किया जाएगा। ऊर्जीकृत किए जाने वाले खंडों में खंभाटा लाइन (लोकेशन टीएमआर/1039 से केबीटी/16, 822 मीटर), शंटिंग नेक (नागपुर छोर) का विस्तार (लोकेशन टीएमआर/1085 से टीएमआर/1097 एन, 339 मीटर), नई आर.ई. साइडिंग लाइन नं. 10 (लोकेशन टीएमआर/3045 से टीएमआर/आरईएस-13, 1696.5 मीटर) तथा नई स्टोर साइडिंग लाइन नं. 9 (लोकेशन टीएमआर/1049 से टीएमआर/एसएसएल-12, कुल 4.636 कि.मी.) शामिल हैं। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में उक्त कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है। उन्होंने बताया कि तुमसर रोड रेलवे यार्ड के इन रेल खंडों के विद्युतीकरण से परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी तथा माल एवं यात्री रेल संचालन और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनेगा। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि विद्युत लाइन के ऊर्जीकृत होने के पश्चात सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक अत्यंत शक्तिशाली उपकरण : वैष्णव

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित ऑल इम्पैक्ट सम्मिट के दौरान युवल हैकथान में भाग लेने वाले 3,000 से अधिक छात्रों से संवाद किया। देशभर से आए छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों पर आधारित और स्थानीय भाषाओं में विकसित एआई समाधान प्रस्तुत किए, जिससे जमीनी स्तर पर नवाचार और उभरती तकनीकों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस संवाद के दौरान केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक अत्यंत शक्तिशाली उपकरण है, जिसका उपयोग हर व्यक्ति अपनी दैनिक समस्याओं के समाधान तथा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान विकसित करने के लिए कर सकता है। मंत्री ने यह भी साझा किया कि इस शिखर सम्मेलन को वैश्विक स्तर पर जबरदस्त रुचि मिली है।

मनरेगा बचाव संग्राम में कांग्रेस आज करेगी कलेक्टोरेट का घेराव

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में मनरेगा बचाव संग्राम के तहत 18 फरवरी को जिला स्तरीय कलेक्टोरेट घेराव किया जाएगा। इसे लेकर कांग्रेस भवन में ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। जिसमें शहर और ग्रामीण अध्यक्ष ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को कम से कम 200 की भीड़ लेकर आने का टारगेट दिया है। दरअसल, कलेक्ट्रेट घेराव और प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र यादव की मौजूदगी में शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी है। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा और ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री मौजूद रहे। उन्होंने बैठक में प्रत्येक ब्लॉक अध्यक्ष को कम से कम 200 लोगों को घेराव में लाने का लक्ष्य दिया है। जिले में कुल 15 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां हैं। इनमें शहर अध्यक्ष के अंतर्गत चार और ग्रामीण अध्यक्ष के अंतर्गत 11 ब्लॉक कमेटियां आती हैं। संगठन की ओर से कलेक्ट्रेट घेराव में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति दिखाने कहा है। मनरेगा बचाव संग्राम के तहत जिला स्तरीय घेराव पहले प्रस्तावित था।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

क्रमांक/3174/न.पा./2025-26/ मनेन्द्रगढ़, दिनांकः 17/02/2026

// तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है-

1. निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर डाक द्वारा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 02/03/2026 समय दोपहर 03:00 बजे तक।
2. निविदा खोलने की तिथि - 02/03/2026 समय दोपहर 03:30 बजे।

क्र.	कार्य का नाम	एस. ओ. आर.	प्राक्कलन राशि (रू. लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	04 नग पानी टैंकर क्रय (02 नग 4500 लीटर एवं 02 नग 3500 लीटर)।	NON SOR	8.60	6750/	750/-	01 माह

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

प्रथम निविदा - ई - प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)
Website - www.cgmsc.gov.in

ब्लॉक स्तर पर विभिन्न निर्माण कार्य के लिए जोनल अनुबंध हेतु निविदा - राशि रू. 95.00 लाख

Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

स.क्र.	नि.आ.सू.क्र.	ब्लॉक का नाम		स.क्र.	नि.आ.सू. क्र.	ब्लॉक का नाम
बस्तर संभाग						
1	10710	भानुप्रतापपुर		4	10713	कोण्डागांव
2	10711	बस्तर		5	10714	तोकापाल
3	10712	लोहाण्डीगुड़ा		6	10715	छिन्दगढ़
दुर्ग संभाग						
1	10716	दुर्ग		6	10721	बोडला
2	10717	छुरिया		7	10722	मानपुर
3	10718	कवर्धा		8	10723	मोहला
4	10719	सहसपुर लोहरा		9	10724	अंबागढ़ चौकी
5	10720	पंडरिया				

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 19/02/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 12/03/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रकिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

संवाद- 46921/2 sd/- अधीक्षण अभियंता

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
1st call

NIT NO: 896/PWD/Zone-9/2026 **RAIPUR DATED: 16.02.2026**

Online bids are invited for the following works of works up to Date 10.03.2026 at 17:30 hours.

Sr. No	System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate	Earnest Money Deposit	Eligible class of contractor / firm	Time allowed for Completion	SOR Applicable
01	185704	डी.एम.एफ. फण्ड के तहत आंगनबाड़ी भवन निर्माण दलदलसिवनी बी.एस.यू.पी. कालोनी कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक-7 रायपुर	1169000/-	9000/-	Class-D & above	04 माह	लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर.दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित
02	185705	डी.एम.एफ. फण्ड के तहत् आंगनबाड़ी भवन निर्माण प्रेम नगर मोवा रायपुर	1169000/-	9000/-	Class-D & above	04 माह	लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित
03	185706	डी.एम.एफ. फण्ड के तहत् आंगनबाड़ी भवन निर्माण दया नगर दलदलसिवनी कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक-7 रायपुर	1169000/-	9000/-	Class-D & above	04 माह	लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर.दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 16.02.2026 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. प्रत्येक कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। कार्य क्रमांक 01 से 03 लिए निविदा शुल्क राशि रु. 750/- मात्र देय डिमांड - ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र वाहन को देवें।

Zone Commissioner
ZONE-9
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

प्रतिबंध के बावजूद बेच रहे पान-मसाला विक्रेताओं पर विभाग ने की चालानी कार्रवाई

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले में तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों के उपयोग पर नियंत्रण और धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम का विखं लखनपुर अंतर्गत उल्लंघन करने पर पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य व औषधि विभाग के संयुक्त दल द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। बिना वैद्यानिक चेतावनी वाले सिगरेट, तम्बाकू उत्पाद, पान-मसाला विक्रेता द्वारा बैठक व्यवस्था बनाकर सिगरेट पिलाने, सार्वजनिक स्थल में सिगरेट पीने वाले पर कार्यवाही करते कुल 16 चालानी कार्रवाई करते हुए 1600 रूपये का चालान काटा। साथ ही भविष्य में सार्वजनिक स्थल, शैक्षणिक संस्थानों के समीप धूम्रपान करने वाले एवं अमानक रूप से तम्बाकू उत्पाद के क्रय विक्रय करने पर संचालनों के विरूद्ध सील बंद संबंधी कार्यवाही भी किए जाने चेतावनी दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं खाद्य व औषधि निरीक्षक अनिल पैकरा, कमल नारायण, मनोज बिसेन पीमसई उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बिना वैधानिक चेतावनी सिगरेट, गुटखा पूर्णतः प्रतिबंध है, इसके बावजूद कई ऐसे पान-मसाला विक्रेता नियम विरूद्ध विक्रय करते पाए गए। साथ ही कई ऐसे डेलीनिड्स, पान-मसाला विक्रेता बैठक व्यवस्था बनाकर सिगरेट पिलाने जैसे व्यवस्था दिये जा रहे थे जिसके कारण दूसरों द्वारा छोड़े गए धुएं (सेकेंड-हैंड स्मोक) से भी कैंसर और हृदय रोगों का खतरा उतना ही होता है जितना पीने वाले को। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के पूर्णतः पालन करने के निर्देश तथा तम्बाकू उत्पाद पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कोटपा एक्ट को सख्ती से लागू करने कहा गया है।

तम्बाकू विक्रेता के लिये निर्देश

तम्बाकू विक्रेता को कोटपा एक्ट के बारे में जानकारी होनी चाहिए, तम्बाकू उत्पाद के पैकेट में स्पष्ट रूप से तम्बाकू सेवन यानि अकाल मृत्यु का चित्रण अनिवार्य होना चाहिए। धूम्रपान में सहायक लाइटर, ऐस ट्रे को संस्थान में नहीं रखना चाहिये। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तम्बाकू विक्रय संस्थान में नहीं रहना चाहिए। इस हेतु एक बोर्ड अनिवार्य रूप से तम्बाकू संस्थान में रहना चाहिये।

न्यूज गैलरी

2000 युवाओं का पंजीयन, 4544 पदों पर रोजगार का अवसर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, अंबिकापुर में दो दिवसीय संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत सरगुजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। संभाग स्तरीय रोजगार मेले में संभाग के सभी 6 जिलों से लगभग 2000 बेरोजगार नवयुवक एवं नवयुवतियों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया। संभाग मुख्यालय में आयोजित रोजगार मेले में लगभग 29 नियोक्ताओं ने भाग लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा विनय अग्रवाल तथा पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य आर.जे. पाण्डेय ने भी युवाओं को प्रेरित किया। स्वागत प्रतिवेदन जिला रोजगार अधिकारी श्री ललित पटेल ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन रवि पाण्डेय एवं आभार प्रदर्शन लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य गिरीश गुप्ता ने किया। रोजगार मेले में जिला रोजगार अधिकारी सूरजपुर चारू चित्रा, संजीव सिंह, दिव्यांशु, प्रीतम, माधुरी, पुष्पा पुरेना, पुष्पा सिदार, नीरज सिंह, छोटू रविदास, उदय शंकर मिरे, रामेश्वर सिंह तथा जिला रोजगार कार्यालय के समस्त स्टाफ, एम. सिद्दीकी, एपीओ अकरम खान, अरशद, राहुल, बालेश्वर सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग रहा।

जिले में इस माह 1781 आवास का निर्माणकार्य पूर्ण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

जिले में स्वीकृत कुल 1,02,210 आवासों में से 80,296 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, जो 50 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि को दर्शाता है। निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए हितग्राहियों को किश्तों की राशि समय-सीमा में सीधे आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-26 में स्वीकृत 36,306 आवासों में से 18,782 आवास वर्तमान में पूर्ण हो चुके हैं। योजना के अंतर्गत प्रत्येक हितग्राही को 1.20 लाख रुपये की राशि चरणबद्ध रूप से (स्वीकृति, प्लिंथ एवं पूर्णता) जियो-टैग के आधार पर जारी की जाती है। अब तक 35,125 हितग्राहियों को प्रथम किश्त (40,000 रु.), 23,419 को द्वितीय किश्त (55,000 रु.) तथा 10,367 हितग्राहियों को तृतीय किश्त (25,000 रु.) जारी किए जा चुके हैं। विगत एक माह में 1,634 आवास पूर्ण किए गए हैं। इस अवधि में 1,276 हितग्राहियों को प्रथम किश्त, 1,283 को द्वितीय किश्त तथा 532 को तृतीय किश्त जारी करते हुए कुल 1,349.05 लाख रुपये अंतरित किए गए। इसके अतिरिक्त महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत 90 मानव-दिवस का मजदूरी भुगतान तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण उपरांत 12,000 रुपये की अतिरिक्त सहायता भी प्रदान की जा रही है।

मां महामाया एयरपोर्ट में संविदा पदों की भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। मां महामाया एयरपोर्ट अम्बिकापुर के नोडल अधिकारी ने बताया कि मां महामाया एयरपोर्ट अम्बिकापुर में रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु पदवार पात्रतानुसार प्रारंभिक पात्र एवं अपात्र सूची को जारी कर 23 जनवरी 2026 तक दावा/आपत्ति आमंत्रित की गई थी। प्राप्त 07 दावा आपत्ति का निराकरण किया गया। जिसके पश्चात चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर के 01 पद हेतु 13 पात्र अभ्यर्थी, अकाउंटेंट के 01 पद हेतु 06 पात्र अभ्यर्थी एवं असीस्टेंट ग्रेड-3 के 01 पद हेतु 149 पात्र अभ्यर्थी हैं। उन्होंने बताया कि चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर एवं अकाउंटेंट से संबंधित अभ्यर्थी अपने समस्त मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं समस्त संगत अभिलेखों का सत्यापन उपरांत साक्षात्कार हेतु 09 मार्च 2026 प्रातः 11:00 बजे कार्यालय मां महामाया एयरपोर्ट में उपस्थित होंगे। वहीं असीस्टेंट ग्रेड-3 से संबंधित अभ्यर्थी अपने समस्त मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं समस्त संगत अभिलेखों का सत्यापन उपरांत कौशल परीक्षा हेतु 10 मार्च 2026 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय लाईवलीहुड कॉलेज अम्बिकापुर, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास, गांधी चौक अम्बिकापुर (सरगुजा) में उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि असीस्टेंट एक्सिक्यूटिव के विज्ञापन के उपरांत अपर्याप्त आवेदन तथा भर्ती नियम के अनुरूप अनुभव न होने के कारण उक्त पद के आवेदनों को चयन समिति के निर्णयानुसार निरस्त किया गया है। तथ उक्त पद हेतु पुनः विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण किया जाएगा। असीस्टेंट एक्सिक्यूटिव के पात्रता में छूट (यदि कोई हो तो) 25 फरवरी 2026 से 03 फरवरी 2026 के बीच वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा इच्छुक अभ्यर्थी उक्त सूचना के आधार पर पुनः आवेदन कर सकते है।

ईंट भट्ठे को प्रसाशन का खुला संरक्षण कार्रवाई करने अधिकारी के पास समय नहीं

बम्हनीडीह/नवप्रदेश। बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र के ग्राम कनकपुर, परसापाली और कपिस्दा में 25 से अधिक अवैध ईंट भट्टा संचालित हो रहे हैं जिससे शासन को राजस्व के नाम पर यहां अवैध ईंट भट्टा संचालक चूना लगाकर अपना अवैध ईंट भट्टा संचालित कर रहे हैं जिस पर न तो खनिज विभाग कोई कार्रवाई कर पा रहा है न ही राजस्व विभाग का इस अवैध ईंट भट्टो पर कोई लगाम है जिससे कनकपुर परसापाली कपिस्दा के अवैध ईंट भट्टा संचालको के हौसले बुलंद हैं केव की इनके खिलाफ आज तक शासन प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है जिससे यहां के अवैध ईंट भट्टा से निकलने वाली धुवां धुल लोगों की है सेहत पर गहरा प्रभाव कर उनको गंभीर बिमारी की ओर चपेट में ले रहा है । जिससे आने वाले समय में यहां लोग बड़ी बड़ी बिमारीयो के आगोस में समा जायेंगे पर इन सब से न तो पर्यावरण विभाग को कोई सरोकार है न ही खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस अवैध ईंट भट्टो पर कोई कार्रवाई कर पा रहे हैं ।

अवैध ईंट भट्ठो पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

अवैध ईंट भट्टों में कार्रवाई करने के लिए सूची तैयार की जा रही है इस संबंध में पर्यावरण अधिकारी से भी बात की गई है जल्द ही संयुक्त टीम बनाकर कनकपुर परसापाली कपिस्दा के अवैध ईंट भट्ठो पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।
अविनाश चौहान तहसीलदार बम्हनीडीह

पर्यावरण विभाग के कर्मचारी निरीक्षण कर लौटे उल्टे पांव

आप को बता दें की करीब एक सप्ताह पहले कनकपुर परसापाली कपिस्दा में पर्यावरण विभाग के कुछ कर्मचारी यहां निरीक्षण करने पहुंचे हुए थे पर आज तक यहां के अवैध रूप से चल रहे ईंट भट्टो पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है लोगों का आरोप है की यहां के अवैध ईंट भट्टा संचालको ने पर्यावरण विभाग के कर्मचारी को मौनेज कर दिया है इसी वजह से यहां के अवैध ईंट भट्टो पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है।

ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन से की कार्यवाही की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि सैकड़ों शिकायतों के बाद भी आज तक यहां कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिससे ईट भट्ठो के संचालकों का हौसला बुलंद हो रहा है । गांव के सड़कों में पूरा डस्त का परत बिछा हुआ है और खेती में भी डस्त के वजह से नुकसान पहुंच रहा है जिस पर प्रशासन भी मौन नजर आ रहा है इस स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों में प्रशासन को लेकर गुस्सा फूट पड़ा है जिससे पूरे गांव में अशांति का माहौल बना हुआ है।

सरगुजा संभाग में iGOT कर्मयोगी प्रशिक्षण संपन्न

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन, क्षमता निर्माण एवं परिणामोन्मुख प्रशासन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए iGOT कर्मयोगी संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आज कलेक्टर कार्यालय अंबिकापुर में आयोजित किया गया।कार्यक्रम सरगुजा सम्भागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर अजीत वसंत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्य स्तर से अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं नोडल अधिकारी अंजू सिंह द्वारा अधिकारियों को प्रशिक्षण एवं विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने iGOT प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग, भूमिका आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी।कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत द्वारा मिशन कर्मयोगी के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी साझा की गई, जिसके अनुरूप प्रशिक्षण को परिणामोन्मुख स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। मुख्य सचिव श्री विकासशील के नेतृत्व में राज्य में प्रशासनिक क्षमता निर्माण, डिजिटल गवर्नेंस एवं नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से iGOT कर्मयोगी कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। प्रशिक्षण में अधिकारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित शिक्षण प्रणाली, प्रशासनिक सुधार तथा सेवा गुणवत्ता में वृद्धि के विभिन्न आयामों से अवगत कराया गया।प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा संबंधित कार्यालयों के नामित नोडल अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की।

मुख्यमंत्री ने की प्रदेश की खुशहाली की कामना

एमसीबी/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर चिरमिरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय मेले का उत्साह उस समय चरम पर पहुँच गया, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंदिर पहुँचकर पूजा-अर्चना की। शंखनाद और 'जय जगन्नाथ' के उद्घोष के बीच मुख्यमंत्री का पारंपरिक स्वागत किया गया। आस्था और विकास का संगम मुख्यमंत्री ने यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने बाबा श्री

पुरुषोत्तम पुरी महाराज से आशीर्वाद लिया और मुख्य मंदिर व शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने आनंद बाजार में आमजन के साथ बैठकर सादगी से महाप्रसाद ग्रहण किया, जो सामाजिक समरसता का प्रतीक बना। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 'देवभोग' की भूमि से भगवान जगन्नाथ को चावल भेजने की परंपरा हमारे गौरवशाली इतिहास का हिस्सा है। उन्होंने चिरमिरी में 127 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा 'जनसेवा ही ईश्वर सेवा है। जब विकास और आस्था साथ चलते हैं, तभी समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मुख्यमंत्री ने मंदिर की बाउंड्री वॉल निर्माण और सुविधाओं के विस्तार का आश्वासन दिया। मंदिर समिति द्वारा भेंट किए गए स्मृति चिन्ह को उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अनमोल धरोहर बताया।

अभियान : पराडोल, बंजी और बुंदेली में कार्यकारिणी गठित

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। संगठन सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ शहर द्वारा ग्राम पंचायत पराडोल, बंजी एवं बुंदेली में विशेष बैठकों का आयोजन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इन बैठकों में कार्यकारिणी गठन के साथ-साथ बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए सौरव मिश्रा ने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। हमारा लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उन्हें कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ना है। आने वाले समय में जनहित के मुद्दों पर व्यापक जनसंपर्क अभियान और संघर्ष तेज किया जाएगा। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमीर सिंह श्याम और झगराखांड मंडलम अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नेतृत्व का सीधे गांवों में पहुंचना कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार कर रहा है। बैठकों में स्थानीय समस्याओं पर मंथन के साथ जन-जन की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सीता देवी आयाम, सरपंच देव कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, भावेश जैन, राम गोपाल यादव, और शीतेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व पंचगण उपस्थित रहे।

आश्रम छात्रावासों के सतत निरीक्षण के अधिकारियों को दिए गए निर्देश

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने सोमवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूर्व टीएल में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की पूरी जानकारी लेकर ही अधिकारी बैठक में उपस्थित हों। टीएल का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर सम्बंधित कार्रवाई के किए तैयार रहें। उन्होंने पीवीटीजी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने भर्ती प्रक्रिया पर स्वास्थ्य विभाग से जानकारी लेते हुए कहा कि भर्ती के पश्चात वेतन समय पर नियमित मिले। उन्होंने बैठक में शिक्षा विभाग से एस्ट्रोनॉमी लैब निर्माण, विद्यालयों में सामान्य ज्ञान की पुस्तकों की उपलब्धता, अतिशेष शिक्षकों की भर्ती, न्यूज डेस्क संचालन आदि की जानकारी ली तथा अवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने खाद्य विभाग से दुरस्थ क्षेत्रों में राशन पहुंचाने की जानकारी ली।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामले आमजन के दैनिक जीवन से सीधे जुड़े होते हैं, अतः सभी अधिकारी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने विशेष

रूप से कोटवारी भूमि के हस्तांतरण एवं क्रय-विक्रय प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में दर्ज, निराकृत एवं लंबित प्रकरणों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही यह परीक्षण भी सुनिश्चित करें कि किन प्रकरणों में एक बार तथा किन मामलों में एक से अधिक बार हस्तांतरण हुआ है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोटवारी भूमि से संबंधित सभी लंबित प्रकरण एक माह के भीतर पूर्ण कर कोटवारी भूमि को शासन के खाते में दर्ज किया जाए तथा संबंधित भूमि को अहस्तांतरणीय दर्ज करते हुए उसकी खरीदी-बिक्री पर रोक सुनिश्चित की जाए। बैठक में अवैध भूमि अतिक्रमण एवं कब्जे के प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विवादित एवं अविवादित नामांतरण, सीमांकन, बटांकन, खाता विभाजन तथा भू-अर्जन प्रकरणों में अपेक्षित प्रगति लाने पर बल दिया विशेष रूप से विवादित एवं अविवादित बंटवारे के लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो।

प्रथम पेज का शेष

फ्रांस के राष्ट्रपति को मुंबई...

खुशी हुई! जिससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो फिटनेस को लेकर कितने गंभीर हैं। उनकी सुरक्षा टीम और भारतीय सुरक्षा अधिकारी उनके साथ मौजूद थे। मुंबई पुलिस के जवान भी सड़क पर तैनात थे। प्रधानमंत्री ने उनकी इसी दौड़ का अपनी पोस्ट में जिक्र किया।

देश में एआई में दो सालों...

आईटी सेक्टर में तकनीकी बदलाव को रणनीतिक रूप से संभाल रहा है। सरकार, उद्योग और शिक्षा संस्थानों के सहयोग से कर्मचारियों की प्रतिभाओं को निखारना, नई प्रतिभा तैयार करना और भविष्य की पीढ़ियों को तैयार करना प्रमुख उद्देश्य है। एआई आधारित रीस्किलिंग और 100 से अधिक कॉलेजों में पाठ्यक्रम सुधारों के जरिए युवाओं को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार किया जा रहा है।

एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी...

लगभग 65 रुपए प्रति घंटे की दर से उपलब्ध हैं, जो ग्लोबल एवरेज कीमत का लगभग एक-तिहाई है। आज रिपोर्टर्स से बात करते हुए, वैष्णव ने कहा कि भारत की एआई स्ट्रैटेजी का अगला फेज़ डिज़ाइन और रिसर्च और डेवलपमेंट को इसके कोर में रखेगा, जो बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर से आगे बढ़कर भारत की ज़रूरतों के हिसाब से सॉल्यूशन बनाने की ओर बढ़ेगा।

तारिक रहमान ने...

आयोजित समारोह में राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार शाम करीब 4:15 बजे उन्हें शपथ दिलाई।

'द रामेश्वरम कैफे' की...

को सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर 3 लाख, 27 जनवरी को फ्रेंचाइजी सर्टिफिकेट के लिए 5 लाख, 30 जनवरी को ट्रेड लाइसेंस और सेटअप के नाम पर 7 लाख रुपए जमा कराए गए।

14 साल बाद किसानों को...

बार उच्च न्यायालय में सुनवाई हो चुकी है। इसी मामले से जुड़े एक अन्य प्रकरण में उच्च न्यायालय की दो खंडपीठों ने यह व्यवस्था दी थी कि अधिक जमीन वाले किसानों को कम मुआवजा देना अनुचित है।

एनएचएआई ने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

न्यायालय ने यह भी कहा था कि जिन दरों पर छोटी जमीन वाले किसानों को मुआवजा दिया गया है, उन्हीं दरों के आधार पर बड़ी जमीन वाले किसानों को भी मुआवजा मिलना चाहिए, यदि उनकी जमीनें भी सड़क किनारे समान रूप से स्थित हों। एनएचएआई ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

दुनियाभर के दिग्गजों की पाक...

शहबाज शरीफसे अपील की है कि उनकी सरकार इमरान को विशेषज्ञ डॉक्टरों से समुचित इलाज कराए और जो भी जरूरी हो वह उपलब्ध कराए।

पेज 3 का शेष

रहीम और ईदुल की हत्या...

लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद तनाव इतना बढ़ा कि 10 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद ने छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया। गांव में आगजनी हुई और मुस्लिम समुदाय के रहीम और उनके पुत्र ईदुल मोहम्मद की भी हत्या हो गई। प्रशासन ने धारा 144 लागू की और करीब दो सप्ताह तक कर्फ्यू रहा. पुलिस ने शुरुआत में 12 लोगों को आरोपी बनाया था, लेकिन ष्टक्चढ्ढ ने अपनी जांच में 6 नए आरोपियों का उल्लेख किया है।

लाल आतंक का अंत करीब...

संगठनों पर लगातार दबाव बना हुआ था।

पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर नक्सलियों ने छोड़े हथियार

प्रशासन के अनुसार, सरकार की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति, बेहतर जीवन की संभावनाओं और विकास कार्यों के विस्तार से प्रभावित होकर नक्सलियों ने हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को नियमानुसार पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे नक्सल मुक्त भारत अभियान की दिशा में एक मजबूत कदम बताया है। उनका कहना है कि आने वाले समय में नक्सलवाद के प्रभाव वाले क्षेत्रों में शांति, विकास और विश्वास का माहौल और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। यह कदम क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

13 राज्यों में वांटेड 3....

आधार पर आरोपियों के ठिकानों का पता लगाकर उन्हें हिरासत में लिया।

नर्मदा कोल्ड्रिंक्स पर...

जाती है। आयकर विभाग की 6 सदस्यीय टीम अकाउंट, स्टॉक और वित्तीय लेनदेन से जुड़े कागजात खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक, आयकर विभाग ने एक साथ देश के कई राज्यों में कंपनी से जुड़े प्रतिष्ठानों पर दबिश दी है। नर्मदा ड्रिंक्स से संबंधित अन्य इकाइयों में भी जांच जारी है। फिलहाल आयकर विभाग की ओर से आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। जांच पूरी होने के बाद ही किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या अन्य पहलू सामने आने की संभावना है।

कांग्रेस जिला अध्यक्षों...

के कामकाज में अब तेजी नजर आ सकती है। संगठन सृजन के तहत नियुक्त जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण के बाद फील्ड में चौतरफा एक्सरसाइज करनी पड़ेगी। यही वजह है कि आने वाले दिनों में संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर कई बदलाव भी नजर आएंगे। बल्कि सत्ताधारी दल से निपटने आक्रामक कार्यशैली अपनानी पड़ेगी। इतना ही 7 नहीं प्रशिक्षण के बाद जिला संगठनों के सामने परफॉर्मेंस दिखाने की भी चुनौती होगी। यह स्पष्ट कर दिया गया है कि कामकाज के आधार पर ही आगे कोई निर्णय लिया जाएगा। आलाकमान ने कह दिया है कि संगठन की मजबूती और बिना गुटबाजी के समन्वय के साथ काम करने वाले ही टिक पाएंगे।

चिरमिरी को 127 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, पर्यटन और रोजगार पर सीएम का जोर

चिरमिरी/एमसीबी/नवप्रदेश। एमसीबी जिले के चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में विकास को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 127 करोड़ रुपये की लागत वाले 141 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इन परियोजनाओं में सड़क, पुल, स्वास्थ्य सुविधा, पेयजल और विद्युत विस्तार जैसे महत्वपूर्ण प्रकल्प शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य चिरमिरी को पर्यटन हब के रूप में विकसित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करना और पलायन को रोकना है।

लोकार्पण एवं शिलान्यास का विवरण

कार्यक्रम के दौरान 40 लाख रुपये की लागत वाले 82 पूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया गया, वहीं 8824.78 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से 59 नए कार्यों की आधारशिला रखी गई। मुख्यमंत्री ने महापौर रामनरेश राय की मांग पर नगर निगम को अग्निशमन वाहन, बकरी संवर्धन केंद्र, पुलिस चौकी और तहसील भवन की सौगात देने की भी घोषणा की।

स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में सुधार

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी में जिला अस्पताल और मनेंद्रगढ़ में 220 बिस्तरों वाले सिविल अस्पताल का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने 181 करोड़ की पेयजल परियोजना का उल्लेख करते हुए बताया कि अगले 50 वर्षों के लिए घर-घर नल कनेक्शन का काम जारी है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भी क्षेत्र की बदलती तस्वीर पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले, निगम आयुक्त राम प्रसाद अचला सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।

जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार बस्तर में नक्सलवाद को समाप्त करने और प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को छत देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि 10 लाख से अधिक हितग्राही गृह प्रवेश कर चुके हैं और महतारी वंदन योजना की 22 किस्तें जारी की जा चुकी हैं। साथ ही, 25 लाख से अधिक किसानों से धान खरीदी कर उन्हें लाभान्वित किया गया है।

न्यूज गैलरी

काउंसलिंग से सुलझा वैवाहिक विवाद, साथ रहने का लिया निर्णय

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कंचन लता आचला ने बताया कि शिविर में महिलाओं एवं नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, महिला संरक्षण संबंधी कानूनों, घरेलू हिंसा अधिनियम, पारिवारिक विवादों के वैधानिक समाधान तथा लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही किसी भी प्रकार के पारिवारिक, सामाजिक अथवा कानूनी विवाद की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क परामर्श एवं सहायता प्राप्त की जा सकती है। शिविर के दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर में पहुंचे एक वैवाहिक दंपत्ति, जो आपसी विवाद के चलते अलग होने की स्थिति में थे, उन्हें विधिक सलाह एवं परामर्श प्रदान किया गया। विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से दोनों पक्षों को आपसी संवाद और समझ के महत्व से अवगत कराया गया, जिसके सकारात्मक परिणामस्वरूप दंपत्ति ने आपसी मतभेद दूर कर साथ रहने का निर्णय लिया। उन्हें सुखी वैवाहिक जीवन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देकर घर भेजा गया। इस अवसर पर सखी वन स्टॉप सेंटर का समस्त स्टाफ एवं पीएलवी (पैरालीगल वालंटियर्स) उपस्थित रहे।

क्षत्रिय कन्नौजिया समाज के अध्यक्ष बने आनंद वल्लभ सिंह

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षत्रिय कन्नौजिया समाज के चुनाव में अध्यक्ष बने आनंद वल्लभ सिंह। आनंद वल्लभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 420 वोटों के बड़े अंतर से पराजित किया। चुनाव में कुल 1712 मत पड़े, जिसमें से आनंद वल्लभ सिंह को 1061 मत प्राप्त हुए, जबकि प्रतिद्वंदी को 641 वोट मिले। बूथ क्रमांक 5 में भी आनंद वल्लभ सिंह को 221 वोट मिले, जबकि भैय्यालाल सिंह को 65 मत प्राप्त हुए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी। अपने संबोधन में आनंद वल्लभ सिंह ने कहा कि वे समाज की एकता, संगठन की मजबूती और विकास के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत पूरे समाज की जीत है।

बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्णत: प्रतिबंध

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी 2026 से प्रारम्भ हो रही है। प्रायः यह देखा जाता है कि विभिन्न दलों, संगठनों तथा आम जनता द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाता है, जिसकी ऊंची आवाज से विद्यार्थियों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। उपरोक्त वर्णित तथ्यों पर विचार करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री राजेन्द्र कटारा द्वारा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-5 अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र(लाउडस्पीकर) को चलाया या चलवाया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। विशेष परिस्थितियों में क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी/तहसीलदार/नायब तहसीलदार से अनुमति उपरान्त ही मध्यम आवाज में लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा सकेगा, किंतु रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे के बीच ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा की समाप्ति तक सम्पूर्ण बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में प्रभावशील रहेगी।

जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया जा रहा वजन त्यौहार

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले को कुपोषण मुक्त बनाने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में जिले भर में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 18 फरवरी तक संचालित होगा, जिसके तहत जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई का माप लिया जा रहा है। जिसका उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर का वास्तविक आंकलन करना है ताकि कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने के लिए कार्य किया जा सके। वजन त्यौहार के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप बच्चों का वजन व लंबाई मापी जा रही है। विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी बच्चा वजन त्यौहार में छूटने न पाए। साथ ही केन्द्रों पर उपस्थित गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए परामर्श सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं।

मोनिका ज्वेलर्स में चोरी का खुलासा दो सगे भाई को किया गिरफ्तार

मुंगेली। शहर के बलानी चौक स्थित मोनिका ज्वेलर्स में हुई सोने के पेंडल की चोरी के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सोने का पेंडल एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की गई है।

मामले में थाना सिटी कोतवाली में धारा 305(2), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी सतीश कुमार सोनी (58 वर्ष), निवासी बलानी चौक, ने 11 फरवरी को थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी की दोपहर लगभग 2 बजे एक अज्ञात व्यक्ति सोने का पेंडल मंगलसूत्र खरीदने के बहाने दुकान में आया। पेंडल दिखाने के दौरान वह मौका पाकर 9.05 ग्राम वजनी सोने का पेंडल चोरी कर फरार हो गया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा एवं मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में साइबर सेल और थाना सिटी कोतवाली की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज एवं शहर के हाईटेक कैमरों की जांच की। फुटेज में दो युवक ब्लैक-रेड रंग की बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल से आते दिखाई दिए। एक युवक बाहर मोटर साइकिल पर बैठा रहा, जबकि दूसरा दुकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर साथी के साथ फरार हो गया। जांच के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान ग्राम घोरबंधा, थाना लोरमी निवासी श्लोक कुमार पात्रे (22 वर्ष) एवं विवेक कुमार पात्रे (19 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस ने 15 फरवरी को दोनों को उस समय गिरफ्तार किया जब वे चोरी का माल बेचने की फिराक में थे। आरोपियों ने घटना के समय मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 28 एस 8197 की नंबर प्लेट निकाल दी थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 9.05 ग्राम वजनी सोने का पेंडल (कीमत लगभग 85 हजार रुपये) एवं मोटर साइकिल (कीमत लगभग 1 लाख रुपये) जब्त कर 16 फरवरी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

चोरी का माल बेचने की फिराक में पकड़े गए आरोपी

जांच के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान ग्राम घोरबंधा, थाना लोरमी निवासी श्लोक कुमार पात्रे (22 वर्ष) और विवेक कुमार पात्रे (19 वर्ष) के रूप में हुई। 15 फरवरी को दोनों को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे चोरी का माल बेचने की फिराक में थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल किया। उन्होंने वारदात के दौरान मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 28 एस 8197 की नंबर प्लेट निकाल दी थी।

'जल अर्पण दिवस' का आयोजन

सक्ती/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) सक्ती के तत्वावधान में विकासखंड सक्ती अंतर्गत हर घर जल प्रमाणित ग्राम पंचायत नवापाराकला में 'जल अर्पण दिवस' का आयोजन उत्साह, सहभागिता और गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के महत्व, जल स्रोतों की सुरक्षा तथा नल-जल योजना के सतत संचालन एवं संधारण के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा आत्मीयता से किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने जल जीवन मिशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हुए जल की शुद्धता, उसके स्वास्थ्य पर प्रभाव, जल स्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा योजना के सुचारू संचालन हेतु नियमित जल कर भुगतान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। साथ ही पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत 6 दिसंबर 2024 को राजपत्र में प्रकाशित न्यूनतम 60 रुपये जल शुल्क की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। अधिकारियों ने बताया कि समय पर रखरखाव एवं सामुदायिक सहभागिता से प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। 'जल अर्पण दिवस' जल के प्रति सम्मान, संरक्षण और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। विद्यालयीन बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और रंगोली प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से 'जल ही जीवन है' का प्रभावी संदेश दिया। जनजागरूकता हेतु ग्राम में प्रभात फेरी निकाली गई तथा जल बंधन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत को योजना हस्तांतरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

खेलों से अनुशासन व प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है

मुंगेली/नवप्रदेश। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में आज वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा एवं अध्यक्ष शाला के प्राचार्य शुभेंदु मंडल थे। मुख्य अतिथि का स्वागत छात्रों ने आकर्षक मार्च पास्ट एवं शाला बैंड में किया। स्वागत भाषण प्राचार्य शुभेंदु मंडल ने दिया एवं पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने शपथ दिलाई एवं मशाल प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा किया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें दौड़, पगबाधा दौड़, सेक रेस आदि थे। प्रतियोगिता उपरांत मुख्य अतिथि नवनीत कौर छाबड़ा ने शाला के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होता है एवं खेल के माध्यम से अनुशासन और सहयोग भावना जागृत होती है। खेलों के माध्यम से आप अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं और नगर, शाला एवं अपने अभिभावकों का नाम रौशन कर सकते हैं। आगामी वार्षिक परीक्षा हेतु पढ़ाई पूरी निष्ठा से कर सफल होने की शुभकामनाएं भी दिया। शाला के प्राचार्य शुभेंदु मंडल ने भी छात्रों को संबोधित किया और जीवन में खेलों के महत्व को समझाया एवं परीक्षा हेतु अग्रीम शुभकामनाएं दी। इस दौरान शाला के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं योग कला का प्रदर्शन किया।

अब मनेन्द्रगढ़ में ही सुलझेंगे पारिवारिक विवाद

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 'परिवार परामर्श केंद्र' की शुरुआत की है। जिला गठन के लगभग 4 वर्षों के बाद अब स्थानीय स्तर पर ही महिलाओं से संबंधित दुर्व्यवहार, प्रताड़ना और वैवाहिक विवादों का त्वरित निराकरण हो सकेगा। इससे पहले इन मामलों को बैकुण्ठपुर भेजा जाता था, जिससे पक्षकारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। 14 फरवरी 2026 को केंद्र के शुभारंभ के साथ ही काउंसलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें पहले दिन दो महत्वपूर्ण मामलों का सफल निराकरण किया गया: ससुर-बहू विवाद: मनेन्द्रगढ़ थाना क्षेत्र का एक मामला, जो पिछले 3-4 वर्षों से लंबित था, काउंसलिंग के माध्यम से सुलझा लिया गया। टीम की समझाइश के बाद दोनों पक्ष संतुष्ट होकर घर लौटे। पति-पत्नी विवाद: झगराखांड थाना क्षेत्र के एक मामले में, जहाँ शराब और प्रताड़ना के कारण पत्नी अलग रहना चाहती थी, वहां काउंसलर्स ने बड़ी सूझबूझ से पति को नशा छोड़ने और परिवार की जिम्मेदारी उठाने हेतु प्रेरित किया। इसके बाद पत्नी ने पुनः साथ रहने की सहमति दी। काउंसलिंग के दौरान एक हृदयस्पर्शी दृश्य भी देखने को मिला।

समूह से जुड़कर उद्यमी बन अर्जित कर रहीं लाखों रुपए

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले के विकासखण्ड वाड्रफनर के ग्राम पंचायत अमरावतीपुर की मनबासों, उन्नति महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ कर न केवल अपने जीवन बदली, बल्कि महिला सशक्तिकरण की मिसाल भी बन गई हैं। कभी आर्थिक तंगी से जुझने वाली मनबासों आज आत्मनिर्भर बनकर लखपति दीदी के रूप में जानी जा रही है। मनबासों की परिवार आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर थी। सीमित संसाधनों में परिवार का भरण-पोषण पूरा करना भी कठिन था। जिससे बेहतर भविष्य की कल्पना भी मुश्किल लगती थी। इस दौरान महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने का फैसला मनबासों के जीवन में बदलाव लेकर आया। इससे उन्हें नियमित आय का साधन मिला। मनबासों को समूह से सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 60 हजार और बैंक से नकद ऋण के रूप में 3 लाख रूपये की राशि प्राप्त हुई।

मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत करने पर जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय एड्स एवं एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में एचआईवीएड्स की रोकथाम तथा गर्भवती महिलाओं को शत-प्रतिशत स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने जिले की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने वार्षिक लक्ष्यानुसार उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए गर्भवती महिलाओं में एचआईवी/सिफिलिस जांच को और अधिक सुदृढ़ करने तथा संदिग्ध टीबी जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ऑनलाइन पोर्टल में शत-प्रतिशत डाटा एंट्री सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। किसी भी प्रकार की जांच किट की कमी होने पर संबंधित ब्लॉक स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारी को तत्काल लिखित मांग पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ ने निर्देशित किया कि शासकीय अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज को सम्मानपूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

बैठक में पोस्ट एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस, एचआईवी एक्ट 2017, दिशा रिपोर्टिंग एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के संबंध में भी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में एचआईवी/एड्स नियंत्रण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना रहा। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समय-सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. गिरीश कुर्रे, जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे, जिले के तीनों विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक | बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की विस्तार से समीक्षा की

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की योजनाओं की समीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में सोमवार को कलेक्टर कुन्दन कुमार ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। बैठक में उन्होंने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही सुशासन का आधार है और प्रत्येक अधिकारी को जवाबदेही के साथ कार्य करना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि यह शासन की एक अत्यंत लाभकारी एवं महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को सौर ऊर्जा से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सीएसपीडीसीएल अंतर्गत योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने जिन जिलों में योजना के क्रियान्वयन में बेहतर प्रदर्शन हुआ है, उनका तुलनात्मक मूल्यांकन कर जिले की प्रगति के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति एवं रैंकिंग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना, टेक होम राशन (टीएचआर) सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और हितग्राहियों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को योजनावार प्रगति पत्रक तैयार करने, उसका नियमित मूल्यांकन करने तथा कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय सहित अन्य विभागों की समीक्षा कर लक्षित प्रगति लाने निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जीएल यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

महिला एवं बाल विकास योजनाओं की रैंकिंग पर चर्चा

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति एवं रैंकिंग की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना, टेक होम राशन (टीएचआर) सहित अन्य योजनाओं की जानकारी लेते हुए हितग्राहियों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही योजनावार प्रगति पत्रक तैयार कर नियमित मूल्यांकन करने पर जोर दिया।

अतिथि शिक्षकों को भी मिले वरीयता, उनके सेवाओं को नजरअंदाज करना अन्यायपूर्ण : हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों में शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक पदों पर की जा रही भर्ती के खिलाफ दायर 200 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई की। जस्टिस एके प्रसाद की सिंगल बेंच ने कहा कि लंबे समय से कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवाओं और अनुभव को पूरी तरह से नजरअंदाज करना अन्यायपूर्ण होगा। हाईकोर्ट ने नेशनल एजुकेशन सोसायटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स द्वारा जारी भर्ती प्रक्रिया में याचिकाकर्ताओं को वीरियता दी जाए। ताकि, उनकी सेवाएं और अनुभव व्यर्थ न हो जाए। दरअसल, एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों में शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए केंद्र सरकार और नेशनल एजुकेशन सोसायटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स ने नए सिरे से प्रक्रिया शुरू की है। इसमें इन स्कूलों में पहले से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को न तो वरीयता दी जा रही है और न ही भर्ती में कोई प्राथमिकता देने का उल्लेख है। ऐसे में इन स्कूलों में कार्यरत शिक्षक को बाहर होने का खतरा है।

योग्यता को दरकिनार करना असंवैधानिक

याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ताओं की प्रथम नियुक्ति उनकी योग्यता जैसे स्नातकोत्तर, बीएड की डिग्री के आधार पर की गई थी। साल 2016 से लेकर 2022 तक विभिन्न जिलों में उनकी नियुक्ति की गई थी। सभी याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति सक्षम अधिकारियों ने की थी, जिसके आधार पर समय-समय पर उनकी सेवाओं में विस्तार किया गया। लेकिन, अब अचानक उन्हें बाहर कर नई भर्ती करना असंवैधानिक है। याचिका में सभी याचिकाकर्ताओं को भर्ती में वरीयता देने की मांग की गई थी।

अनुभव और सेवाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

हाईकोर्ट के जस्टिस एके प्रसाद ने इस मामले की सुनवाई के बाद केंद्रीय भर्ती प्रक्रिया की वैधता को बरकरार रखा है। इसके साथ ही लंबे समय से सेवा दे रहे अतिथि शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें कहा है कि लंबे समय से कार्यरत अतिथि शिक्षकों की पूर्व सेवाओं को नियुक्ति प्रक्रिया में समुचित महत्व दिया जाए और उनके अनुभव के लिए वरीयता दी जाए। साथ ही उनकी नियुक्ति पर विचार किया जाए।

शिक्षकों ने भर्ती प्रक्रिया को चुनौती देने लगाई याचिका

आवासीय विद्यालयों में कार्यरत 200 से अधिक शिक्षकों ने एडवोकेट मतीन सिद्दिकी के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें केंद्र सरकार और नेशनल एजुकेशन सोसायटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स द्वारा आयोजित की जा रही भर्ती प्रक्रिया को चुनौती दी गई। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता शिक्षक प्रदेश के दूरस्थ एकलव्य आवासीय स्कूलों में छह साल से अधिक समय से कार्यरत है, जो निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में याचिकाकर्ताओं के अनुभव और सेवा को दरकिनार करना अवैधानिक होगा।

न्यूज गैलरी

तुषार और अंकुर को महामंत्री की जिम्मेदारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला ग्रामीण संगठन ने आज युवा मोर्चा के जिला इकाई एवं मण्डल अध्यक्षों व महामंत्रियों की विधिवत घोषणा की है भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण के अनुमोदन पश्चात युवामोर्चा जिलाध्यक्ष ने जिला पदाधिकारियों,कार्यसमिति सदस्यों व विभिन्न मण्डलों के अध्यक्ष व महामंत्री पद के नामों की सूची जारी कर दी जिसमे मस्तूरी विधानसभा अंतर्गत जयरामनगर मण्डल से तुषार चंद्राकर एवं बेलतरा विधानसभा के दक्षिण मण्ड़ल से अंकुर सिंह को महामन्त्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है युवामोर्चा के इस जम्बो टीम में 51 पदाधिकारी,23 कार्यसमिति सदस्य सहित 8 विशेष आमंत्रित सदस्यों के नाम शामिल किए गए हैं। इसी तरह से ग्रामीण जिला के चौदह मण्डल के अध्यक्ष व महामंत्री के नाम की घोषणा की है संगठन में युवामोर्चा को भाजपा मुख्य संगठन की रीढ़ के रूप में देखा जाता है यही कारण है कि इसकी घोषणा को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्सुकता थी युवामोर्चा जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों कार्यसमिति सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए टीम भावना के साथ काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि युवामोर्चा के माध्यम से जिला में एक मजबूत संगठन का निर्माण करना हमारी प्राथमिकता होगी जिससे पार्टी के विचारधाराओं व शाख में विस्तार हो सके। जिले के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में काम करना हमारी प्रतिबद्धता है।

बृजेश भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला बिलासपुर ग्रामीण (छत्तीसगढ़) में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से सक्रिय युवा नेता बृजेश शर्मा को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। शर्मा लंबे समय से क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला की टीम के साथ जुड़े रहे हैं और जमीनी स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। बूथ प्रबंधन, युवा संपर्क और सामाजिक अभियानों में उनकी सक्रिय भागीदारी को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय एवं भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया के मार्गदर्शन में की गई। वहीं जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल तथा भाजयुमो जिला अध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी की अनुशंसा पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

शराब कोचिया गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्णिमा वर्मा पति चैत राम वर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बिरकोना थाना कोनी को पकड़ा गया जिसके कोठा के भूसा के बोरी के नीचे एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला हरा भूरा पत्ती बंडल मिला जिसकी जांच करने पर मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया, जिसको तौल करने पर कुल वजन 1किलो 256 ग्राम होना मिला आरोपिया से बरामद गांजा व 1 नग मोबाइल को जप्त कर पुलिस कब्जा में लिया गया। आरोपी पूर्णिमा वर्मा का कृत्य धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने पर विधिवत कार्यावाही कर गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय के समक्ष रिमांड में पेश कर रिमांड में जेल भेजा गया।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए कार्रवाई निर्देश

राजस्व रिकार्ड, निस्तारी रास्ता व किसान सम्मान निधि दिलाने संबंधी मिले आवेदन

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विषयों को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवेदन दिया। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने लोगों की समस्याओं को सुना। लोगों ने कलेक्टर से मिलकर व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

जनदर्शन में आज बोदरी तहसील के ग्राम बोडसरा के छात्र दीपेश कुमार ने राजस्व रिकॉर्ड में हुई त्रुटि को लेकर कलेक्टर से सुधार की मांग की है। आवेदक का कहना है कि पुराने मिसल रिकॉर्ड में नाम की गलती के कारण उसका जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, जिससे उसकी आगे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। त्रुटि के कारण राजस्व रिकॉर्ड से जुड़े आवश्यक दस्तावेज नहीं बन पा रहे हैं, जिससे उसे शैक्षणिक और अन्य सरकारी प्रक्रियाओं में परेशानी हो रही है।

सीसी रोड, नाली व पाइप लाइन की मांग

शहर के वार्ड क्रमांक 36 बसंत भाई पटेल नगर के वासियों ने वार्ड में सीसी रोड, नाली, बिजली पोल एवं पानी पाईप लाईन लगाने की मांग की है। वार्ड वासियों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि कच्चे सड़क की वजह से पानी भराव एवं गदंगी की स्थिति निर्मित हो जाती है। जिससे स्कूली बच्चों सहित आमजनों को भी काफी परेशानियां होती है। कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को इस पर आवश्यक कार्यवाही करने कहा। सकरी तहसील के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कोपरा में तालाब निर्माण के लिए प्रस्तावित जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

आर्थिक सहायता की मांग

जनदर्शन में राजस्व अभिलेखों में नाम सुधार, पुराने मिसल अभिलेख में त्रुटि संशोधन तथा जाति प्रमाण पत्र जारी करने से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। कुछ आवेदकों ने आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने, किसान सम्मान निधि नहीं मिलने तथा बैंक एवं वित्तीय संस्था से संबंधित बकाया भुगतान की समस्याएं भी रखीं।

तालाब की जमीन पर खेती की शिकायत

ग्रामीणों की शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत क्षेत्र में तालाब निर्माण के लिए खसरा नंबर 81 और 82 की जमीन ग्राम सभा से स्वीकृत है। कुछ लोगों ने इस प्रस्तावित जमीन पर खेत बनाना शुरू कर दिया है और ट्रैक्टर से लगातार जुताई का काम जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले सरपंच द्वारा इस कार्य को रुकवाया गया था, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से उसी जमीन पर खेती शुरू कर दी गई। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि संबंधित लोगों द्वारा किए जा रहे कब्जे और खेती के कार्य को तुरंत रोका जाए।

आवास ऋण से जुड़ी शिकायतें

जनदर्शन में दुकान का जप्त सामान या राशि वापस दिलाने एवं आवास ऋण से जुड़ी शिकायतें भी प्राप्त हुई। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को जांच कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा गया।

मंत्री तोखन बिजनी में रायशुमारी कार्यक्रम में हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने असम के चिरांग जिले के बिजनी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित रायशुमारी कार्यक्रम में भाग लिया तथा संगठनात्मक प्रक्रिया को संपन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान श्री साहू ने कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय पदाधिकारियों के साथ संवाद कर क्षेत्र की राजनीतिक एवं संगठनात्मक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री साहू ने कहा कि संगठन की मजबूती ही जनसेवा की प्रभावशीलता का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता, अनुशासन एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि विकास और सुशासन के उद्देश्यों को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुँचाया जा सके।

पंडित फिरतु महाराज की स्मृति में शास्त्रीय नृत्य संगीत समारोह 21 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की समृद्ध परंपरा को समर्पित दो दिवसीय भव्य शास्त्रीय नृत्य व संगीत समारोह का आयोजन 21 और 22 फरवरी को देवकीनंदन दीक्षित सभागार में किया जाएगा। संस्कृति विभाग के सहयोग से कला विकास केंद्र द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से होगा। यह आयोजन रायगढ़ घराने के स्तंभ एवं प्रख्यात नृत्याचार्य पंडित फ़िरतु महाराज जी की पावन स्मृति में समर्पित है। समारोह का उद्देश्य रायगढ़ घराने की

कला को सुदृढ़ बनाया

उल्लेखनीय है कि पंडित फिरतु महाराज ने अपने जीवन को कला-साधना को समर्पित करते हुए रायगढ़ घराने की विशिष्ट शैली को सुदृढ़ एवं समृद्ध बनाया। उनके संरक्षण और मार्गदर्शन में अनेक शिष्यों ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की।

शिक्षक, एक तत्व है जिसे धारण करना होता है : प्रो. चक्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए।। ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर के द्वारा केपेसिटी बिल्डिग इन इंडियन नॉलेज सिस्टम फॉर इंटीग्रेशन इन टू दि करिकूलम विषय पर 16 से 22 फरवरी 2026 तक 6 दिवसीय उन्मीखीकरण एवं बेसिक ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 16 फरवरी को रजत्त जयंती सभागार के हॉल क्रमांक 1 में उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि शिक्षक एक तत्व है जिसे हमें धारण करना होता है, शिक्षक तत्व एक जिम्मेदारी है जिसे हमें पूर्ण निष्ठा के साथ निभाना होता है। शिक्षक को स्वयं को समय के अनुरूप हो रहे अकादमिक और तकनीकी बदलावों के साथ जोड़कर समीक्षा करते रहना चाहिए। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारत की गौरवशाली और वैभवशाली ज्ञान परंपरा को समाहित किया गया है जिसे माध्यम से ऐसे युवाओं का निर्माण करना है जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाये। उन्होंने उम्मीद जताई कि कार्यशाला में आगामी छह दिनों में आदर्श पाठ्यक्रम का निर्माण होगा। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी एवं बाबा गुरु घासीदास जी के चित्र पर पुष्पअर्पित किये। तत्पश्चात नन्हें पौधे से मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया। एमएमटीसी के निदेशक प्रो. आलोक कुमार सिंह कुशवाहा ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अश्विनी कुमार दीक्षित, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. अमित कुमार सक्सेना एवं दूरस्थ शिक्षा केन्द्र के निदेशक प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन एमएमटीटीसी के सहायक निदेशक डॉ. राघवेंद्र सिंह ठाकुर ने तथा संचालन एमएमटीटीसी की तकनीकी अधिकारी प्रीति शुक्ला ने किया।

सीयू में वैज्ञानिक सम्मेलन व हैंड्स ऑन ट्रेनिंग

बिलासपुर। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए।। ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय भौतिकीय विद्यापीठ के अंतर्गत रसायन शास्त्र विभाग द्वारा 'फार्मास्यूटिकल, पर्यावरणीय एवं औद्योगिक अनुप्रयोगों में गेटलदृऑर्गेनिक फ्रेमवर्क्स' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन सह हँड्स-ऑन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। यह आयोजन रॉयल सोसायटी ऑफ केमिस्ट्री के सहयोग तथा विश्वविद्यालय के कौशल विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विभागीय सभागार में आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने शोध उत्कृष्टता, अंत:विषय सहयोग, कौशल विकास और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं से जुड़ाव की सराहना की।

खमरिया-सोंठी-नवापारा मार्ग स्वीकृति को मिली गति

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला बिलासपुर के बहुप्रतीक्षित खमरिया-सोंठी-नवापारा मार्ग (लंबाई 12.00 कि.मी.) के उन्नयन कार्य को लेकर सकारात्मक प्रगति हुई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल 25.37 करोड़ के इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना का विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, नया रायपुर को प्रेषित कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग के ईई सीएस विंध्यराज ने बताया कि मंत्रालय स्तर पर आवश्यक तकनीकी सुधार एवं औपचारिकताओं की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में उप अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी को मंत्रालय स्तर पर बुला कर आवश्यक संशोधन कराए गए, जिसके बाद प्रकरण अब प्रशासकीय स्वीकृति जारी होने के अंतिम चरण में पहुंच गया है। इस मार्ग के निर्माण/उन्नयन से क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों एवं दैनिक आवागमन करने वाले नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। सड़क की स्थिति बेहतर होने से परिवहन सुगम होगा, कृषि उपज के परिवहन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

सेको काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ का कराते बेल्ट का परिणाम घोषित

बिलासपुर/नवप्रदेश। विगत दिसंबर माह में एक दिवसीय कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन कराते संघ बेमेतरा द्वारा स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम कंतेली में बेमेतरा एवं बिलासपुर जिला के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न किया गया था, जिसका परिणाम 15 फरवरी को साइंस कॉलेज मैदान में सेको काई शीतो रियो कराते बिलासपुर के द्वारा घोषित कर परीक्षार्थियों को येलो, ऑरेंज, ग्रीन, ब्लू, ब्राउन कलर बेल्ट एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। उक्त आयोजन कराते डू एसोसिएशन के सचिव हरिशंकर साहू एवं सेको काई कराते स्कूल के संचालक सेन्साई राजेश सारथी एवं टीम के परस्पर सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। उपरोक्त आयोजन कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन एवं सेको काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ के तत्वधान में किया गया, जिसमें दोनों जिलों के संयुक्त आयोजन में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लेकर परीक्षा में अपना कौशल आत्मविश्वास प्रतिभा प्रदर्शित किया था। परीक्षा के मुख्य पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं सेको काई कराते छत्तीसगढ़ के प्रमुख प्रशिक्षक व पर्यवेक्षक रेन्शी बी. ब्रह्मा नायडू एवं सहयोगी पर्यवेक्षक सीनियर कराते कोच सेन्साई देवराज धनकर एवं सेन्साई जयंत नायडू थे, जिसका परिणाम आज घोषित किया गया जिसमें बिलासपुर जिले के सभी सीनियर खिलाड़ी व कोच रिया साहू, देवश्री बघेल, आरती साहू, सपना श्रीवास, उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे निम्न परीक्षार्थियों ने कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में भाग लेकर कलर बेल्ट प्राप्त करने में सफलता हासिल करने वाले मोहम्मद यामीन मारूफ, स्मृति कश्यप, अंकुर कौशिक, शानवी केशरवानी, नवल नंदी, अर्पित भल्ला, ईशाना गर्ग, हृदान मैत्रा, हृयान शांतिकारी, तुषार यादव, अदवित् शुक्ला, धीरज साहू, मोहम्मद रुशन, सान्वी अग्रवाल, अनुष्का दत्ता चौधरी, निरंजना एस पिल्लई, जाफ़र अली, आरना साहू, ग्रंथ वशिष्ठ, आदि पांडेय,अस्मित धकं, श्रेयांश खंडेलवाल, निवा कंवर, आर्यव साव, सौम्या साहू, प्रखर भट्ट, अश्विका उद्देश्य, मोहम्मद अयाज खान, ज़ीनत खान, लक्ष्य पटेल उपस्थित थे।

आयोजन : डॉ सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में वार्षिक उत्सव की धूम, रेखा देवार को प्रदान किया गया शारदा चौबे लोक कला सम्मान

रमन लोक कला महोत्सव अब वैश्विक स्तर का होगा : संतोष चौबे

बिलासपुर/नवप्रदेश। रमन लोक कला महोत्सव 2026 के चौथे दिन विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित व उत्सव ने पूरे वातावरण को उत्साह, उमंग और रंगों से भर दिया। सुबह से ही छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक परिधानों से सजे विद्यार्थियों ने मंच संभालते ही दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रमों की शुरुआत देशभक्ति गीतों और समूह नृत्य से हुई, जिसने उपस्थित जनसमूह में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि ब्रह्म लोक कला की कल्पना छत्तीसगढ़ से प्रारंभ की गई थी आज यह महोत्सव राष्ट्रीय स्तर तक है आने वाले वर्ष में यह महोत्सव वैश्विक स्तर का होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बहुत ही सराहनी है भाभी युवा पीढ़ी को लोग कला संस्कृति भाषा से जुड़ाव होना जरूरी है। इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने कहा कि कहा कि डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय शिक्षा, संस्कृत, भाषा, तकनीक, सहित विभिन्न क्षेत्र में काम करने वाला एकमात्र विश्वविद्यालय है ।जिसके पास इस तरह की समग्रता है।

पद्म संवाद में पद्म सम्मानित विभूतियों ने साझा किए संघर्ष

महोत्सव के समानांतर सत्र में पद्म संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की पद्म सम्मानित विभूतियों ने अपने जीवन अनुभव और संघर्षों को साझा किया। छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण में विशिष्ट योगदान के लिए पद्मश्री से अलंकृत रामलाल बैरेट ने कहा कि उन्हें जो भी उपलब्धि मिली है, वह गुरु कृपा का परिणाम है। उन्होंने महाराजा चक्रधर से कथक सीखने की अपनी यात्रा को याद करते हुए कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती—वे पाँच वर्ष की आयु से सीख रहे हैं और आज भी सिखा रहे हैं। आदिवासी लोक कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व प्रचार-प्रसार के लिए पद्मश्री से सम्मानित अजय मांडवी ने स्वयं को एक साधारण कलाकार बताते हुए कहा कि शांति और धैर्य ही सफलता की दिशा तय करते हैं। वे पिछले 16 वर्षों से जेलों में कार्य कर मुख्यधारा में लौटने वाले नक्सल प्रभावित लोगों को कला के माध्यम से नई राह दिखा रहे हैं। उनका मानना है कि सकारात्मक कार्य कई गुना होकर समाज में लौटता है। बिरहोर और पहाड़ी कोरबा जनजातियों के उत्थान के लिए समर्पित जागेश्वर यादव ने बताया कि निरंतर प्रयासों से आज बड़ी संख्या में परिवारों को स्थायी आवास मिल सका है। उन्होंने कहा कि अभी भी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में लंबा रास्ता तय करना है, पर जब तक जीवन है, वे सेवा करते रहेंगे।

सिनेमा और समाज के रिश्ते पर मंथन

वैचारिक सत्र में 'छत्तीसगढ़ी फिल्मों का संसार' विषय पर फिल्म जगत से जुड़े विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। वरिष्ठ फिल्म निर्माता एवं निर्देशक तथा छत्तीसगढ़ी सिने एवं टीवी प्रोग्राम निर्माता संघ के अध्यक्ष संतोष जैन ने कहा कि फिल्म और साहित्य समाज को समझने का सशक्त माध्यम हैं। फिल्म निर्माता एवं निर्देशक मनोज वर्मा ने कहा कि सिनेमा और समाज एक-दूसरे के दर्पण हैं—कहानियाँ समाज से निकलती हैं और फिर उसी तक लौटती हैं। निर्देशक ज्ञानेश तिवारी ने वर्तमान दौर में बदलती विषयवस्तु पर चर्चा करते हुए कहा कि आज प्रेम प्रधान फिल्मों की संख्या बढ़ी है और क्या स्वीकार करना है, यह समाज की इच्छा पर निर्भर करता है।

भारत एआई को अमेरिका से 33 प्रतिशत ज्यादा डेटा दे रहा : अमिताभ कांत

नई दिल्ली। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान पूर्व जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि बड़ी टेक कंपनियां ग्लोबल साउथ देशों के डेटा का उपयोग अपने लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) को ट्रेन करने में कर रही हैं। उन्होंने जोर दिया कि भारत और अन्य विकासशील देशों को एआई से समान लाभ पाने के लिए अपने स्वयं के डेटा पर आधारित मॉडल विकसित करने चाहिए।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एक पैनल चर्चा के दौरान कांत ने बताया कि एलएलएम के प्रशिक्षण में ग्लोबल साउथ के डेटा की महत्वपूर्ण भूमिका है और भारत अकेले अमेरिका से भी लगभग 33 प्रतिशत अधिक डेटा उपलब्ध कराता है। उन्होंने चेतावनी दी कि वैश्विक टेक कंपनियां इस डेटा के आधार पर अपने व्यावसायिक उत्पाद तैयार कर सकती हैं और बाद में उन्हें ऊंची कीमत पर बाजार में बेच सकती हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि भारत की जनसांख्यिकीय ताकत और तकनीकी महत्वाकांक्षा उसे वैश्विक एआई दौड़ में विशिष्ट स्थान देती है। उन्होंने कहा कि देश की युवा आबादी और एआई के प्रति बढ़ती रुचि इस तकनीक की परिवर्तनकारी क्षमता को दर्शाती है।

एआई इम्पैक्ट समिट में नहीं शामिल होंगे बिल गेट्स

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स शामिल नहीं होंगे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, गेट्स अब इस समिट में हिस्सा नहीं लेंगे, जबकि पहले उन्हें कार्यक्रम की आधिकारिक वेबसाइट पर वक्ताओं की सूची में शामिल किया गया था। राष्ट्रीय राजधानी में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित हो रहे इस समिट की वेबसाइट पर मंगलवार को उनके नाम का उल्लेख नहीं दिखा। सूत्रों ने बताया कि गेट्स के कार्यक्रम में शामिल न होने का निर्णय हाल ही में जारी कुछ दस्तावेजों के संदर्भ में लिया गया है, जो दिवंगत यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामलों से संबंधित हैं।

स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का बढ़ता उपयोग

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को स्वास्थ्य क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि एआई डॉक्टरों का विकल्प नहीं है, बल्कि उनके नियमित कार्यों का बोझ कम करने में सहायक तकनीक है।

पत्रकारों से बातचीत में पटेल ने कहा कि एआई चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में मदद कर सकता है, लेकिन अंतिम निर्णय और उपचार की जिम्मेदारी डॉक्टरों की ही रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई का उद्देश्य डॉक्टरों को प्रतिस्थापित करना नहीं, बल्कि उन्हें समर्थन देना है ताकि वे अधिक जटिल और गंभीर मामलों पर बेहतर ध्यान दे सकें। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई साक्षरता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

न्यूज गैलरी

पार्थ पवार को मिली बड़ी राहत जांच समिति ने दी क्लीन चिट

मुंबई। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) विकास खरगे की अध्यक्षता वाली जांच समिति ने पाया कि जमीन सौदे में पार्थ पवार की सीधी अनियमितता साबित नहीं होती, हालांकि सौदे की प्रक्रिया में शामिल दो अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इस रिपोर्ट में हवेली के तहसीलदार सूर्यकांत येवले और असिस्टेंट रजिस्ट्रार रविंद्र तारू के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई है। दोनों अधिकारियों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है और वे फिलहाल जेल में हैं। यह जमीन पुणे के मुंढवा इलाके में स्थित है, जिसे अजित पवार और सुनेत्रा पवार के बेटे पार्थ पवार की 'अमेडिया' कंपनी ने खरीदा था। आरोप था कि करीब 1800 करोड़ रुपए बाजार मूल्य वाली जमीन मात्र 300 करोड़ रुपए में खरीदी गई और 21 करोड़ रुपए की स्टांप ड्यूटी भी माफ कर दी गई। मामला सामने आने के बाद राज्य की राजनीति में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। विवाद बढ़ने पर तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने इस सौदे को रद्द करने की घोषणा की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विस्तृत जांच के आदेश दिए थे। अब जांच रिपोर्ट राजस्व मंत्री को सौंप दी गई है और जल्द ही इसे मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। लगभग 1800 करोड़ रुपए मूल्य की महार वतन जमीन को 300 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के आरोपों की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट सोमवार को राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को सौंप दी। रिपोर्ट सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में नई बहस छिड़ गई है। जहां पार्थ पवार को मिली राहत को उनके समर्थक बड़ी जीत मान रहे हैं, वहीं विपक्ष का कहना है कि मामले में कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं। आने वाले दिनों में सरकार की कार्रवाई और रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी।

अमेरिका-ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत का दूसरा दौर शुरू

जिनेवा(वार्ता)। अमेरिका और ईरान के बीच बहुप्रतीक्षित अप्रत्यक्ष वार्ता का दूसरा दौर मंगलवार को जिनेवा में शुरू हुआ। यह बैठक ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित है। ईरान का प्रस्ताव है कि अगर अमेरिका ईरान पर लगे सभी प्रतिबंध हटाने और उसकी स्थिर संपत्तियों के इस्तेमाल को मंजूरी देता है, तो वह अपने संवर्धित यूरेनियम की गुणवत्ता कम करने के लिए तैयार है।

ऑस्ट्रेलिया के एंड्रयू चार्लटन भारत में एआई इम्पैक्ट समिट में होंगे शामिल

कैनबरा(वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के सहायक मंत्री (विज्ञान, प्रौद्योगिकी और डिजिटल अर्थव्यवस्था) डॉ. एंड्रयू चार्लटन भारत में आयोजित हो रहे एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे, जहां वह सुरक्षित, समावेशी और सतत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया की नेतृत्वकारी भूमिका को रेखांकित करेंगे तथा निवेश, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और एआई-प्रेरित विश्व में श्रमिकों की अहम भूमिका को आगे बढ़ाने पर जोर देंगे। सहायक मंत्री समिट के दौरान राष्ट्रीय हित में और ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के लाभ के लिए एआई के उपयोग के प्रति ऑस्ट्रेलिया की प्रतिबद्धता को उजागर करेंगे।

दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में एक माह तक प्रदर्शन पर रोक

नई दिल्ली(वार्ता)। दिल्ली विश्वविद्यालय ने परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में विश्वविद्यालय परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है जो आज से प्रभावी हो गया है तथा एक महीने तक लागू रहेगा।

स्टेलर रूबी, अस्फाल्ट स्टार और अल जफजिआ ने पहचान बदलकर कानून से बचने का प्रयास किया

भारत ने ईरान से जुड़े 3 तेल टैंकर जब्त किए, अमेरिका ने लगाया था प्रतिबंध

नई दिल्ली (ए.)। भारत ने इस महीने तीन अमेरिकी प्रतिबंधित तेल टैंकर जब्त किए, जो ईरान से जुड़े थे। इस कदम का उद्देश्य अपनी समुद्री सीमा में अवैध तेल व्यापार और जहाजों के बीच छिपे हुए ट्रांसफर को रोकना है, जिससे तेल की वास्तविक उत्पत्ति का पता नहीं चलत। सूत्रों के अनुसार इन तीन टैंकरों (स्टेलर रूबी, अस्फाल्ट स्टार और अल जफजिआ) ने अक्सर अपनी पहचान बदलकर कानून से बचने की कोशिश की। इन टैंकरों के मालिक विदेशों में स्थित हैं। जबकि ईरान की राष्ट्रीय तेल कंपनी ने बताया कि इन तीन टैंकरों का उनके साथ कोई संबंध नहीं था।

अंतरराष्ट्रीय नियमों के पालन और सुरक्षा: भारतीय तटरक्षक की यह कार्रवाई डिजिटल निगरानी और विस्तारित समुद्री उपस्थिति के माध्यम से की गई। इस ऑपरेशन ने भारत को समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने और अंतरराष्ट्रीय नियमों के पालन में एक प्रभावशाली भूमिका निभाने वाला देश साबित किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कार्रवाई न केवल अवैध तेल तस्करी रोकने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि भारत-यूएस सहयोग और समुद्री क्षेत्र में कड़ी निगरानी के संदेश को भी स्पष्ट करती है।

भारतीय तटरक्षक की सक्रिय निगरानी

भारतीय तटरक्षक ने अपने समुद्री क्षेत्रों में चौबीसों घंटे निगरानी के लिए लगभग 55 जहाज और 10-12 विमान तैनात किए हैं। पिछले महीने ही एक अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह को भी तटरक्षक ने पकड़ा था। सूत्रों के अनुसार, ये टैंकर बड़े पैमाने पर सस्ते तेल और तेल आधारित माल को मध्य समुद्र में अन्य जहाजों में ट्रांसफर कर तस्करी करते थे। बताया गया है कि ये जहाज पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपना नाम, झंडा और अन्य पहचान बदल रहे थे। भारत की तटरक्षक टीम ने इलेक्ट्रॉनिक डेटा, दस्तावेजों की जांच और क्रू से पूछताछ कर अपराधियों के काम करने का तरीका उजागर किया।

अमेरिका ने पहले ही इन जहाजों पर लगाए थे प्रतिबंध

अमेरिका के ट्रेजरी विभाग के ऑफिस ऑफफोरेन असेस्ट्स कंट्रोल (ह्रस्नष्ट) ने पिछले साल ग्लोबल पीस, चिल 1 और ग्लोरी स्टार 1 नाम के जहाजों पर बैन लगाया था। उनके द्बरूह्र नंबर मुंबई में जब्त जहाजों से मेल खाते हैं। इस कारण इन जहाजों के प्रतिबंधों का उल्लंघन कर तेल व्यापार में शामिल होने की आशंका है।

देश के नेताओं के भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी नसीहत

नई दिल्ली। देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस जयमाल्य बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है।

कोर्ट ने दी नई याचिका दाखिल करने की सलाह

हालांकि, बेंच कपिल सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। उन्होंने कहा कि इसे वापस लें। एक दूसरी याचिका दायर करें जिसमें यह बताया जाए कि राजनीतिक दल कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह एक निष्पक्ष याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री बनने वाला था, राहुल के फोन से पलट गई बाजी', हिमंता सरमा ने बताई कांग्रेस छोड़ने की वजह

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि साल 2014 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उन्हें खुद असम का मुख्यमंत्री बनने के लिए शपथ की तारीख तय करने को कहा था। सीएम सरमा ने बताया कि उस समय कांग्रेस के 58 विधायकों का समर्थन उनके साथ था और वे मुख्यमंत्री बनने की स्थिति में थे। साल 2011 विधानसभा चुनाव के बाद असम कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान शुरू हो गई थी। पार्टी के कई विधायक चाहते थे कि उस समय के मुख्यमंत्री तरुण गोगोई की जगह हिमंत सरमा को सीएम बनाया जाए। हिमंत बिस्व सरमा के अनुसार, सोनिया गांधी ने उनसे कहा था कि वे शपथ लेने की तारीख तय कर लें। उन्होंने सोचा था कि वे कामाख्या मंदिर के अंबुबाची मेले के बाद जून 2014 में शपथ लेंगे। हिमंत बिस्व सरमा ने आगे बताया कि उस समय राहुल गांधी अमेरिका में थे और उन्होंने वहां से कांग्रेस नेताओं को फोन किए। इसके बाद पूरा माहौल बदल गया और उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। इस घटना से आहत होकर हिमंत बिस्व सरमा ने 2015 में कांग्रेस छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने भाजपा को असम में पहली बार सत्ता दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद साल 2021 में वे असम के मुख्यमंत्री बने।

दिल्ली हादसा : रील ने ली साहिल की जान

नाबालिग दौड़ा रहा था कार', मां के बाद साहिल के दोस्त ने खोला बड़ा राज

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में एक भीषण सड़क दुर्घटना ने 23 वर्षीय साहिल धनेश्रा की जान ले ली। हादसा दिल्ली के द्वारका साउथ थाना इलाके में 3 फरवरी को हुआ। लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के पास हुई इस दुर्घटना में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को टक्कर मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक टैक्सी चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, द्वारका साउथ पुलिस स्टेशन को सुबह 11:57 बजे इस हादसे की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने पहले साहिल की बाइक को जोरदार टक्कर मारी, जिसके बाद स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़ी एक टैक्सी से जा टकराई। इस भयावह टक्कर में साहिल धनेश्रा ने दम तोड़ दिया, जबकि टैक्सी चालक को गंभीर चोटें आईं। जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि स्कॉर्पियो कार का चालक एक 17 वर्षीय नाबालिग था, जिसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, हालांकि उसे बोर्ड परीक्षा के लिए अंतरिम जमानत मिल गई है। इस घटना ने नाबालिगों द्वारा खतरनाक तरीके से वाहन चलाने और यातायात नियमों की अनदेखी के गंभीर मुद्दे को उजागर किया है। साहिल की मां, इन्ना माकन, इस हादसे से गहरे सदमे में हैं और अपने बेटे के लिए न्याय की मांग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जिस स्कॉर्पियो ने उनके बेटे को कुचला, उस पर पहले से ही ओवर-स्पीडिंग के 13 चालान थे।

टूट गए फैक्ट्रियों के शीशे, एक-एक कर 25 ड्रमों में भयंकर धमाके

100 मीटर तक वाहनों में लगी आग

फरीदाबाद। फरीदाबाद के सेक्टर-24 मुजेसर स्थित एक निजी केमिकल कंपनी में सोमवार शाम करीब सवा चार बजे हुए सिलसिलेवार विस्फोट ने पूरे औद्योगिक क्षेत्र को दहला दिया। कंपनी में सीएनसी मशीन से मेटल शीट कटिंग का काम भी होता है। सोमवार को फैक्ट्री में काम चल रहा था और कर्मचारी रोजमर्रा की तरह ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान परिसर में रखा एक केमिकल ड्रम अचानक फट गया और उसके बाद एक-एक कर करीब 20 से 25 ड्रमों में विस्फोट होने लगे। तेज धमाकों और उठती लपटों से अफरा-तफरी मच गई और काम कर रहे कर्मचारी आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। धमाकों की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। करीब बीस से ज्यादा एम्बुलेंस घटनास्थल पर लगाई गईं और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। एम्बुलेंस चालक रवि ने बताया कि हालात बेहद भयावह थे और कई लोग गंभीर रूप से झुलसे हुए थे। बचाव अभियान के दौरान पुलिस कर्मचारी और दमकल विभाग के जवान भी आग की चपेट में आकर घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए मुख्य रूप से बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रेड जोन बनाकर उनका उपचार किया गया। डॉक्टरों की टीम लगातार गंभीर मरीजों की निगरानी कर रही है और कई घायलों को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पतालों में भी रेफर किया गया है। अस्पताल प्रशासन ने संक्रमण और सुरक्षा कारणों से परिजनों के प्रवेश पर फिलहाल रोक लगा दी है।

सिपाही अजनेश भी झुलसे, फिर भी बचाई जानें

हादसे में सिपाही अजनेश गंभीर रूप से झुलस गए, लेकिन घायल अवस्था में भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और सरकारी वाहन चलाकर पांच घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दो अन्य दमकल कर्मी भी आग की चपेट में आ गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर दमकल टीम समय पर न पहुंचती तो नुकसान और भी बड़ा हो सकता था। आग पर काबू पाने में दमकल विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

एआई के लिए यूपीआई जैसा प्लेटफॉर्म बनाएंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि भारत के एआई और डीप-टेक इकोसिस्टम में वैश्विक निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ रही है। अगले दो वर्षों में देश में 200 अरब डॉलर से अधिक निवेश आने की उम्मीद है। समिट के दौरान वैष्णव ने 'एआई का यूपीआई' बनाने की योजना का भी एलान किया, जिसे उन्होंने एक भरोसेमंद तकनीकी समाधानों के समूह के रूप में बताया। उनके अनुसार यह एक यूपीआई जैसी ओपन प्लेटफॉर्म व्यवस्था होगी, जिस पर डेवलपर्स और कंपनियां विभिन्न एआई समाधान तैयार कर सकेंगी। एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग के समिट में शामिल न होने पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर अपनी अनुपस्थिति को अनिवार्य कारणों से जोड़ा है और अपनी जगह एक वरिष्ठ अधिकारी को भेजा है। उन्होंने कहा कि एनवीडिया भारतीय कंपनियों के साथ एआई क्षेत्र में बड़े निवेश पर काम कर रही है। वैष्णव ने बताया कि एआई स्टैक की पांचों लेयर्स इंफ्रास्ट्रक्चर, कंप्यूट, डेटा, मॉडल और एप्लिकेशन में निवेश की संभावनाएं बन रही हैं।

अमेजन प्राइम ने भारत में सबसे तेज डिलीवरी दी

बेंगलुरु। अमेजन ने घोषणा की कि 2025 प्राइम सदस्यों के लिए अब तक का सबसे तेज़ डिलीवरी वाला साल रहा। इस दौरान 55 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स की डिलीवरी उसी दिन या अगले दिन की गई, जो साल- दर-साल आधार पर 40त्न की बढ़ोतरी है। भारत में प्राइम सदस्यों ने 2025 में औसतन अपनी सालाना प्राइम मेंबरशिप की कीमत से दो गुना से अधिक की बचत की, जिससे यह साफ होता है कि प्राइम देशभर के ग्राहकों को कितना ज्यादा फायदा देता है। प्राइम के टॉप 10त्न सदस्यों ने अपनी मेंबरशिप फीस से आठ गुना से ज्यादा की बचत की। भारत में प्राइम ग्राहकों को द्बड्ड5श्ठ्ठ.द्बठ्ठ पर खरीदारी करते समय फ्री और तेज़ डिलीवरी के साथ-साथ कई रिवॉर्ड्स, एक्सक्लूसिव डील्स, ऑफर्स और कैशबैक के ज़रिए और भी ज़्यादा बचत करने में मदद कर रहा है।

कनाडा को आठ विकेट से हराकर न्यूजीलैंड सुपर-आठ में

चेन्नई। टी20 विश्वकप का 31वां मैच कनाडा और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। यह मुकाबला चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला गया। कनाडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने शानदार बल्लेबाजी की। उसने 20 ओवर के खेल के बाद चार विकेट पर 173 रन बनाए। युवराज समरा ने बेहतरीन शतक जड़ा। वह 65 गेंद पर 110 रन बनाकर आउट हुए। युवराज ने 58 गेंद पर ही शतक पूरा किया और कनाडा को एक अच्छे स्कोर तक ले गए। हालांकि, उनके शतक पर ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र का अर्धशतक भारी पड़ा। दोनों ने नाबाद रहते हुए कीवियों को जीत दिलाई और सुपर-आठ में न्यूजीलैंड की जगह पक्की की। न्यूजीलैंड ने 174 रन का लक्ष्य 15.1 ओवर में दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। कीवी टीम सुपर आठ के लिए क्वालिफाई करने वाली छठी टीम बनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए कनाडा की शुरुआत शानदार रही। युवराज समरा और कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने पहले विकेट के लिए 84 गेंद में 116 रन की साझेदारी की। दिलप्रीत 39 गेंद में चार चौके की मदद से 36 रन बनाकर आउट हुए।

'धुरंधर-2' और 'टॉक्सिक' की टक्कर से बचकर निकले सनी

मुंबई। सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। 'बॉर्डर 2' के बाद सनी देओल के फैंस की नजर उनकी आगामी फिल्मों पर टिकी है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, यह फिल्म 08 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में ह्लद्ब के साथ बातचीत में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है। फिल्म में सनी देओल के साथ सिमरन और प्रीत कमानी अहम रोल में हैं। सनी देओल की 'गबरू' की रिलीज डेट में बदलाव के बाद अब इसका मुकाबला लक्ष्य ललवानी और अनन्या पांडे की फिल्म 'चांद मेरा दिल' से होगा।

सरगुजा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनजातीय समाज का सशक्तिकरण हमारी सरकार की प्राथमिकता : साय

प्राधिकरण के लिए 50 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान को दी गई स्वीकृति, निर्माण कामों की गुणवत्ता पर नजर रखने के निर्देश

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की
- बुनियादी सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं पर दिया जोर

कोरिया /नवप्रदेश। कोरिया जिले में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने सरगुजा और बस्तर के विकास पर अपना मुख्य फोकस रखा है। प्राधिकरण गठन के साथ महत्वपूर्ण कार्यों के माध्यम से पिछड़े क्षेत्र को विकास से जोड़ा जा रहा है। सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक के माध्यम से सरगुजा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनजातीय समाज के सशक्तिकरण और क्षेत्र की समृद्धि के लिए हमारी सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और सभी के सहयोग से सरगुजा क्षेत्र को प्रगति के नए शिखर पर पहुँचाएंगे।

मुख्यमंत्री एवं सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक बैकुंठपुर जिला पंचायत के मंथन सभाकक्ष में संपन्न हुई, जिसमें सरगुजा संभाग के जिलों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नई योजनाओं को मंजूरी दी गई तथा विभिन्न चल रहे कार्यों की गति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्राधिकरण हेतु 50 करोड रुपये के बजट प्रावधान को स्वीकृति प्रदान की गई। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर 543 विकास कार्यों के लिए 4905.58 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 606 कार्यों को भी औपचारिक अनुमोदन दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वीकृत सभी कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए तथा लंबित कार्यों को मार्च माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्राधिकरण की पूर्व बैठक के पालन-प्रतिवेदन के संबंध में बताया गया कि पर्यटन विकास को भी प्रमुखता दी गई है। जशपुर जिले के कुनकुरी स्थित मयाली नेचर कैंप को क्षेत्र का एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बनाने के लिए 40 करोड़ रुपये की कार्ययोजना को स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा 5 फरवरी 2026 को इन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन संपन्न किया जा चुका है, जिसके बाद अब तेजी से कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं।

बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत 12 समूह जल प्रदाय योजनाओं के अनुबंध निरस्त किए गए हैं तथा एक मुख्य अभियंता और आठ कार्यपालन अभियंताओं को निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय जांच आरंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने गर्मी के दिनों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में बताया गया कि जंगली हाथियों के हमलों से प्रभावित लोगों की सहायता के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मकान क्षति की क्षतिपूर्ति राशि को 18 नवंबर 2024 के आदेश के अनुसार बढ़ा दिया गया है, जबकि अन्य मुआवजा मदों की दरों में वृद्धि के लिए विभागीय परीक्षण जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाथी-द्वंद्व प्रभावित परिवारों को त्वरित और पर्याप्त सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को मुआवजा राशि में वृद्धि हेतु आवश्यक प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। प्राधिकरण की बैठक में विद्युतीकरण कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सोनहत विकासखंड के गांवों में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विद्युतीकरण का कार्य तेज गति से जारी है।

अडानी ग्रुप से हर महीने एक करोड़ रुपये की कमाई संभावित, 800 करोड़ का डीपीआर तैयार

'वेस्ट टू वेल्थ' से रायपुर निगम की होगी कमाई

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम ने 'वेस्ट टू वेल्थ' की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शहर के निमोरा स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से ट्रीटेड पानी की बिक्री से निगम को हर महीने करीब एक करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। अडानी ग्रुप की कंपनी ने तिल्दा स्थित अपने संयंत्र के लिए 800 करोड़ रुपये का डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार किया है, जिसके तहत प्रतिदिन 68 लाख लीटर ट्रीटेड पानी की आपूर्ति की योजना है।

महापौर मीनल चौबे ने बताया कि निगम पहले से ही एपीआई इस्पात को निमोरा एसटीपी से प्रतिदिन 5 लाख लीटर ट्रीटेड पानी बेच रहा है, जिससे इस महीने 8 लाख 34 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। निकट भविष्य में अडानी ग्रुप के साथ सौदा पूरा होने पर मासिक आय एक करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। निमोरा एसटीपी की कुल क्षमता 98 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) है, जबकि शहर के तीन प्रमुख एसटीपी-निमोरा, कारा और चंदनीडीह-में कुल 18 नालों का गंदा पानी ट्रीट किया जा रहा है।

कंस्ट्रक्शन साइट्स पर भी ट्रीटेड पानी

स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी योगेश कडू ने बताया कि शहर के बड़े बिल्डर्स की कंस्ट्रक्शन साइट्स पर भी ट्रीटेड पानी टैंकर से उपलब्ध कराने की चर्चा चल रही है, ताकि भूजल दोहन कम हो। भाठागांव एसटीपी का पानी गार्डन सिंचाई और डिवाइडर्स पर लगे पौधों के लिए उपयोग किया जाएगा। यह मॉडल अन्य उद्योगों के साथ विस्तारित किया जाएगा, जिससे न केवल निगम की आय बढ़ेगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जल संकट से निपटने में भी मदद मिलेगी। एनजीटी की चेतावनी के बाद केंद्र की मदद से तीनों एसटीपी में ट्रीटमेंट कार्य तेज किया गया है, जिससे खारुन नदी में गंदा पानी गिरना रुकेगा।

तिल्दा और भिलाई तक ट्रीटेड पानी

अडानी ग्रुप की कंपनी तिल्दा में स्थित है, जो निमोरा से लगभग 48 किमी दूर है। यहां पानी पहुंचाने के लिए सक्शन पाइपलाइन और स्टोरेज सम्पवेल का निर्माण होगा। एपीआई इस्पात ने पहले ही 25 किमी पाइपलाइन बिछाकर जनवरी से पानी लेना शुरू कर दिया है। भिलाई स्थित एनएचपीसीएल इस्पात ने चंदनीडीह प्लांट से पानी लेने के लिए 250 करोड़ रुपये का डीपीआर तैयार किया है, जहां से 48 एमएलडी ट्रीटेड पानी बेचा जाएगा। अडानी ग्रुप को उच्च गुणवत्ता वाला टर्सरी ट्रीटमेंट पानी चाहिए, जिसके लिए मेयर इन काउंसिल ने प्रस्ताव पारित कर दिया है और जल्द काम शुरू होगा।

यह पहल सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देगा : आयुक्त

निगम आयुक्त विश्वदीप ने कहा कि यह पहल सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के साथ जल संरक्षण के राष्ट्रीय लक्ष्यों को भी पूरा करेगी। केंद्रीय जल संसाधन मंत्रालय के निर्देश पर अंडरग्राउंड वाटर के उपयोग को रोकने के लिए उद्योगों को ट्रीटेड पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। सीएसआईडीसी से भी प्रतिदिन 7 लाख लीटर पानी की मांग आई है, जो उरला इंडस्ट्रीज एरिया के छोटे कारखानों की जरूरतें पूरी करेगी।

बुजुर्ग की मौत पर जिला प्रशासन ने दिए एक लाख रुपये

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एसडीएम और अन्य तीन लोगों की पिटाई से मौत के मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। यहां मृतक के बेटे सिलमन लकड़ा को एक लाख रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है।

मृतक के बेटे सिलमन लकड़ा ने बातचीत के दौरान बताया कि कल कुसमी में सड़क पर जब प्रदर्शन किया जा रहा था इस दौरान प्रशासन ने उन्हें सहायता राशि के रूप में एक लाख रुपए नगद दिया है ताकि वह ठीक तरीके से अपने पिता का अंतिम संस्कार कर सके। यही वजह है कि आज वह अपने पिता का शव लेकर गांव जाएंगे और अंतिम संस्कार करेंगे उन्होंने बताया कि उन्हें भरोसा दिलाया गया है की इस पूरे मामले में कोर्ट के माध्यम से उन्हें मुआवजा दिलाया जाएगा।

उनके द्वारा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की जा रही है। रामनरेश लकड़ा अपने खेत से वापस लौट रहे थे इसी दौरान एसडीएम करुण डहरिया ने अपने अन्य तीन साथियों के साथ बेदम मारपीट की थी।

रायपुर पुलिस कमिश्नरेट की सख्ती

बिना अनुमति डीजे संचालन पर कार्रवाई, वाहन जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। डीसीपी सेंट्रल ज़ोन के निर्देश पर थाना गोल बाजार क्षेत्र में बिना वैध अनुमति डीजे संचालन किए जाने पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। कार्रवाई के तहत कोलाहल अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के अनुसार डीजे वाहन व उपकरण जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस जांच में पाया गया कि डीजे संचालक कुणाल बावले, निवासी जिला धमतरी, द्वारा बिना वैध पुलिस अनुमति के डीजे संचालित किया जा रहा था, जिससे सार्वजनिक शांति भंग होने की आशंका उत्पन्न हो रही थी। इसके बाद थाना गोल बाजार पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई करते हुए डीजे वाहन जप्त कर लिया।

पहले ही दी गई थी चेतावनी

उल्लेखनीय है कि पूर्व में डीसीपी सेंट्रल ज़ोन की अध्यक्षता में डीजे, साउंड सिस्टम, धुमाल पार्टी एवं टेंट संचालकों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि बिना अनुमति किसी भी स्थिति में डीजे संचालन नहीं किया जाएगा। साथ ही आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए शोर-शराबे से परहेज करने की अपील भी की गई थी। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा अवधि के दौरान छात्रों के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रेडी-टू-ईट योजना का पहला चरण शुरू

6 जिलों के 42 महिला समूहों को मिली जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में की गई घोषणा के करीब दो वर्ष बाद राज्य सरकार ने रेडी टू ईट (पूरक पोषण आहार) के निर्माण और वितरण का कार्य पायलट प्रोजेक्ट के तहत 42 महिला स्वसहायता समूहों को सौंप दिया है। पहले चरण में यह व्यवस्था प्रदेश के छह जिलों में लागू की गई है।

पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत रायगढ़, बस्तर, दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार-भाटापारा, कोरबा और सूरजपुर जिलों में आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पौष्टिक आहार का निर्माण और वितरण संबंधित महिला समूहों द्वारा किया जाएगा।

महिला सशक्तीकरण की दिशा में पहल

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि इस योजना से महिला समूहों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने दावा किया कि यह पहल महिला सशक्तीकरण के साथ-साथ कुपोषण मुक्ति अभियान को भी मजबूती देगी।

अब तक यह कार्य राज्य बीज विकास निगम के माध्यम से संचालित हो रहा था।

चयन प्रक्रिया में लगा एक वर्ष

महिला एवं बाल विकास विभाग की अध्ययन समिति की सिफारिशों के आधार पर पिछले वर्ष अप्रैल में छह जिलों में महिला स्वसहायता समूहों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। हालांकि चयन प्रक्रिया पूरी होने में लगभग एक वर्ष का समय लग गया। पहले बजट सत्र के दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पूरे प्रदेश में रेडी टू ईट का कार्य महिला समूहों को सौंपने की घोषणा की थी। फिलहाल इसे पायलट आधार पर सीमित जिलों में लागू किया गया है।

हाईकोर्ट में सौम्या की दो जमानत याचिकाएं, शासन से मांगा जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया ने कोयला घोटाले के बाद कथित शराब (आबकारी) घोटाला मामले में हाईकोर्ट में एक साथ दो जमानत याचिकाएं दायर की हैं। मामले की सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और राज्य शासन की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय मांगा गया, जिसे जस्टिस अरविंद वर्मा की एकलपीठ ने अस्वीकार कर दिया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को 20 फरवरी से पहले शपथपत्र के साथ जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि सौम्या चौरसिया को पहले कोयला घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। लंबे समय तक न्यायिक हिरासत में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जमानत मिली थी। इसके बाद ईडी और आर्थिक अपराध शाखा ने आबकारी घोटाला मामले में उन्हें पुनः गिरफ्तार किया। आबकारी प्रकरण में गिरफ्तारी के बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी, जिसे पूर्व में खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

तंजानिया में सोने की खदान के नाम पर 1.90 करोड़ की ठगी

- आरोपी मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। तंजानिया में सोने की खदान में निवेश के नाम पर 1 करोड़ 90 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी यश राजेश शाह (28) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वियतनाम भागने की फिराक में था, जिसे लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) के आधार पर मुंबई एयरपोर्ट पर ट्रेस किया गया।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी समर्थ बरडिया ने 21 जनवरी 2026 को थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी यश शाह ने स्वयं को तंजानिया गणराज्य में सोने की खदान का मालिक बताते हुए उसे और उसके साथी मुकुल चोपड़ा को साझेदारी में निवेश का प्रस्ताव दिया। आरोपी ने खदान दिखाने और भागीदारी अनुबंध तैयार करने के बाद खनन से लाभ कमाने का झांसा देकर कुल 1,90,00,000 रुपये प्राप्त किए।

जांच में पाया गया कि आरोपी को तंजानिया में किसी भी प्रकार का वैध खनन अधिकार प्राप्त नहीं है और न ही अनुबंध में उल्लेखित खदानों के संचालन का अधिकार था। पुलिस के अनुसार आरोपी ने सुनियोजित षड्यंत्र के तहत स्वयं को खनन अधिकार प्राप्त बताकर धोखाधड़ी की।

अभनपुर-कुरुद नई रेल लाइन पर आज होगा हाई-स्पीड ट्रायल

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत नवनिर्मित अभनपुर-कुरुद ब्रॉड गेज लाइन पर ट्रेनों के परिचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। बुधवार 18 फरवरी को इस नवनिर्मित रेल खंड पर कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी दक्षिण पूर्व सर्कल, कोलकाता द्वारा स्पीड ट्रायल (गति परीक्षण) किया जाएगा। ये ट्रायल रन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे के बीच होगा, इसमें अभनपुर रेलवे स्टेशन से कुरुद रेलवे स्टेशन के बीच नई ब्रॉड गेज लाइन पर स्पेशल ट्रेन के माध्यम से ट्रैक की मजबूती और सुरक्षा मानकों की जांच उच्च गति पर की जाएगी।

अब तक 50 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने दिया डिजिटल फीडबैक

स्मार्ट मीटर जागरुकता पखवाड़ा को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन

रायपुर/नवप्रदेश। स्मार्ट मीटर जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत प्रदेशभर में उपभोक्ताओं की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिल रही है। सप्ताहभर में ही 50 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने मोर बिजली ऐप के माध्यम से अपना फीडबैक दर्ज कराया है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि उपभोक्ता स्मार्ट मीटर की सुविधाओं को समझ रहे हैं और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं।

इस अभियान में बस्तर से लेकर सरगुजा तक प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई है। ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटकों, सोशल मीडिया संवाद और डिजिटल माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उपभोक्ताओं की बढ़ती सहभागिता स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली के प्रति विश्वास और तकनीक आधारित पारदर्शी विद्युत सेवाओं की स्वीकार्यता को दर्शाती है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मोर बिजली एप के माध्यम से फीडबैक दर्ज कर रहे हैं। रायपुर शहर से सर्वाधिक फीडबैक प्राप्त हुए हैं। भिलाई सिटी वेस्ट संभाग से सबसे अधिक दो हजार फीडबैक मिले हैं। जोन में बिलासपुर के बसंत विहार तथा सकरी वितरण केंद्र से सबसे अधिक फीडबैक दर्ज किए गए हैं। यह पखवाड़ा 23 फरवरी तक चलेगा।

श्री मिश्रा ने बताया कि स्मार्ट मीटर से विद्युत आपूर्ति की निगरानी एवं प्रबंधन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ी है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं को रियल टाइम विद्युत उपभोग की जानकारी, सटीक एवं पारदर्शी बिलिंग, ओवरलोड की त्वरित पहचान तथा ऊर्जा संरक्षण की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो रही है।

स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत उपभोक्ताओं के फीडबैक भी लिये जा रहे हैं, जिसमें काफी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं आई हैं। डीडीनगर रायपुर की उपभोक्ता श्रीमती सुधा उपाध्याय ने फीडबैक फार्म में बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने के बाद हमारे मोबाइल में मोर बिजली एप के जरिए हर आधे घंटे के अंतराल में हो रही खपत को देख सकते हैं। इससे मुझे अपने घर में यह पता लगा कि किस समय खपत अधिक हो रही है और उसके आधार पर अनावश्यक चल रहे बिजली उपकरणों को बंद करके बिजली बिल घटाया जा सकता है।

श्यामनगर के सोनू चंद्राकर का कहना है कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह निःशुल्क लगाया गया है, इसके लिए किसी तरह का शुल्क नहीं देना होता। बंजारी नगर के श्री गुरुचरण साहू ने बताया कि इसे लगाने से समय पर रीडिंग का पता लग जाता है। समय पर बिजली बिल मिल जाता है। इसे लगाने में फायदा है।

जशपुर के बाघरकोना गांव के रोमानुस एक्का ने अपने फीडबैक में बताया कि इससे प्रतिदिन की बिजली खपत की जानकारी मिल जा रही है, जिससे बिजली की बचत करने का मौका मेरे हाथ में आ गया है। जशपुर के विकास गुप्ता बताते हैं कि उन्हें स्मार्ट मीटर अच्छा लगा। इसे लगाने में कोई परेशानी नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com